# जैन जागृति

Jain Jagruti, Pune

Since 1969

www.jainjagruti.in

• वर्ष ५१ वे • अंक १२ वा • ऑगस्ट २०२०

• वार्षिक वर्गणी रु. ५०० • किंमत रु. ५० • पृष्ठसंख्या १००

• संस्थापक - स्व. कांतीलालजी चोरडिया • संपादक - संजय के. चोरडिया • सौ. सुनंदा चोरडिया



मंदिराची नगरी - श्री. शत्रुंजय तीर्थ, पालिताना (गुजरात)



उपाध्याय श्री. प्रवीणऋषिजी म.सा. - पुणे चातुर्मास



स्व.श्री. चंद्रकांतजी छाजेड सभागृह, खडकी शिक्षण संस्था, पुणे - उद्‌घाटन



जैन समाज गौरव - श्री. अचलजी जैन




श्री. युवराज शहा, पुणे - पुस्तक प्रकाशन



नगरसेवक श्री. प्रवीणजी चोरबेले वाढदिवस - रक्तदान शिबीर


Swayamvar
EXCLUSIVE WEDDING JEWELLERY
neelkanth
JEWELLERS
— A WORLD OF DESIGNS —
432, Narayan Peth, Off Laxmi Road, Near Patrya Maruti Temple, Pune 30.
Tel: 020 67687400 www.neelkanthjewellers.in Valet Parking


ESTEEMED CLIENTS
• Amul
• Cargill
• Godrej
• Birla Carbon
• BARC, Trombay
• Mahindra & Mahindra
• UPL Ltd.
• Alkyl Amines Ltd.
• Consarc USA & UK
RAHUL ENGINEERING COMPANY
ISO 9001: 2015 Certified Company
Manufacturer of Chemical, Pharmaceutical, Petrochemical, Dairy, Food Plant & Equipment, Heat Exchanger, Reactor, Distillation Columns, Evaporator, Tanks, Pressure Vessels
Rahul Chandrakant Chhajed
B.E. Mech, M.S. (U.S.A)
9890087871
rahul@recpune.com
Business Address
Plot No. 6, Gat 627/2/2/6,
Pune-Nasik Highway, Kuruli, Chakan,
Pune 410501. Maharashtra, India
www.recpune.com
Email - rahulengineering@gmail.com
EXPORTS TO USA & UK
Rakhee Rahul Chhajed
Chartered Accountant
9890587871
finance@recpune.com


SANTOSH
Warehousing
आपका भरोसा, हमारी जिम्मेदारी...!
Ideal For Showroom Outlet
Marble/Granites/Tiles
Big Furniture Mall
Textile industry
Building Material
Plywood/Laminate/Veneer Showroom
Cloth Fashion Market
Car/Two wheeler Showroom
शोरूमसाठी रेंटवर जागा शोधताय...?
सुवर्णसंधी
40,000
Square Feet
हांडेवाडी/उरुळी देवाची मेन हायवे टच शोरूम जागा
भव्य मोठा फ्रंटेज 110 फुट
L शेप दोन मोठे रस्ते, चारी बाजूंनी कम्पाउंड
भव्य मेन गेट, प्रशस्त पार्किंग
आतील 30 फुट प्रायव्हेट रस्ता
चार एक्स्ट्रा साईड गेटस
SANTOSH STEELS
40 year's Goodwill
Opp. Vijay Vallabh School, Timber Market, Pune 42, 9422032505


Live the location
VISION ONE
PHASE-II
OFFICE TOWERS
TATHAWADE, WAKAD
BEST DEVELOPING AREA
MUMBAI-PUNE HIGHWAY
VICINITY APPROX
40K STUDENTS & 3K FLATS
SPECIAL OFFER FOR
ON SPOT BOOKING
SPECIFICATIONS
Attractive Elevation - Clean Glass Facade with Alcobond Cladding | Ample Parking Space | Designer Lobby | 2 High Speed Stretcher Lifts
Generator Backup for Common Areas | Vitrified Tiles in Office | Concealed Electrical Services with Modular Switches
SITE ADDRESS: SR. NO. 56/4, NEAR GINGER HOTEL, TATHAWADE, MUMBAI - PUNE HIGHWAY, PUNE 411033.
9011980980
Maha RERA Number: P52100015766
sales@sgworld.in | www.sgworld.in
Siddhivinayak
GROUPS
NAUPATLAL SANLA ENTERPRISE
IT ALL STARTS WITH A VISION


DIAGNOPEIN
डायग्नोपिन
Diagnosis For A Better Tomorrow
ISO 9001:2015 Certified Lab
www.diagnopein.com
Quality Services At Minimum Prices
योग्य टेस्ट
माफक दर
अचुक निदान
रक्त तपासणी द्वारे जाणुन घ्या आपल्या शरीराची
कोविड-१९ विरूदध् लढण्याची प्रतिकार शक्ती !
SARS CoV-2
Antibody IgG
कोविड-19 प्रतिकार शक्तीची चाचणी
₹800/-
"सॅम्पल/रक्ताचे नमुने होम कलेक्शन द्वारे घेतले जाईल"
हि चाचणी आय.सी.एम.आर च्या निर्देशानुसार सिरो सर्वेलेंन्स करीता केली जात आहे.
संपर्क
9011 037 108
www.diagnopein.com
Test Conducted By ICMR Approved Antibody IgG Testing Kit In Accordance With ICMR Guideline Released On 23/06/2020, Link : https://www.icmr.gov.in/pdf/covid/strategy/New_additional_Advisory_23062020_2.pdf
सोनोग्राफी
₹ 500/-
शुगर ₹ 40/-
थायरॉइड ₹ 280/-
रूट कॅनल
₹ 1500/-
एक्स-रे
₹ 300/-
डेंग्यु ₹ 450/-
HbA1c ₹ 320/-
डेंन्टल चेकअप
₹ 50/-
मोफत होम ब्लड कलेक्शन सुविधा उपलब्ध
9204 108 108
Book Test - www.diagnopein.com
वडगांव शेरी 9204 108 108
मगरपट्टा 7888 052 108
कॅम्प 7888 053 108
बिबवेवाडी 9011 688 108
नाना पेठ 7888 054 108
पर्वती 7888 018 108
रास्ता पेठ 9075 031 108
ससाने नगर 9075 032 108
नागपुर चाळ 9075 030 108
फातीमा नगर 9075 035 108
सिंहगड रोड 9011 999 108


जय जिनेन्द्र
गुंतवणूकेची सुवर्णसंधी
पुण्यामध्ये
गुंतवणूक करा
इंडस्ट्रिअल
वेअरहाऊस
मध्ये खात्रीशीर
भाडे उत्पन्नासह
पुणे बेंगलोर हायवे,
खेड शिवापूर
JAYWANT
GROUP
DINESH C. RATHOD
CMD Jaywant Group
+91 9881470773
+91 9118535353
Head Off. 306, 3rd Floor, Ganga Collidium 1, Business Center, Market Yard,
Kondhwa Road, Pune-411037, India | www.jaywantgroup.com


MANY PRICELESS OCCASIONS, ONE JOYOUS DESTINATION.
yash lawns
www.yashlawns.com
OVER 1000 WEDDINGS & 2000 FUNCTIONS HOSTED SUCCESSFULLY TILL DATE !
Yash Lawns is a beautifully landscaped ground adorned with majestic palm trees, shimmering fountains, winding brick pathways and picturesque stone gazebos. Enchanting lighting lends an aura of irresistible romance and mystique to this unique location, perched high above the city of Pune. The spectacular view will leave you breathless while providing a superb backdrop for truly memorable occasions, whether weddings, corporate events, or cultural celebrations.
Yash Lawns has a truly picturesque setting and is the perfect choice for weddings ranging from the intimate and exclusive to larger, elaborate themed affairs. For the bridal couple, it offers a never-to-be-forgotten start to their married life, while family and friends will certainly appreciate the fabulous ambience and other facilities.
Address: Sr. No.573, Hilltop Behind Mahavir Furniture & Electronics, Bibwewadi Road, Pune - 411037.
yash lawns
Contact : +91 8237301007, +91 20 24222823
+91 9822035540, +91 9822558567




FOR FURTHER ENQUIRIES, CONTACT: RAJENDRA KATARIYA | +91 93254 09912 | RMK@PEPPERMINT.IN

**OUR FACTORY OUTLETS • PUNE:** OPP. PEPPERMINT OFFICE, S.NO. 143/1, VADGAON KHURD, SINHAGAD ROAD, PUNE - 41104
**BARAMATI:** S.NO. 9-10, COMMON FACILITY CENTER, HI-TECH TEXTILE PARK MIDC, BARAMATI - 413133

**OUR EXCLUSIVE BRANDS OUTLET:** PHOENIX MARKETCITY PUNE, CHENNAI, LUCKNOW & VR MALL - CHENNAI

AVAILABLE AT ALL LEADING MULTI-BRAND OUTLETS & LARGE FORMAT STORES ACROSS INDIA: lifestyle SHOPPERS STOP CENTRAL LuLu

AND SHOP ONLINE: WWW.PEPPERMINT.IN | amazon.in AJIO | FOLLOW US ON:


RANKA
JEWELLERS
SINCE 1879
THE MOST SPECIAL GUEST DESERVES A SPECIAL WELCOM
— More than 5000 new designs of Ganapati ornaments —
Offer valid from 8th August to 1st September
GET FREE
GIFT VOUCHER WORTH 50%
OF MAKING CHARGES ON PURCHASE OF GANAPATI ORNAMENTS ONLY*
Gift voucher can be redeemed only on fashion jewellery
Karve Road: 25410980 | Hadapsar: 26810930 | Pune - Satara Road: 24221772 | Baner: 27293231
Raviwar Peth | Laxmi Road | Pimpri - Chinchwad | Sinhagad Road | Bund Garden
Koxane Chowk (Pimple Soudagar) | Kondhwa | Thane: Ram Maruti Road

जैन समाजात प्रचंड खपाचे व लोकप्रिय मासिक

# जैन जागृति

(Since 1969) www.jainjagruti.in



❖ संस्थापक ❖

**स्व. श्री. कांतीलालजी चोरडिया**

६२ ऋतुराज सोसायटी, पुणे–सातारा रोड, भापकर पेट्रोल पंपा समोर, सिटी प्राईडच्या पुढची लेन, पुणे ४११०३७.

☎ : ०२० – २४२१५५८३, मो. : ८२६२०५६४८०

मोबाईल : संजय ९८२२०८६९९७, सुनंदा ९४२३५६२९९१

संपादक व प्रकाशक : संजय के. चोरडिया

: सौ. सुनंदा एस. चोरडिया

❖ वर्ष ५१ वे ❖ अंक १२ वा ❖ ऑगस्ट २०२० ❖ वीर संवत २५४६ ❖ विक्रम संवत २०७६

या अंकात

| | पान नं. |
|---|---|
| ● श्री शत्रुंजय तीर्थ – पालिताना | १५ |
| ● अंतिम महागाथा – १९ : अमृत की कसौटी | १९ |
| ● जैन समाज गौरव – श्री. अचलजी जैन | २७ |
| ● कव्हर तपशील | ३२ |
| ● पर्वाधीराज पर्युषण प्रतिक स्थापना स्पर्धा – गौतमलब्धि फाउंडेशन, पुणे | ३३ |
| ● आत्मा के लिए शरीर का उपयोग है – आत्म ध्यान | ३५ |
| ● हैप्पी रिलेशनशीप | ३९ |
| ● सुंदर जीवन के सूत्र | ४१ |
| ● हास्य जागृति | ४३ |
| ● ऐसी हुई जब गुरुकृपा – कायरता ने दूर भगा | ४४ |
| ● मृत्यु को महोत्सव बनाएँ – मेरी शमशान यात्रा | ४५ |
| ● श्री सुमितप्रकाशजी म.सा. आयंबील तपश्चर्या – ५० वर्ष | ४५ |
| ● देहम् | ५५ |
| ● सुखी जीवन की चाबियाँ ४ : परोपकार | ५६ |
| ● शांती और समाधि चाहिए तो पूर्वाग्रह छोडिए | ६१ |
| ● जीतो पुणे – कोविड सेंटर | ६६ |
| ● कोठारी चॅरिटेबल ट्रस्ट, वडगांव शेरी | ६६ |
| ● श्री. युवराज शहा, पुणे – पुस्तक प्रकाशन | ६७ |
| ● पुणे म.न.पा. अर्थसहाय्य योजना | ६७ |
| ● JATF - Golden Opportunity for Jain Graduates | ६९ |
| ● उपाध्याय श्री प्रवीणऋषिजी म.सा. महावीर प्रतिष्ठान, पुणे – चातुर्मास | ७० |
| ● अरिहंत जागृती मंच, पुणे | ७१ |
| ● गुण भी संक्रमित होते है | ७२ |
| ● नवकार आर्ट फाऊंडेशन | ७२ |
| ● जीवन – निर्माण के सूत्र | ७३ |

● रसिकलाल एम. धारिवाल फाऊंडेशन द्वारा 'पुलकछाया' उपक्रमातून देशभर वृक्षारोपन ७५
● महाराष्ट्र अल्पसंख्याक कर्ज योजना ७५
● सत्यनोद्पधते धर्म ७७
● अतिथी की गरिमा ७८
● कर्मवाद यानी पुरुषार्थवाद ८०
● धर्म दर्शन ८२
● स्व. श्री. चंद्रकांतजी छाजेड सभागृह – उद्घाटन ८३
● श्रमण संघीय चातुर्मास सूची ८४
● जे.एस.जी. युथ पुणे सेंट्रल – जैन स्तवन स्पर्धा ८५
● विश्वकल्याण प्रतिष्ठान, पुणे – देहदान – जन जागृति अभियान ८७
● क्रोध ८९
● विविध धार्मिक, सामाजिक व राजकीय बातम्या


**जैन जागृति मासिकाचे वर्गणी दर** ❖ एका वर्षात तीन मोठ्या अंकासहित

| पंचवार्षिक | रु. २२०० | त्रिवार्षिक | रु. १३५० | वार्षिक | रु. ५०० |
|---|---|---|---|---|---|

या अंकाची किंमत ५० रुपये.

● www.jainjagruti.in
● www.facebook.com/jainjagrutimagazine

## सुसंस्कार व सदाचाराचा पुरस्कार करणाऱ्या 'जैन जागृति' मासिकाचे वर्गणीदार व्हा !

● वीतराग वाणी, आचार्य, साधू, साध्वी यांचे लेख, धार्मिक, सामाजिक व शैक्षणिक लेख, धार्मिक कथा, बोधकथा, ऐतिहासिक पुरुषांचे जीवन चरित्र, तीर्थक्षेत्र परिचय, समाज प्रबोधन लेखमाला, दीपावली पूजन विधी व मुहूर्त, आरोग्य व गृहोपयोगी लेख, विविध बातम्या इ. साहित्य जैन जागृतित प्रकाशित केले जाते.

● आपण स्वत: जैन जागृतिचे ग्राहक बना व आपले नातेवाईक, मित्र, व्यापारी बंधू इत्यादींना वर्गणीदार नसतील तर त्यांना वर्गणीदार होण्यास सांगा. ● 'जैन जागृति' मासिकाची वर्गणी भरून इतरांना भेट पाठवा.

जैन जागृति वर्गणी व जाहिरात – रोख/मनिऑर्डर/ड्राफ्ट/**AT PAR** चेक/ पुणे चेकने / **RTGS / SBI Online / Jain Jagruti Website** इत्यादी द्वारा पाठवावी.

**BANK ACCOUNT DETAILS - A/C Name : JAIN JAGRUTI**
**Bank : STATE BANK OF INDIA** **Branch : Market Yard, Pune 37.**
**Current A/c No. : 10521020146** **IFS Code : SBIN0006117**

'जैन जागृति' हे मासिक मालक, मुद्रक व प्रकाशक एस. के. चोरडिया यांनी प्रकाश ऑफसेट, शॉप नं. १२-१३, पर्वती टॉवर्स, पुणे – ४११००९ येथे छापून ६२ बी, ऋतुराज सोसायटी, पुणे-सातारा रोड, पुणे – ४११ ०३७ येथे प्रसिध्द केले. संपादक – एस. के. चोरडिया

"Jain Jagruti" monthly magazine is owned, printed & published by S. K. Chordia, Printed at Prakash Offset, Shop No. 12-13, Parvati Towers, Pune 411009. Published at 62-B, Ruturaj Society, Pune - Satara Road, Pune - 411 037. Editor - S. K. Chordia

टिप : या अंकात प्रसिध्द झालेल्या मताशी संपादक सहमत असतीलच असे नाही. जैन जागृति संबंधित कोणत्याही कायदेशीर कारवाईसाठी पुणे न्यायलय क्षेत्र ग्राह्य धरले जाईल.

टिप : जैन जागृति अंकात प्रकाशित लेख, बातम्या, जाहिरातीचे सर्वाधिकार सुरक्षीत आहेत.

## जैन जागृति मासिकात जाहिरात व वर्गणीसाठी संपर्क करा

फोन (०२०) २४२१५५८३, ऑफिस - मो. ८२६२०५६४८० **मो. संजयः९८२२०८६९९७ सुनंदाः९४२३५६२९९१**

**Email : jainjagruti1969@gmail.com • Press Email : prakash.offset@rediffmail.com**

## ◆ जैन जागृतिचे प्रतिनिधी ◆

❖ **भोसरी, चिंचवड, निगडी –** श्री. चांदमलजी लुंकड – फोन : २७११९९४९, मो. ९९२१९१९४०९, ९४२२८३२८४९

❖ **पुणे शहर ❖ जळगाव –** श्री. अनील कुचेरिया, मो. : ९७६३६४५०५५

❖ **गुरूवार पेठ, पुणे –** श्री. जैन पुस्तक भंडार, फोन : २४४७२९५८

❖ **धनकवडी, पुणे –** श्री. सुरेंद्र हिरालालजी बोरा, मो. ७५८८९४३०१५ / ९३७३६८२१३७

❖ **महावीर प्रतिष्ठान, पुणे –** निलम रमेशचंद्र शहा, मो. ९०९६८००५४७

❖ **सदाशिव पेठ परिसर, पुणे –** सौ. स्वाती राजेंद्रजी कटारिया, मो. : ९८८१२०४३९०

❖ **वडगाव शेरी, पुणे –** सौ. भारती सुभाष नहार, मो. : ९८९०२७८३४६

❖ **वडगाव मावळ, पुणे –** श्री. राजेंद्र बाफना, मो. ९८२२२६२९०१

❖ **औंध, पाषाण, हिंजवडी, सांगवी, थेरगाव –** श्री. शिरिषकुमार शांतीलालजी डुंगरवाल, मो. ९०२१३००५५९

❖ **दापोडी, पुणे –** श्री. प्रवीण झुंबरलालजी चोरडिया, मो. ९९२२७५७७०६

❖ **नांदेड सिटी, पुणे –** श्री. प्रकाशजी हरकचंदजी बोथरा, मो. ९०११९८३६६६ / ७२७२९७२९९९

❖ **दौंड, श्रीगोंदा –** श्री. रविंद्र चेनसुखलालजी गुगळे – ९८९०७२३४०२

❖ **अहमदनगर –** श्री. महेश एम. मुनोत– मो. ९४२०६३९२३०

❖ **जामखेड, आष्टी व कर्जत तालुका –** श्री. प्रफुल शांतीलालजी सोलंकी – मो. ९४०३६८५६७७, ८०८७७०००७०

❖ **बीड –** श्री. महावीर पन्नालालजी लोढा, मो. ९४२०५५६३२५

❖ **ता. सोनई, नेवासा, पाथर्डी –** श्री. मदनलालजी सी. भळगट – मो. ९४०४२३१६११, ९८८१४१४२१७

❖ **कुर्डुवाडी, बार्शी –** श्री. सुभाष मोहनलाल लुणिया, मो. ८७९३०००८१

❖ **मुंबई** खारघर– श्री. मदनलालजी गांधी–मो. ९८२०५३६७९३

❖ **नाशिक –** श्री. पुखराजजी बाबुलालजी जैन (कवाड) फोन:०२५३–२३११००८,मो.९४२३९३९९९०

❖ **नाशिक –** मनोज लखीचंदजी खिंवसरा, रविवार पेठ, नाशिक. मो. ९७६२२२१५०५

❖ **गारगोटी** (जि. कोल्हापूर) श्री. श्रीकांत राजाराम शहा, मो. ९८६०१०७७९२

❖ **श्रीरामपूर –**श्री. निलेश सुवालालजी हिरण, मो. : ९३२६९७२७४७

❖ **बारामती–** डॉ. महावीर छगनलालजी संचेती, फोन : ०२११२–२२३८०७ मो.:९३२५००४९५०

❖ **अमळनेर, जि. जळगाव –** श्री. मयुरकुमार केवलचंदजी जैन, मो. ९४२२६५७१७७

❖ **धुळे –** श्री. चेतन सतिष कोटेचा, सुभाषनगर, धुळे, मो. ९४०४१९२४३४, ९४२०६६१४२६

❖ **शहादा, जि. नंदुरबार –** श्री. मनोजकुमार विरचंदजी बाफना, मो. ९४२१५२९६२६

❖ **इचलकरंजी, जि. कोल्हापूर –** श्री. पोपटलालजी बिसनदासजी गुगळे, मो. ९८२२६५०९९८

❖ **मिरज, जि. सांगली –** श्री. राजेंद्र वसंतलाल शहा, मो. ९४२११०५७४८

❖ **कोल्हापूर –** सौ. लता कांतीलालजी ओसवाल, मो. ९४२३२८६०१४ फोन.०२३१–२६९५४३३

❖ **सातारा व सातारा जिल्हा –** श्री. जयकुमार कांतीलाल शहा, वाठार, मो. – ७५८८५६१३२०, ९८५०१८२६४४

मोबाईल : भवर राठोड 9689900371 / 9850757978 Phone : 26061155
आशिष भुरट 9890126427, सौ. नीता भुरट 9822964651

SINCE 1931®

# वीरचंद हजारीमल घीवाला

४८८, गणेश पेठ, दगडी नागोबा के पास, पुणे - ४११००२

## वीरचंद हजारीमल घीवाला - मांडोत टॉवर

शॉप नं. १९, मांडोत टॉवर, शांती नगर के सामने, हॉटेल गोकुळ के पास, कोंढवा बु., पुणे - ४११०४८

**भैंस का एवम् गाय का शुध्द घी**

**KC, राजस, विरोबा, कोल्हापुर श्रीराम डेअरी लँड, कृष्णा, नोवा, संप्रती, माधव, संस्कार, उगम, अमूल, गोवर्धन एवम् हिंदुस्थान के प्रख्यात शुध्द घी, सभी छोटी - बडी पॅकिंग में उपलब्ध.**

**विरोबा** • **कोल्हापूर श्रीराम डेअरी लॅण्ड**
**शुद्ध घी :** सभी छोटी - बडी पॅकिंग में उपलब्ध.

* पापड - जयदुर्गा, जामनेर-अरीहंत-प्रफुल्ल, लिज्जत, हनुमान, जैनम-गुजरात, फ्रॅम्स, बटाटा पापड, डिस्को पापड, कुरडई.
* खिचिया - मारवाडी, मका, नाचनी, चावल खिचीया.
* खाकरा - शबरी, लोटस, फंडु एवम् ३० प्रकार के खाकरे तथा मिनी, मोबाईल खाकरा, सुरज शुध्द घी खाकरा.
* टिन फूडस् - लालजी-हल्दीराम रसगुल्ला, विजय-आदिती मँगोपल्प.
* राजस्थानी खजाना - जयदुर्गा पापड, राबोडी, बडी, हरी-लाल अथाणा मिर्ची, केर-केर सांगरी-गुंदा-आम-मिक्स-लिंबु-मिठा लिंबु आचार-ठंडा मीठा गुलकंद, छास मसाला, राजस्थानी हिंग पावडर.
* आटा - संगीता, तलोद, इमार तयार आटा (२० प्रकार).
* मुखवास - नमस्कार, आनंद, लक्ष्मी, केशररत्न, जम्बुश्री गुलकंद - केशर.
* सरबत सीरप - मुंबई - होममेड, मॅप्रो सरबत, गुरुजी-बेलगाम ठंडाई, पीस्ता-बदाम सीरप, माला सरबत.
* बेकरी उत्पादन - मालपाणी, पार्श्वनाथ, प्रॉडक्टस, कराची बिस्कीट, हनीबेल केक, एम आर कॉफी, चितळे गुलाबजाम मिक्स, राजगीरा लाडु-वडी-चिक्की, इलायची गुलकंद रोल, सोन रोल, जैन नुडल्स, सुरभी केचअप, प्रवाळ युक्त गुलकंद, तरह तरह के नमकीन, कल्याण भेळ, भोरे भडंग, साहील चकली.
* फ्रोझन फूडस् - ग्रीन पीज, चितळे श्रीखंड-आम्रखंड, मँगो पल्प, अमूल उत्पादन.

*** लक्ष्मीनारायण चिवडा * वर्धमान चहा पावडर * एम आर कॉफी**
**और बहूत कुछ तथा सिझनल आईटम** * दोनों दुकानो में एकही भाव

समय : सुबह-९.३० से १.३० । दोपहर-३.३० से ८.३० । रविवार बंद

### मंदीरों की नगरी

# "श्री शत्रुंजय तीर्थ - पालिताना"

**लेखक : आचार्य श्री ललितप्रभ सागरजी म.सा.**



शाश्वत तीर्थ शत्रुंजय का, आदिनाथ को भेटों जाय ।
कंकर कंकर सिध्द हुए हैं, रोम रोम पुलकित हर्षाय ।।

पालीताना श्रध्दा और कला की दृष्टि से जैन धर्म का सर्वोपरि तीर्थस्थल है । देश के हर राज्य में जैन धर्म के पावन तीर्थस्थल हैं, किन्तु हर तीर्थ की नाक पालीताना की ओर है । यहाँ अनगिनत सन्तों, महात्माओं और श्रावकों ने महानिर्वाण को उपलब्ध किया है । इस तीर्थ के कण-कण में समाधि और कैवल्य की आभा है । यहाँ का कंकर-कंकर शंकर है । इस तीर्थ की माटी का हर कण अपने-आप में एक पवित्रम मंदिर है । यहाँ की माटी को अपने शीष पर चढ़ाना भव-भव के पापों को नष्ट कर डालने का आधारभूत अनुष्ठान है ।

कहा जाता है पालीताना की मिट्टी को अपने शीष पर चढ़ाने के लिए देवतागण भी तरसते है । मनुष्य तो क्या, देव भी कृत्-कृत्य हो जाते हैं, यदि उन्हें पालीताना तीर्थ की यात्रा का अवसर मिल जाये । वस्तुत: पालीताना तो वह तीर्थ है, जहाँ देवों का दिव्यत्व हर दिशा में देखा जा सकता है । किसी के मन में चाहे कैसी भी चिंता क्यों न हो, पालीताना वह धाम है जहाँ श्रध्दालु हर चिंता से मुक्त, निश्चिन्त हो जाता है।

जैन धर्म का सर्वाधिक सर्वोपरि तीर्थ, स्थल होने के कारण यहाँ तीर्थ-यात्रियों की सदा भरमार रहती है । इस तीर्थ की दिव्यता और भव्यता का लेखा-जोखा संसार के हर राष्ट्र तक पहुँचा हुआ है । सामान्य तौर पर पर्यटक घूमने के लिए भारत आया करते है, किन्तु पालीताना वह पावन धाम है, जहाँ अपने श्रध्दा-सुमन समर्पित करने के लिए पर्यटक यहाँ पहुँचते हैं ।

पालीताना जैन धर्म के पूज्य साधू-साध्वीवृंद का सबसे बड़ा केन्द्र-स्थल है । शायद ही अन्य कोई ऐसा नगर या तीर्थ हो, जहाँ जैन साधु-साध्वियों की इतनी विपुल संख्या मिलती हो । साधु-साध्वी स्वयं एक जंगम तीर्थ है, इस दृष्टि से पालीताना की यात्रा जंगम और स्थावर दोनों दृष्टि से महान् पुण्यकारी मानी जाती है ।

इस तीर्थ पर जिधर भी नजर घुमाओ, वहाँ मंदिर या धर्मशालाएँ ही दिखाई देती हैं । सैकड़ों मंदिर और सैकड़ों धर्मशालाएँ इस तीर्थ की विशेषताओं में प्रमुख है । पालीताना नगर के करीब ५ कि.मी. के प्रमुख मार्ग पर धर्मशालाओं और विश्राम-स्थलों की लम्बी कतार है । मार्ग में ठौर-ठौर पर पावन जिनालय भी निर्मित हैं, लेकिन जिसे हम तीर्थ कहें उसका प्रारंभ पालीताना की

तलहटी से होता है । इस तलहटी पर कदम रखते ही श्रध्दालुगण भावाभिभूत हो जाते है । उन्हें इस महातीर्थ की यात्रा का परम सौभाग्य प्राप्त हुआ है इस बात से उनका हृदय परमात्मा की कृपा के प्रति कृतज्ञ हो जाता है ।

पालीताना तीर्थ को एक प्रकार से मंदिरों का नगर कहा जाता है । जिस एक तीर्थ पर ८६१३ मंदिर और लगभग ३३ हजार मूर्तियाँ हों, भला उस तीर्थ की तुलना किससे की जाये । सचमुच, ऐसा स्थान तो तीर्थों का तीर्थ है, हर उपमा से उपर-अनुपम है । पालीताना की तुलना में केवल पालीताना को ही रखा जा सकता है । सम्पूर्ण विश्व में यही एकमात्र ऐसा पर्वत है जहाँ इतने मंदिर हैं ।

पर्वतमालाओं पर सुशोभित इस तीर्थ पर श्रध्दा एवं कला का ऐसा अद्‌भुत संगम हुआ है कि मानो जैन धर्म के प्रति आस्था रखने वाले सज्जनों का धार्मिक वैभव अपनी सम्पूर्ण श्रध्दा तथा भक्ति के साथ मुखर हो उठा हो । पर्वत पर निर्मित नौ टूंकों में मोतीशाह सेठ की टूंक मंदिरों की जिस भव्यता को लिए हुए खड़ी है, उसकी तुलना आखिर किससे की जा सकती है ? दुर्गम पहाड़ों के बीच इतने विशालकाय पाषाणों को ले जाना भी कितना कठिन रहा होगा, लेकिन जब श्रध्दा सिर चढ़कर बोलती है, तो असंभावित कार्य भी संभावित हो जाते है ।

पालीताना को शाश्वत तीर्थ माना जाता है । यहाँ हजारों-हजार लाखों-लाख आत्माओं ने समाधि-मरण स्वीकार किया, महानिर्वाण की महाज्योति का यहाँ अलख जगाया । जैन धर्म के चौबीस तीर्थकरों में से बाईस तीर्थंकरों ने इस तीर्थ की स्पर्शना कर तीर्थ की महिमा को और अधिक बढ़ाया । भगवान ऋषभदेव ने तो इस तीर्थ की ९९ वे 'पूर्व' वार यात्रा की । जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर श्री ऋषभदेव द्वारा की गई यह महान् यात्रा जैन धर्म के अनुयायियों के लिए स्वयं एक प्रेरणा हैं । आज भी प्रतिवर्ष हजारों श्रध्दालु इस तीर्थ की ९९ बार यात्रा करते है, जिसे 'नवाणु' यात्रा कहा जाता है । भगवान आदिनाथ का इस महातीर्थ से विशेष सम्बन्ध होने के कारण उनकी आराधना हेतु किये जाने वाले वर्षीतप की तपस्या का पारणा भी लोग यहाँ आकर करते हैं, जिसे अक्षय-तृतीया या आखातीज कहते हैं । प्रतिवर्ष हजारों वर्षीतप के तपस्वी इस तीर्थ की यात्रा करके इस तप की यहाँ पूर्णाहूति करते हैं ।

जैन धर्म तप प्रधान है । वर्षीतप सबसे लम्बा और कठिन तप माना जाता है, लेकिन हजारों जैन प्रतिवर्ष इस तप की आराधना करते हैं । इस तप में एक दिन उपवास किया जाता है और अगले दिन भोजन लिया जाता है, यह क्रम पूरे एक वर्ष तक चलता है । वर्षीतप का पारणा हस्तिनापुर और पालीताना दोनों ही स्थानों पर करने का महत्त्व है ।

पालीताना वास्तव में पादलिप्तपुर का अपभ्रंश हुआ वर्तमान नाम है । शत्रुओं द्वारा अविजित रहने के कारण इसे शत्रुंजय भी कहा जाता है । शास्त्रों में शत्रुंजय तीर्थ के कुल १०८ नामों का उल्लेख हुआ है, जिनमें पुंडरिक गिरी, विमलाचल, सिध्दाचल आदि नाम प्रचलित है ।

भगवान ऋषभदेव वर्तमान काल चक्र के तीसरे समय-कल्प में हुए, किन्तु इस पालीताना / शत्रुंजय तीर्थ का अस्तित्व उनसे पहले भी माना जाता रहा है । स्वयं भगवान ऋषभदेव के पुत्र चक्रवर्ती भरत द्वारा इस महातीर्थ के जीर्णोध्दार का उल्लेख शास्त्रों में प्राप्त होता है समय-समय पर और भी कई दफा उस तीर्थ पर नव निर्माण और जीर्णोध्दार का कार्य हुआ, जिनमें महाराजा सगर, भगवान श्री राम तथा पांडवों द्वारा करवाया गया जीर्णोध्दार विशेष उल्लेखनीय है । तीर्थ के बारे में सोलह उध्दार प्रसिध्द है । तीर्थ पर आज जो मंदिर उपस्थित है, उनका निर्माण समय-समय पर अनेक श्रेष्ठि सामन्तों ने करवाया । पालीताना तीर्थ पर साल में चार बार विशेष मेले भी आयोजित होते है । कार्तिक पूर्णिमा, फाल्गुन शुक्ल त्रयोदशी, चैत्री पूर्णिमा

और वैशाख शुक्ल तृतीया के दिन आयोजित होने वाले इन मेलों के अतिरिक्त वैशाख कृष्णा ६ के दिन भी मेला आयोजित होता है । वस्तुत: इस दिन मंत्री कर्माशाह द्वारा मुख्य टूंक में प्रतिष्ठित करवाये गये भगवान आदिनाथ की प्रतिष्ठा का दिवस है । फाल्गुन शुक्ला त्रयोदशी को तीर्थ की छट कोस की प्रदक्षिणा लगाई जाती है, जिसमें एक लाख से भी अधिक लोग शामिल होते है ।

शत्रुंजय तीर्थ की जितनी महिमा है ऐसी ही शत्रुंजय नदी की भी महिमा बखानी जाती है । शत्रुंजय तीर्थ की पर्वतमालाओं के एक ओर प्रवाहमान यह नदी उतनी ही पावन मानी जाती है, जितनी वैदिक-धर्म में माँ भगीरथी गंगा । शत्रुंजय नदी में स्नान करके तीर्थ की यात्रा करना विशेष फलदायी माना जाता है ।

शत्रुंजय पहाड़ी पर स्थित यह मंदिरों का नगर पालीताना शहर के दक्षिण में है । यहाँ के मंदिर पर्वत की दो जुड़वा चोटियों पर निर्मित हैं, जो समुद्र की सतह से ६०० मीटर ऊँची है । ३२० मीटर लंबी इस प्रत्येक चोटी पर ये मंदिर पंक्तिबध्द रुप से निर्मित है । यह पंक्ति दूर से दिखने में अंग्रेजी के 'एस' अक्षर के आकार की दिखाई देती है । विभिन्न आकार-प्रकार के इन बहुसंख्यक मंदिरों में विराजमान जिन प्रतिमाएँ वीतराग-संदेश को प्रसारित कर रही है । शत्रुंजय पहाड़ी के ये मंदिर कला की दृष्टि से भले ही देलवाड़ा या राणकपुर के समकक्ष न जा सकें, पर यहाँ के असंख्य मंदिरों का समग्र प्रभाव, वातावरण में व्याप्त नीरवता कुछ ऐसी विशेषताएँ है जो दर्शकों के लिए आकर्षक बन जाती है ।

पालीताना तीर्थ पर्वतमालाओं के बीच सुशोभित है । इस तीर्थ की यात्रा के लिए हमें करीब बत्तीस सौ सीढ़ियाँ चढ़नी पड़ती है । रास्ता अत्यन्त साफ-सुथरा है । प्रकृति की सुषमा देखते ही बनती है । तलहटी पर ही एक भव्य मंदिर निर्मित है, जिसका निर्माण सं. १९५० में श्रेष्ठि धनपतसिंह लक्ष्मीपतसिंह द्वारा करवाया गया । इस मंदिर में बावन देवरियाँ होने के कारण इसे बावन जिनालय भी कहा जाता है ।

मार्ग में छोटी-मोटी अन्य भी कई देवरियाँ आती हैं, जिनमें चक्रवर्ती भरत, भगवान नेमिनाथ के गणधर वरदत्त, भगवान आदिनाथ, पार्श्वनाथ की चरण पादुकाएँ एवं वारिखिल्ल, नादर, राम, भरत, शुक परिव्राजक, थावच्चा पुत्र सेलकसूरि, जालि, मयालि तथा अन्य देवी-देवताओं की प्रतिमाओं की देवरियाँ है । बीच मार्ग में कुमारपाल कुंड और साला-कुंड भी आते हैं । साला-कुंड के पास जिनेन्द्र टूंक है, जिसमें अधिष्ठित गुरु मूर्तियाँ एवं देवमूर्तियों में माँ पद्मावती देवी की प्रतिमा कला की दृष्टि से काफी सुन्दर है ।

कुछ और आगे बढ़े, तो वहाँ से रास्ता विभाजित होता है जिसमें एक नव टूंकों की ओर जाता है तथा दूसरा भगवान आदिनाथ की मुख्य टूंक की ओर जाता है । मुख्य टूंक की ओर जाने पर सर्वप्रथम रामपोल और गाधण पोल दिखाई देती है । आगे हाथी पोल में प्रवेश करते समय सूरजकुंड, भीमकुंड एवं ईश्वरकुंड दिखाई देते हैं ।

नव टूंकों के मार्ग में पहली टूंक सेठ नरशी केशवजी की है । सं. १९२१ में श्री नरशी केशव जी ने इस टूंक का निर्माण करवाया था । इस मनोरम जिनालय में तीर्थंकर शांतिनाथ की प्रतिमा प्रतिष्ठित है ।

दूसरी खरतरवसही टूंक है । इसे चौमुख जी की टूंक भी कहते है । यह मंदिर इस पर्वत के उत्तरी शिखर पर निर्मित है । शत्रुंजय में निर्मित टूंकों में यह सर्वोच्च टूंक है । काफी दूर से ही इस मंदिर का उत्तुंग शिखर देखा जा सकता है । इस उत्तुंग जिनालय का नव निर्माण सं. १६७५ में सेठ सदासोम जी ने करवाया था । मंदिर में भगवान आदिनाथ की चौमुखजी के रुप में चार विशाल प्रतिमाएँ विराजमान है । इसी टूंक में तीर्थंकर ऋषभदेव की माता मरुदेवी का मंदिर भी निर्मित है । इसी मंदिर के पृष्ठ भाग में पांडव-मंदिर है, जिसमें पाँच पांडव, माता कुन्ती एवं द्रौपदी की मूर्तियाँ हैं ।

तीसरी टूंक का निर्माण छीपा भाईयों ने करवाया, अत: इसे छीपावसही टूंक कहते हैं । सं. १७९१ में निर्मित इस मंदिर में तीर्थंकर ऋषभदेव मूलनायक के रुप में विराजमान है ।

चौथी टूंक साकरवसही है । सेठ साकरचंद प्रेमचन्द द्वारा सं. १८९३ में निर्मापित इस टूंक में ऋषभानन, चंद्रानन, वारिषेण और वर्धमान इस चार शाश्वत जिनेश्वर की प्रतिमाएँ विराजित हैं ।

छठी हीमवसही टूंक का निर्माण हीमा भाई द्वारा सं. १८८६ में हुआ है । यहाँ श्री अजितनाथ भगवान मूलनायक हैं ।

सातवी प्रेमवसही टूंक है । मोदी श्री प्रेमचन्द्र लवजी द्वारा सं. १८४३ में निर्मापित इस मंदिर के मूलनायक तीर्थंकर श्री ऋषभदेव हैं ।

आठवी बालावसही टूंक है । मंदिर का नवनिर्माण सं. ११९३ में बालाभाई द्वारा हुआ है । मंदिर के मूलनायक आदिनाथ भगवान है ।

नवमी मोतीशाह टूंक है । सेठ मोतीशाह ने इस विशालतम मंदिर का निर्माण करवाया था एवं उनके सुपुत्र खेमचंद ने सं. १८९३ में प्रतिष्ठा करवाई थी । मंदिर अपने आप में कई छोटे-मोटे मंदिरों का समूह है । मंदिर के मूलनायक श्री आदिनाथ भगवान है ।

प्रेमवसही टूंक के पास एक विशेष मंदिर बना हुआ है । इसमें तीर्थंकर आदिनाथ की १८ फूट की पद्मासनस्थ विशाल प्रतिमा है । इस प्रतिमा को अद्‌भुत बाबा के नाम से भी पहचाना जाता है ।

शत्रुंजय पर्वत की मुख्य टूंक में तीर्थंकर ऋषभदेव की प्रतिमा विराजमान है । श्वेतवर्णीय यह पावन प्रतिमा २.१६ मीटर की है । इस अतिशयवान प्रतिमा के दर्शन-पूजन के लिए लोग तरसते रहते हैं । प्रतिमा के दर्शनमात्र से श्रध्दा का सागर उमड़ पाता है । इस पर्वत और प्रतिमा की पावनता के लिए ही तो कहा गया, 'जिण शत्रुंजय तीर्थ नहीं भेट्यो, ते गर्भवासकहंत रे ।'

मूल मंदिर के पृष्ठ भाग में रायण वृक्ष है । वृक्ष काफी प्राचीन है । कहा जाता है यहाँ इसी वृक्ष की छाया में तीर्थंकर आदिनाथ ने सुदीर्घ तपस्या-साधना की थी । यहाँ तीर्थंकर आदिनाथ के ४७ x २५ इंच की विशाल चरण पादुकाएँ प्रतिष्ठित हैं ।

पालीताना में पर्वत के अतिरिक्त तलहटी में समवसरण मंदिर, आगम मंदिर, जम्बू द्वीप, विशाल म्यूजियम आदि भी दर्शनीय हैं । इस महातीर्थ की यात्रा सचमुच जीवन का सौभाग्य है ।

पेढी : शेठ आनन्दजी कल्याणजी पेढी
तलहटी रोड, पोस्ट - पालीताना ३६४२७०
जिल्हा - भावनगर (गुजरात).
फोन : ०२८४८-२५३६५६/२५२१४८, २५२४७६●

## कडवे प्रवचन

**मुनिश्री तरुणसागरजी**

जीना है तो पूरे जीओ और मरना है तो पूरे मरो क्योंकि ये जो अध-जिया और अध-मरा आदमी है। वह तो धोबी के उस गधे जैसा है, जो न तो घर का होता है और न घाट का। हममें से कई लोग दिन में काम के वक्त उंघते-सोते हैं और रात में जब आराम का समय होता है, तब तरह-तरह की उधेड़-बुन में रहते हैं। मैं पूछता हूँ : क्या यह उचित है? आज हमारा न तो जागरण पर नियंत्रण रहा और न ही नींद पर। अब हमें नींद के लिए गोली खानी पड़ती है और जागने के लिए अलार्म भरना पड़ता है। भारत जैसे धर्मप्राण देश के लिए यह कोई शुभ संकेत नहीं है। ●

**जैन जागृति - सप्टेंबर २०२०**
# पर्युषण अंक
**आजच या अंकाला जाहिरात द्या.**

# अंतिम महागाथा

लेखक : प्रबुध्द विचारक पू. श्री. आदर्शऋषिजी म.सा.

*(क्रमश: )*

## भाग दो – महावीर

## १९ : अमृत की कसौटी

महावीर दक्षिण से उत्तरवाचाला की ओर जा रहे है । मार्ग में सुवर्ण वालुका नदीतट के किनारों पर बहुत सी कंटीली झाडियाँ थी । उस मार्ग पर चलते हुए अचानक नदी की ओर से हवा का तेज झोंका आया । महावीर के कंधेपर रहा हुआ वस्त्र उडकर कंटीली झाडियों में उलझ गया । उन्होंने आगे बढते हुए पीछे की ओर जरा सा मुडकर देखा तो पाया कि वही वृध्द ब्राम्हण पीछे चला आ रहा है । उस रहे हुए वस्त्र को प्राप्त करने के लिए ढूँढते-ढूँढते पीछे चला आया ।

उस वस्त्र का नाम देवदूष्य था, उसका आधा भाग उसे मिला था । जिस वस्त्र विक्रेता के पास उसने बेचा था उसने कहा, ''अरे ! यह तो आधा वस्त्र ही है । यह अमूल्य वस्त्र है इसका बचा हुआ आधा भाग भी मिल जाए तो उसे पूरा करके, अच्छा बनाके हम राजा नंदीवर्धन को दे सकते है । वे ही इसे खरीदने की क्षमता रखते है । लाख मोहरे मिल जाएगी । हम मालामाल हो जायेंगे तुम्हारी दरिद्रता हमेशा के लिए मिट जाएगी । जाओ ढूँढो, खोजकर लाओ ।''

वृध्द ने सोचा उस करुणा के देवता से पुन: याचना करना यह तो अधमपना होगा । लोभ ने फिर जोर मारा। लोभ ने वापस दौडाया ।

जैसे ही वस्त्र उलझा वह हर्ष से लपका महावीर ने सहज देख लिया । वृध्द पानी-पानी हो गया । उन्हें विचार हुआ कि लोभ कितना प्रबल है ? इस वस्त्र लोभ से यह वृध्दावस्था में कबसे दौडा आ रहा है ? लोभ की कोई सीमा नहीं ।

महावीर नदी के किनारे-किनारे चले जा रहे है । नदी बह रही है । उसके साथ विचार भी चल रहे है बहती हुई नदी को देखते हुए चिंतन कर रहे है । अपने चिंतन में नदी को पा रहे है । ये नदी भागी जा रही है, बहती जा रही है । इसमें गति है । गति के कारण निर्मलता है । निर्मलता प्रवाह के कारण है या पानी का गुणधर्म है ? इसमें प्रवाह है याने स्थिर कुछ भी नहीं । जिसे हम स्थिर देखते है समझते है वे भी भीतर में गतिमान है । यहाँ सबकुछ चल रहा है, बदल रहा है, परिवर्तन ही संसार का नियम है । हमें जो स्थिर दिखाई दे रहा है । वह चक्षुका अधूरापन है । अर्धसत्य है। कुछ ठोस है वह केंद्र में है । उसी केंद्र की धूरीपर उत्पाद, व्यय, ध्रुवता टिकी हुई है । तात्पर्य यह है कि सारा जगत जड होते हुए भी गतिमान है, परिवर्तनशील है, निरंतर परिवर्तन हो रहा है । यही इसके विकास का मूल कारण है ।

इस सत्य को नहीं समझने से जीव मोहग्रस्त हो जाता है । मोह परिवर्तन नहीं चाहता । अधिकार चाहता है । क्या यही आश्चर्य है जड निरंतर गतिमान चेतन बना हुआ है । और चेतन जड बन रहा है ।

मेरे अंतर की चेतना इस नदी की भाँति सतत गतिमान है । नदी और मेरी चेतना में कितनी समानता है, जैसे इसमें शीलाएँ आये तो रोडे बन जाती है । पानी में ठहराव आ जाता है । वैसे की कर्मोंकी शीलाएँ रोडे बनती है । जिसमें चेतना की अखंड धारा में रुकावट आ जाती है ।

वैसे ही नदी में कूडा-कर्कट कीचड आ जाए तो

पानी मलिन हो जाता है। उसी तरह क्रोध, लोभ, अहं, माया, रागद्वेष का कर्दम चेतना में आता है तो चेतना मलिन होती है। इनका आश्रव रुकना चाहिए। जब पानी निर्मल पारदर्शी बन सकता है तो चेतना भी निर्मल पारदर्शी हो सकती है। पारदर्शी चेतना को देखा जा सकता है। कर्मों के रोडे हटाने होंगे। रागद्वेष के कीचड से चेतना को बचाये रखना है। संवर करना होगा।

महावीर की चेतना नदी की भाँति बही जा रही है। अचानक उन्हें कुछ कोलाहल सुनाई दिया। वे रुके, मुडकर देखते है, पाँच-सात बालक दौडे आ रहे है। साथ में कुछ बोले जा रहे है। पुकार रहे है... बाबा रुको... उधर ना जाओ... उस ओर न जाओ...

महावीर को रुकते हुए देख बच्चे प्रसन्न हुए। दौडते-दौडते बच्चों की साँस फूल गई। वे कबसे दौड रहे है पर महावीर अपनी धुन में चले जा रहे थे।

एक बच्चे ने हाँफते हुए कहा, ''गाँव पीछे उस ओर है, आप इस मार्गपर क्यों जा रहे है ?'' दूसरे ने कहा, ''यहाँ रास्ता बहुत भयानक है, इस मार्ग से कोई नहीं जाता, न इस मार्गपर कोई आता।'' महावीर ने प्यार भरी दृष्टिसे बच्चों को देखते हुए कहा, ''क्यों ? इस ओर क्यों नहीं जाते ?'' बच्चे एक-दूसरे की ओर आश्चर्य से देखते है। एक बच्चा साहस बटोरकर कहता है, ''क्या आप नहीं जानते ?'' कहनेवाले की आँख में भय समाया है।

''इस रास्ते में आगे बीहड वन है। उस वन में चंडकौशिक नाम का भयानक सर्प रहता है। वह भयंकर क्रोधी है। किसीको जीवित नहीं छोडता सबको मारता है सभी बच्चों के भीतर में रहा हुआ भय चेहरेपर उतर आया है।''

सुमित्र नाम के बालक ने कहा, ''बाबा ! आप गाँव में चलिए, हम आपके साथ में है।'' मित्रोंने कहा, ''बाबा ! चंडकौशिक के घरकी ओर न जाओ आप कितने अच्छे है। वह आपको जलाकर भस्म कर देगा।'' महावीर ने देखा बच्चे कितने प्रेमसे कह रहे है।

महावीर प्यार से बोले, ''बच्चों क्यों डरते हो ? वह चंडकौशिक हमें क्यों तकलीफ देगा ? हमने उसे कोई दुख नहीं दिया ना ही सताया।''

सुमित्र कहता है, ''ऐसा नहीं है बाबा। वह अपने स्थानपर किसीको आने नहीं देता। भूल से भी कोई गया वह वापस नहीं आया। उधर आश्रम था जहाँ तपस्वी, विद्यार्थी रहते थे, उसने सबको भस्म कर दिया।'' सुग्रीव बीच में बोल उठा, ''उधर शेर भी जानेसे डरता है, क्रोध तो इतना है कि आकाश में उडते पंछी को फुफकार कर धरतीपर गिरा देता है। इसलिए हम सभी आपसे प्रार्थना कर रहे है कि आप गाँव में आईये।''

महावीर ने सोचा एक क्रोध ने उसे कितना अप्रिय बना दिया है। विषधर का अमृत को आव्हान है। क्रोध का प्रेम को निमंत्रण है। ये प्रेम की, अमृत की परीक्षा है। साधना का यह एक पडाव है। इसे पार करके ही आगे बढा जा सकता है। मार्ग बदलनेसे कुछ नहीं होगा। निश्चय करके बच्चोंसे उन्मुख हुए, ''बच्चों, डरनेकी क्या बात है ? उससे मिलने जा रहा हूँ।'' सभी बच्चे एक साथ कहते है नहीं नहीं... ''सुनो, वह स्वयं डरा हुआ है इसलिए सबको डराता है। उसके क्रोध को समझने के लिए जा रहा हूँ। चिंता न करो मैं वापस तुम सबसे मिलने आऊँगा।''

सब बच्चे खुशीसे पूछते है, ''आप वापस आओगे ना ? चंडकौशिक आपको कुछ नहीं करेगा ना ?'' बच्चों वह कुछ नहीं करेगा, तुम सबका प्यार मेरे साथ है'' बच्चों के प्यार के साथ अमृत पुरुष महावीर उस रास्तेपर चल दिये जो मौत को आमंत्रण देता है।

महावीर की विचारधारा कदमों के साथ चल रही है। भयने कितनी गहरी जडें जमा रखी है। भय मानव के अस्तित्व से चिपक गया है। भय के कारण जीव हिंसक बन जाता है, कितनी सुरक्षा खोजता है। भय के कितने रुप है वह अच्छंदक भी तो इन भय से आक्रांत दुर्बल मनों का दोहन कर रहा है। मनुष्य इतना क्यों

डरता है ? मानव मन के इस भय ने ही अनगिनत प्रथाओं, मान्यता और मूढता को फैलाया है । डरा हुआ मनुष्य सबसे अधिक दयनीय और दुर्बल होता है । जो डरता है, डराता है । कायरता उसके स्वभाव में होती है । फिर मनुष्य और पशुओं में अंतर ही क्या रहा ?

चंडकौशिक इतना उग्र क्यों हो गया ? इसके क्रोध के पीछे कुछ कारण होगा । क्या देख रहा हूँ जैसे ही वन के निकट जा रहा हूँ, वातावरण में सन्नाटा है । प्रकृति में सौम्यता और शांति के स्थानपर भारीपन है । हवा में भी निर्मलता नहीं है । लगता है उसके क्रोध ने वातावरण को शुष्क जहरमय बना दिया है । वृक्ष सूखकर ठूठ बन गये है । हरियाली नहीं है । सामने कोई खंडहर बना आश्रम दिखाई दे रहा है । महावीर वहींपर जाकर ध्यानमुद्रा में खडे हो जाते है । आज विकसित चेतना का सुप्तचेतना से साक्षात्कार है । ध्यान में महावीर की चेतना व्यापक बनती गई । चराचर के लिए उनके मनमें करुणा, प्रेम का झरना बहने लगा । एक चेतना कर्मपाश से मुक्त है दूसरे की चेतना कर्मपाश में बंधी हुई है ।

चंडकौशिक नाम के अनुरुप विशाल शरीरवाला था । वह अश्व की तरह दौडता था । उसकी काया इतनी लंबी थी कि वह जब अपने शरीरपर खडा होता तो दूर-दूर तक देख सकता था । उसकी आँखें दो आग के गोले के समान थी जिससे सतत क्रोध बरसाते रहता । जब फुफकारता तो साधारण सी वस्तुएँ भी दूर जाकर गिरती । उसके बार-बार विष प्रयोग ने पेडोंको जला दिया था । उसे अपने विषपर बडा गर्व है । सामने आये शत्रु को तो पलभर में धराशायी कर देता ।

चंडकौशिक कहीं बाहरसे अपनी सीमा में आया। आते ही उसे वातावरण में परिवर्तन का अनुभव हुआ । आज वातावरण में गर्मी नहीं, तूफान नहीं, हर दिन से भिन्न शांति का एहसास हुआ । कुछ अलग सी गंध आ रही थी । तुरंत ही उसके मूलस्वभाव ने उफान लिया । मेरी सीमा में ये कौन चला आया है । क्षण में अपनी पूंछपर कुंडली मारकर वह किसी स्तंभ की भाँति खडा हो गया । उसने आग उगलती दृष्टि चारों ओर घुमाई । जिस उजडे आश्रम के खंडहर में वह रहता है उसी के केंद्रपर उसकी दृष्टि गिरी ।

चंडकौशिक ने देखा, उसकी भूमिपर कोई खडा है । उसके तन-मन में क्रोध का भूकंप आया । उसका सारा शरीर क्रोध की लहर में हिलने लगा, काँपने लगा। कौन है ये धृष्ट ? मेरे राज्य में आनेका इसे साहस कैसे हुआ ? इसे पता नहीं यहाँ चंड का साम्राज्य चलता है । इसने अपनी मौत का आमंत्रण दिया है । इसे अभी मजा चखाता हूँ । इसे यहाँ आनेकी सजा देता हूँ ।

क्रोध में उफनता हुआ महावीर की दिशा में दौडा उसका उस एकांत, नीरव शांत वन में दौडना इतनी तीव्र गति से था कि मानों वहाँ तूफान आ गया हो । जंगल में मौत का सन्नाटा छा गया । दूर-दूर तक पंछियों की घबराहट भरी आवाज से आसमन गूंज उठा । महावीर की दिव्य चेतना ने उनके आभा मंडल ने आस-पास के पूरे मंडल को ऊर्जा शक्ति से उर्जावान बना दिया ।

चंडकौशिक ने जैसी ही उस मंडल में प्रेवश किया । देखा एक निर्वस्त्र मनुष्य शांति से खडा है । उसने अपने को तैयार करते हुए स्वयं को तौलते हुए पाया कि भीतर में कुछ गडबड है । तुरंत अपने विचारों को मोड देते हुए, नहीं ये मनुष्य है कमजोर और कायर है । इसने मेरे स्थानपर आकर भूल की है । इसे मेरी शक्ति का पता नहीं है । उसने क्रोध विष से भरी दृष्टि से महावीर को देखा । देखो, मेरे विष की ताकत उसने पास के वृक्षपर विषभरी फुत्कार मारी । वृक्ष का रंग बदलने लगा हरे से वह काला पडने लगा ।

मैं अभी तुम्हें यहाँ आने का दंड देता हूँ । वह महावीर के चरणों में तेजी से झुका - नमन के लिए नहीं, दंश के लिए । डसने के बाद तत्काल थोडा दूर जाकर खडा हो गया । क्रोध मिश्रित गर्व से महावीर को देखता है कि मेरे दंश का क्या असर हुआ ।

निष्कंपयोगी महावीर के मुखमंडल पर कोई अंतर

नहीं । वही शांत स्थिर मुद्रा से ध्यान में खडे है । अपने दंश का कोई असर न देख वह भभक उठा । देखता हूँ अब की बार ये कैसे बचता है । पूरी शक्ति से दंश मारता है । इतना विष उगला कि, विष की पिचकारियाँ सी उडने लगी इस तीव्र आघात से महावीर का शरीर भी हिल गया पर अंतर में स्थिर शांत थे ।

एक ओर विष के फव्वारे उड रहे है । दूसरी ओर प्रेम का, अमृत का झरना बह रहा है । क्रोध जब निष्फल हो जाता है तो क्रोध के आवेश, आवेग में चेतना लुप्त हो जाती है । चंडकौशिक की आँख आग का गोला बन गई थी । मुँह से विष झर रहा है । क्रोधी अपने क्रोध को निष्फल देखता है तो स्वयं पर ही उसे क्रोध आने लगता है । इस समय चंडकौशिक अपनी बची खुची शक्ति समेटकर तीव्र आवेश से डसने के लिए झुकता है, उसका शरीर इस बार क्रोध में काँपता हुआ झुका तो पुन: वह उठ न सका, वही महावीर के चरणों में गिर पडा ।

उसका विष खत्म हो गया जिस विष शक्ति पर उसे इतना भरोसा था । जिसके बलपर उसने कईयों को भस्म कर दिया था आज उसी विष को निष्फल देख वह ग्लानि से भर गया । उसके मुखपर महावीर के चरणों से बहता हुआ खून लगा था । उसके मुँह में, शरीर में इतना विष, क्रोध भरा था कि दो-तीन बार दंश मारते हुए उसे पता ही नहीं चला पर जब विष निकल गया, क्रोध का जहर उतर गया तब उसे अपने मुँह में कुछ स्वाद आया, ''अरे ! यह तो दूध के समान मीठा है । आज तक मैंने जिनको भी काँटा, उससे यह स्वाद बिलकुल ही भिन्न है ।''

खून के भी अलग-अलग गुणधर्म होते है । मनुष्य के स्वभाव, वृत्ति-प्रवृत्ति के अनुसार खारा, कडवा, कसैला, विषैला, मीठा आदि कितनी अद्‌भूत बात है । यह मनुष्य डरा नहीं, भागा नहीं, चूँ तक नहीं किया । बडे से बडे ताकतवर मेरी फुफकार के सामने मूर्च्छित हो जाते है । उन्हें दंश मारने की जरुरत नहीं होती ।

कौन है ये ? मैं अपने भीतर में कैसा परिवर्तन पा रहा हूँ ? विष ने अपना प्रयोग किया वह निष्फल हुआ। अब अमृत ने अपना प्रयोग शुरु किया महावीर की उर्ध्वचेतना, अमृत और करुणाभरी संवेदना ने चंडकौशिक की चेतना को छुआ । उनके दिव्य चेतना से निकले अमृत सिंचन ने चंड की स्मृति को जगाया ।

क्रोध के विष से चेतना सुप्त हो जाती है । शरीर भी जड बनते जाता है, लेकिन अमृत से सोई चेतना भी जागृत हो जाती है । शरीर में फिर संजीवनी आ जाती है । अमृत के देवता महावीर ने चंडकौशिक की चेतना से यह प्रश्न पूछा कि, ''मैं कौन हूँ ? यह प्रश्न तुम अन्य से मत पूछो दूसरा कौन है ? यह जानने का कोई अर्थ नहीं जबतक स्वयं को न जान लिया जाय ।

''कोऽहं'' ? स्वयं से पूछो ''मैं क्या था ? कहाँ था ? क्या हो गया ? इस अवस्था मैं कैसे पहुँचा ? यह प्रश्न अपने आपसे पूछो । तुम्हारे जीवन में इतना विष कहाँ से भर गया ? क्यों इतने क्रोधित होते हो ? चंड तुम्हारे प्रचंड क्रोधने कितने निरपराधों को मारा है ? इसका परिणाम आगे क्या होगा अपनी आत्मा से पूछो।

''क्रोध ने तुम्हारी चेतना को सुप्त बना दिया है । क्रोध के अधीन रहोगे तो उपर उठ नहीं पाओगे । तुम्हारी चेतना कभी जागृत नहीं होगी । पीछले दो जन्मोंसे तुमने अपने भीतर बहुत विष भरा है । ''जागो!

चंडकौशिक जागो'' तुम्हारे इस विषने अन्य के साथ तुम्हें भी जलाया है । तुम्हारा नाम भय, आतंक निर्माण करता है । कितना पतन है ?''

महावीर की चेतना से निकले अमृत ने चंडकौशिक को जगाया । जातिस्मरण ज्ञान और सक्रिय ध्यान के प्रयोग से निर्मल चेतना विस्तार पाती है । सुप्त, अशुध्द चेतना स्मृति के प्रयोग नहीं कर पाती । उनकी चेतना विस्तार की जगह संकुचित हो जाती है । स्मृति चेतना के प्रयोग से दो जन्मोंकी स्मृति उसकी चेतना में उभरी।

जिसने हमेशा विष बरसाया उसके लिए महावीर की आँखोंसे अमृत बरस रहा है । चंडकौशिक की जागी चेतना ने देखा ओ... हो... ये तो मेरे हितैषी है । उध्दारकर्ता है, दयालु है । चंडकौशिक ऐसी योनि में था जहाँ अभिव्यक्ति के लिए कोई भाषा नहीं होती । पर संवेदना, प्रेम, करुणा से बढकर कौनसी भाषा होती है । बालक के पास कौनसी भाषा होती है । बच्चे के लिए ममता तो प्रेम की भाषा का ही प्रयोग करती है । बच्चा सब समझ जाता है, बडोंसे अधिक ही । शब्दों में बंधी भाषा भीतर तक स्पर्श नहीं करती । करुणा प्रेम की भाषा आत्मा को छू लेती है ।

चंडकौशिक अपनी झूठी शक्ति क्रोध, विष का वमन कर चुका है । महावीर के चरणों में शांत पडा, उन्हें देख रहा है । महावीर का आत्मसंवाद, चेतना के प्रयोग चल रहे है । ''चंडकौशिक तुम भी कभी साधक थे । वहाँ क्रोध ने तुझे नीचे गिराया । इस आश्रम में जन्मा । पूर्वजन्म के क्रोध के संस्कार अधिक दृढ, सघन हो गए । क्रोध में पुन: मारा गया । चेतना उर्ध्वगतिसे अधोगति करती है । बीचमें ही संभल जाए तो वापस चेतना उर्ध्वगति करती है । अब भी जाग जा, अभी भी तुम्हारे में चेतना की गति को बदलने की क्षमता है ।'' महावीर की चेतना से निकले शब्दोंने चंडकौशिक को पूर्ण बदल दिया । कोई कल्पना भी नहीं कर सकता कि यह वही विषधर शीघ्रकोपी है जिसके नामसे लोग काँपते थे । वहीं दीर्घकायवाला चंडकौशिक भूमिपर शांत पडा है ।

महावीर कुछ दिन वहींपर ध्यान में रहे । चंडकौशिक सेवक बन गया । उसने जहरभरा जीवन जीया था जिसमें वह स्वयं जल रहा था । अन्य को मार रहा था । उसने महावीर से जीवन अमृत पाया । वह धन्य धन्य हो गया।

अमृत की यात्रा फिरसे शुरु हुई । उनकी इस यात्रा ने चंडकौशिक के जीवन को बदल दिया । भय, आतंक के साम्राज्य का अंत हुआ । उत्तरवाचाला में एक ही चर्चा चल रही है कि चंडकौशिक ने एक सुंदर संन्यासी को मार दिया । उन्हें संन्यासी पर नहीं विषधर पर अधिक विश्वास था । मनुष्य के स्वभाव की बहुत बडी कमजोरी है कि भय, आतंक फैलानेवालोंपर अधिक विश्वास करता है । शांति, प्रेम का संदेश देनेवालों पर भरोसा नहीं है इसलिए आतंक जीतता है ।

किंतु जो बच्चे थे उन्हें विश्वास था बाबा जरुर वापस आयेंगे । चंडकौशिक बाबा के तेज के सामने शांत हो जाएगा । बच्चे उनके आनेकी प्रतीक्षा कर रहे है । वे रोज उस मार्गपर आकर बैठ जाते । उनकी प्रतीक्षा निराशा में बदल जाती । सूर्यास्त के बाद वे उदास होकर घर लौट जाते ।

एक दिन सबेरे-सबेरे आये तो वे देख रहे है । क्षितिज में से आशा की किरण का उदय हुआ । बच्चोंने देखा उनके बाबा चले आ रहे है । बाबाको देखने की उत्सुकता प्यास परम हर्ष में बदल गई । चारों ओर हर्ष की लहर फूट पडी शोर मच गया । बाबा आ गये - बाबा वापस आ गए... । वे सरपट उनकी दिशामें दौड चले, कौन उनके पास पहले पहुँचता है, उनमें होड लग गई ।

महावीर भी बच्चोंसे मिलना चाहते है । वे जानते थे बच्चे प्रेमसे कबसे उनकी प्रतीक्षा कर रहे है । आज उनके आभामंडल, मुखमंडल से दिखाई दे रहा है कि वे दिव्यत्व के परमोच्च शिखरपर है । हर्ष में बच्चे ऐसे भागे जा रहे है जैसे उन्हें मनचाहा मिल गया । उनके निकट पहुँचते ही, ''बाबा की जय,'' ''बाबा की जय'' से वातावरण गूँजा दिया । प्रणाम करके बच्चोंने उन्हें घेर लिया । उन्हें कहीं कुछ भी नहीं हुआ । यह देख वे अत्यंत खुश हुए ।

इतने दिनोंसे चंडकौशिक के प्रति जो उत्सुकता, जिज्ञासा थी आज बांध टूट गया । बच्चे कबतक संयम रखते बोल उठे, ''बाबा ! चंडकौशिक ने आपको कैसे छोड दिया ? उसने आपको कोई कष्ट नहीं दिया ? चंडकौशिक कैसे दिखता है? वह कितना बडा है ? आपको डर नहीं लगा ? आप वापस कैसे आये ? चंडकौशिक का क्या हुआ?'' प्रश्नोंकी बौछार में महावीर ने मुस्कुराते हुए बच्चों को इशारे से शांत

किया। ''प्रश्न ही करते रहोगे, सुनोगे नहीं ?'' तुम्हारी प्रश्न जिज्ञासा से में प्रसन्न हूँ। चलो, हम किसी वृक्ष के तले बैठकर बात करे।''

''बच्चों सुनो ! मैं अभय की साधना करता हूँ। न डरता हूँ न डराता हूँ। भय किसी चिडीयाँ का नाम है? भय होता तो चंडकौशिक के पास जाता ही क्यों ? चंडकौशिक ऐसा क्यों बना, जानते हों ? बच्चोंने जिज्ञासा से कहा, ''नहीं जानते,'' ''आप बताईये।''

''ध्यान से सुनो, चंडकौशिक पूर्व जन्म में संन्यासी था। उसका एक शिष्य था। संध्या हो गई थी अंधेरा गिरने लगा। गुरु तेजीसे चले जा रहे थे अचानक उनके पैरोंके नीचे मेंढक आकर मर गया। बच्चों मेंढक देखा है ?'' हाँ बाबा ! जो पानी में रहता है। ड्रांव-ड्रांव करता है। हाँ ! वही, ''गुरु के पैरोंके नीचे दबकर मरा था।'' इसलिए शिष्य ने कहा गुरुजी आपको पाप लगा है। प्रायश्चित करो।

गुरु ने कहा ठीक है। प्रायश्चित कर लूँगा। शिष्य बार-बार उसी बात को कहता रहा, तो गुरु को गुस्सा आ गया। इतना गुस्सा कि वे उसे मारने के लिए दौडे। अंधेरे में दिखाई नहीं दिया। एक स्तंभ से टकराए सर फट गया। वहीं मृत्यु हो गई। क्रोध में मृत्यु हुई, इसलिए क्रोध साथ आया। मरने के बाद इसी आश्रम में जहाँ खंडहर है, वहाँ मुखिया के घर जन्म लिया। यहाँ भी क्रोध ने साथ नहीं छोडा। बहुत क्रोधी था। आश्रम के किसी पेड पौंधे फूल को हाथ नहीं लगाने देता। कोई भूल से भी हाथ लगा देता तो बडा ही कुपित होता। माँ बाप भी समझाते पर वह किसीकी नहीं सुनता।''

''एक दिन तुम्हारे जैसे छोटे बच्चे फूल के आकर्षण से बंधे बगीचे में आये। वे फूल लेने लगे। उनको फूल लेता देख वह उन्हें मारने के लिए दौडा, लडके भागे। वह बहुत ही गुस्से में था। गुस्से में मनुष्य न ठीक देख पाता है, न सुन पाता है, न कुछ समझ पाता है। भयंकर क्रोध में था। सामने गड्ढा दिखाई नहीं दिया उसीमें जा गिरा, गिरते ही मर गया। वही मरकर चंडकौशिक के रुपमें भयंकर विषधर बन गया। इसी आश्रम में रहने लगा तीव्र क्रोध के कारण उसके भीतर में विष ही विष भर गया।''

''इस आश्रम में जो भी रहते थे उन सबको उसने मार दिया। कितना अच्छा आश्रम था। वहाँ सब पढते थे। आज वह उजड गया है। क्रोध का परिणाम देखा। इसलिए कभी किसीपर क्रोध मत करो। अपने आपपर भी क्रोध नहीं करना चाहिए। कोई तुम्हें क्यों सताएगा ? तुम किसी के लिए कष्ट का कारण मत बनो तुम्हें भी कष्ट नहीं होगा।''

''बच्चों ! सभी को अपना जीवन प्रिय है। जो कमजोर है उसे सताओ नहीं। जो ताकतवर है उससे डरो नहीं। ताकत का सामना निर्भयता से किया जा सकता है। तुम दुख नहीं चाहते तो दूसरे को दुख मत दो। जो तुम अपने लिए नहीं चाहते उसे दूसरे के लिए मन से भी मत चाहो। प्राणीमात्र के मित्र बनो। चंडकौशिक से डरनेकी कोई बात नहीं है। आज से वह तुम्हारा मित्र है। क्रोध का परिणाम तुमने देखा इसलिए क्रोध नहीं, प्रेम करो, मैत्री करो। बच्चोंने संकल्प किया। आज से हम क्रोध नहीं करेंगे। सभी को अपना मित्र समझेंगे आपको वचन देते है।'' बच्चों के संकल्प से महावीर प्रमुदित हुए।

सुमित्र ने पूछा, ''आपने उसे कैसे समझाया ?'' हमारी भाषा वह कैसे समझेगा ? ''बच्चों, ये पेड पौधे वनस्पति देखते हो, इनमें भी हमारे जैसे प्राण है, चेतना है, ये विकसित होते है। जहाँ विकास है वहाँ चेतना है, ये भी संवेदना की भाषा तत्क्षण समझते है। देखो तुम्हारे साथ यह श्वान आया है, तुम जो भी बोलते हो इसे समझता है। प्यार से पुकारो पीछे-पीछे दौडता आता है। क्रोध से दुत्कारो तुरंत दूर चला जाएगा। वैसे ही चंडकौशिक ने मेरे प्यार को समझा उसने देखा, जाना यह शत्रु नहीं मित्र है।'' मैंने उसे समझाया क्रोध से स्वयं दुख पा रहे हो, दूसरों को भी दुख दे रहे हो। क्रोध से जन्म बिगडा है। उसे त्याग दो जहर नहीं अमृत बरसाओ। जहर के नहीं अमृत के उपासक बनो। बच्चों प्रेम में मैत्री में अपार शक्ति है।''

बच्चोंने कहा, ''हमने आपकी बात मानी, अब आप हमारी बात मानिये'' महावीर मौन हो गये । वे प्यार से उन्हें देख रहे है, सुन रहे है ये क्या बात मनवाना चाहते है । मित्रोंने कहा, ''बाबा ! आपने बहुत दिनोंसे कुछ खाया नहीं है आप हमारे हाथोंसे खाना लीजिये आप ना नहीं कहना । नहीं तो हम नाराज हो जायेंगे।''

महावीर बच्चोंके निर्मल प्रेम, आग्रह को कैसे नकारते । वे शरीर की आवश्यकता को जानते है । महावीर का जीवन प्रकृति के साथ है । वे प्रकृति के अनुकूल चलते है । वृक्ष को एक बार पानी मिल जाय तो वह हराभरा रहता है । महावीर ने अपने शरीर को वैसा ही बना लिया है । वे सोचते है, मैं पेड की तरह शुध्द हवा ले रहा हूँ । इससे पूरे शरीर में ऊर्जाका, प्राणका संचार होता है । मुझे शरीर को सताना नहीं है, न इसे पीडित करना है ।

वे आग्रही नहीं, समता की प्रतिमा है । बच्चे आशाभरी दृष्टिसे टकटकी लगाये महावीर को देख रहे है। जैसे ही उन्हें संकेत मिला वे हर्ष से फूले न समाये। उनकी माताओंने जो खाना उन्हें साथ में दिया था उन पोटलियों को खोलने लगे । किसी के पास रोटी थी, किसी के पास सत्तु, किसीके पास दही, मक्खन किसीके पास चावल, तरह-तरह के खाद्यपदार्थ उनके सामने खुल गये । हर बच्चा आग्रह कर रहा है । पहले मेरे से लीजिये, पहले मैं दूँगा । एक ने कहा, ''ठहरो ! मैं बडासा पत्ता तोड के लाता हूँ उसपर हम सभी उन्हें देंगे ।'' महावीर ने बच्चे को रोका, ''बच्चों ! पेड से पत्ता तोडने की आवश्यकता नहीं है इसके लिए मेरे हाथ ही बहुत है ।''

''बच्चों, मैं तुमसे आहार लूँगा लेकिन पहले तुम खाओ । उसके बाद ही में ग्रहण करुँगा ।'' बच्चोंने एक साथ कहा, ''आप लेंगे उसके बाद हम खायेंगे । अनाग्रही महावीर बालहठ के सामने क्या करते । उन्होंने बच्चों को समझाया कि, ''तुम सभी मुझे थोडा, थोडा दो । तुम सबकी भावनापूर्ण होगी । इस शरीर का काम भी चल जाएगा ।'' बच्चों द्वारा प्रेम-भक्ति से खिलाये भोजन से ऐसी तृप्ति हुई कि अब महिनों तक साधना कर सकता हूँ ।

महावीर विचार करते है इन बच्चों की तरह बडे भी आपस में बाँटकर एक-दूसरे को खिलाए तो कोई संघर्ष नहीं होगा । आवश्यकता से अधिक संग्रह न करे तो कोई भूखा न रहेगा ।

बच्चे धीरे-धीरे अपना खाना आदान-प्रदान कर शांति से खा रहे है । एक खाते खाते पूछता है, ''बाबा! आपको भूख नहीं लगती ।'' महावीर कहते है, ''भूख लगती है तब खाता हूँ । पर उसकी ओर ध्यान नहीं देता जिसका बार-बार ध्यान करोगे, स्मरण करोगे तो वह बात तुम्हारा पीछा करेगी जैसे - भूत । भूत का स्मरण करोगे तो भूत पीछा नहीं छोडेगा । मेरा ध्यान अंतर में होता है । इसलिए क्षुधा मुझे पीडित नहीं करती ।''

पुष्पकुमार ने पूछा, ''बाबा ये अंतर में क्या है?'' इस छोटे से प्यारे से प्रश्न से महावीर मुस्कुराए, ''बच्चों तुम क्या हो ? आँख हो ? कान हो ? नाक हो ? शरीर हो ? नहीं-नहीं बच्चोंसे तुरंत जबाब मिला ।'' एक चतुर बच्चे ने कहा रू ''ये सब मिलकर हम है ।'' पर, बच्चों कहो ! तुम जब सो जाते हो उस समय भी जो जागता रहता है वही अंतर में है । वही तुम हो उसे ''आत्मा'' कहते है, ''मैं उसीकी खोज कर रहा हूँ, सत्य की खोज कर रहा हूँ ।''

सूर्य आधेसे उपर रास्ता तय कर चुका है । ''अच्छा बच्चों ! मेरी यात्रा फिर शुरु होगी ।'' बच्चोंने कहा, ''नहीं, आप यही रहिये । हम आपकी सेवा करेंगे, आपसे अच्छी बाते सीखेंगे । आप सच्चे बाबा है। आप अच्छे बाबा है । आप भगवान ही है ।'' महावीर ने कदम बढाएँ । बच्चे अपलक नयनोंसे उन्हें जाता हुआ देख रहे है । उनका मन उदास हो गया ।

बाबा गए, सूर्य बाबा भी कुछ देर में पश्चिम में जाकर छुप जाएगा । बच्चे भी अपने अपने घर जाने लगे । महावीर बच्चोंसे मिले आनंद की अनुभूति में बढे जा रहे है । आज वे ध्यान के लिए उत्सुक है ।

आज फिर कोई खंडहर, वृक्ष, शमशान पावन बनेगा । (क्रमशः) ●

# SANSUI इलेक्ट्रॉनिक वजन काटे




## विक्रीपश्चात तत्पर सेवा

SANSUI

## सॅनसुई इलेक्ट्रॉनिक्स् प्रा. लि.

इ-५९, मार्केटयार्ड, कृषी पणन मंडळ जवळ, गुलटेकडी, पुणे ४११ ०३७
फोन: (०२०) २४२०६००० मो.: ९८२३८८८८८८
Email: info@weighbridge.us Website: www.sansuiscales.com

# "जैन समाज गौरव"

# जैन समाजाचा ध्रुवतारा – श्री. अचलजी जैन

**मुलाखतकार– साईमिलन, पुणे**



श्री. अचलजी जैन, सौ. इंदुमती जैन

अचल... या शब्दात खूप काही सामावलेले आहे. या शब्दाचा अर्थच आहे– जिद्द, अडचणींवर मात करून पुढे जाणे, अढळ असणे, या एकूणच शब्दार्थांचे आणि त्यांच्या भावदर्शन वेगळे आहे. अढळता ही ध्रुव ताऱ्याची आहे, जिद्द ही भीष्माची आहे, तर अडचणींवर मात करून पुढे जाण्याची शक्ती किंवा मानसिकता ही अर्जुनाची आहे... या सगळ्या गोष्टींची आठवण झाली ती समाजसेवेचे असिधाराव्रत स्वीकारलेल्या श्री. अचल जैन यांच्याशी गप्पा मारत असताना आणि त्यांच्या जीवनपटाचा परिचय करून घेताना. व्यक्ती तितक्या प्रकृती असतातच; पण त्या प्रकृतीची संस्कृतीशी सांगड घालून समाजकार्यासाठी त्याचा योग्य वापर करून सामाजिकतेची जाणीव असणारे खूप थोडे असतात; पण अशाच काही जैन समाजातील पुण्यातील महत्त्वाच्या व्यक्तींमध्ये अचल जैन यांचे नाव अभिमानाने घ्यावे असेच आहे.

अत्यंत खडतर जीवनातून बालपणाचा काळ त्यांनी व्यतीत केला. अचलजी जैन यांचे वडील श्री. वालचंदजी शंकरलालजी जैन हे १९५० च्या दरम्यान पुण्यात आले. हे जैन कुटुंब मूळचे राजस्थान येथील पाडीव या गावचे. कष्टाची जाणीव ज्यांना असते, त्यांनाच पैशाचे आणि आपल्या कार्यातून निर्माण होणाऱ्या प्रत्येक गोष्टीचे महत्त्व लक्षात येत असते. अचल जैन यांचे असेच आहे– वडील पाडीवहून पुण्यात आले तेव्हा येथे कोणता व्यवसाय करायचा किंवा पोटासाठी काय करायचे– हा मुख्य प्रश्न होताच... १९५० चा साधारण हा काळ होता. इच्छा तिथे मार्ग या उक्तीप्रमाणे वालचंदजी जैन यांनी किराणा दुकानापासून सुरुवात केली. त्याचवेळी त्यांनी साखरेच्या पाकापासून वेगवेगळ्या फ्लेवरच्या गोळ्या बनवण्याचा व्यवसाय सुरू केला. याच कारणामुळे जैन समाजातच नव्हे तर इतरही ठिकाणी ते 'गोळीवाला' म्हणूनच ओळखले जाऊ लागले. त्यानंतर कन्फेक्शनरी आणि स्टेशनरीचा होलसेल व्यवसायही सुरू झाला. गोळ्यांच्या कारखान्यात मोठमोठ्या भट्ट्या होत्या. मात्र, हे काम करीत असताना असंख्य जीवजंतूंची हानी होत असल्याचे लक्षात आले आणि 'अहिंसा परमो धर्मा'चे तत्त्व लक्षात घेऊन वडिलांनी या धंद्यात बदल केला. लहानपणापासूनच वडिलांच्या या कामात अचल जैन आणि त्यांचे मोठे बंधू छगनभाई मदत करू लागले होते. त्यानंतर रविवार पेठेत 'एन. एस. जैन ॲण्ड कं.' या फर्मला १९६६ ला सुरुवात झाली. स्टेशनरीच्या व्यवसायातून पुढे 'क्रॉम्पटन' या कंपनीची एजन्सी मिळाली आणि इलेक्ट्रिक व्यवसायात अचलजींचे पदार्पण झाले. क्रॉम्पटन बल्ब-ट्युबच्या विक्रीतून त्यांना चांगले यश मिळाले.

होलसेलमध्ये हा व्यवसाय तीन वर्षे त्यांनी मोठ्या जिद्दीने केला. सायकलवरून पुण्यातील बाजारपेठांमध्ये क्रॉम्पटनचा माल पोहोचवला जायचा. त्यासाठी अचलजी स्वतः काम करीत होते. क्रॉम्प्टनबरोबरच अनेक कंपन्यांच्या एजन्सी त्यांच्याकडे होत्या आणि १९७८ मध्ये पुन्हा एकदा नव्या व्यवसायाची मुहूर्तमेढ रोवली गेली. अचलजींनी प्लॅस्टिकचा आणि नंतर मेटल इंडस्ट्रीचा व्यवसाय सुरू केला. यामध्ये पितळी भांड्यांच्या व्यवसायात चांगले यश संपादन केले. हा व्यवसाय सुरू असतानाच अचलजींनी पुन्हा एका नव्या क्षेत्राशी नाते जोडले. ते १९८१ च्या दरम्यान बांधकाम व्यवसायाकडे वळले आणि आजही रिअल इस्टेटच्या व्यवसायात ते पाय रोवून उभे आहेत.

अचलजींचा जन्मभूमी राजस्थानातील पाडीव आणि कर्मभूमी महाराष्ट्रातील पुणे शहर, त्यांचे शिक्षणही पुण्यातच झाले... त्यांच्या या प्रवासात कर्मभूमीतील त्यांचा ठसा वेगळा आहे. जीवन जगण्याची सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक कला त्यांनी या कर्मभूमीतच संपादन केली. लोकसेवा, समाजसेवा करण्याची त्यांची लहानपणापासूनच सवय. या त्यांच्या मानवतेच्या वृत्तीतूनच त्यांनी १९८४ मध्ये त्यांच्या काही मित्रांना एकत्र घेऊन 'श्री जैन युवक संघटने'ची स्थापना केली. यावेळी ते वानवडीच्या दीडशे वर्षे जुन्या असलेल्या जैन मंदिरात छरी पाली संघ काढला. श्री जैन युवक संघटनेमार्फत अनेक समाजाभिमुख कामे त्यांनी केली आहेत आणि आजही करीत आहेत. संघटनेचे अध्यक्षपद त्यांच्याकडे आले आणि त्यांनी पहिले कार्य केले ते पुण्यात रुग्णवाहिका सुरू करण्याचे. याबरोबरच सारसबागेत येणाऱ्या नागरिकांसाठी त्यांनी वॉटर कुलर बसवले. ते आजही सुरू आहे. रविवार पेठेतील रेल्वे बुकिंग ऑफिससमोर ए. व्ही. गांधी यांची 'जैन भोजनशाळा' होती. नंतरच्या काळात अजलजींनी या भोजनशाळेचे काम आपल्या हाती घेऊन पुन्हा सुरू केले. हे त्यांचे काम अनेक वर्षे सुरू होते. पुण्यात बाहेरगावाहून येणाऱ्या जैन विद्यार्थ्यांना, श्रावकांना या भोजनशाळेचा खूप उपयोग होत होता.

जैन धर्मात क्षमापनाचे मोठे महत्त्व आहे. पाच प्रमुख तत्त्वांत क्षमा हे वीरांचे लक्षण मानले गेले. आहे. पर्युषण पर्वाची सांगता याच 'क्षमापना'ने होते. त्यामुळेच अचलजींनी सर्व संप्रदायाचे गुरूभगवंत व कार्यकर्ते यांना एकत्र करून विजय वल्लभ हायस्कूच्या क्रीडांगणावर १९८४ च्या एकत्रित क्षमापनाचा मोठा कार्यक्रम घेतला होता.

१९९० ते २००० हा काळ तसा मागील शतकातील होता. या काळात देखील आजच्यासारख्या सुविधा म्हणाव्या तशा नव्हत्या गेल्या वीस वर्षांत जग खूप जवळ आले आहे किंबहुना आपल्या हाताच्या मुठीत आले आहे. एका 'क्लिक'वर आज आपण अनेक सुविधा मिळवू शकतो आहोत. घरबसल्या कित्येक गोष्टी सहजसाध्य आहेत; पण ३५ वर्षांपूर्वीचा काळ तसा नव्हता. एखाद्या सहलीला किंवा गावाला जायचे तरी पूर्वतयारी कित्येक महिने आधी करावी लागत होती. अशा या काळात अचलजींनी एक खूप मोठे पाऊल उचलले. सम्मेदशिखरजीची यात्रा भाविकांसाठी जैन युवक संघटनेतर्फे सुमारे २२५ लोकांना घेऊन त्यांनी ही यात्रा काढली. यात्रेदरम्यान पाच गाड्यांपैकी एका गाडीला अपघात झाला. त्यात त्यांचे आई-वडील आणि कुटुंबिय देखील होते आणि ते सर्व जखमी झाले होते; पण वडिलांनी त्यावेळी आधाराचा हात खांद्यावर ठेवला तो खूप बळ देऊन गेला. त्यांनी अचलजींना स्पष्ट सांगितले की, मी ठीक आहे. तुझ्यावर सर्व यात्रेकरूंची जबाबदारी आहे, ती आधी पूर्ण कर. अपघातांतील जखमींना ताबडतोब रुग्णसेवा मिळवून दे. मला काहीही झालेले नाही.

हॉस्पिटलमध्ये अपघातग्रस्तांना दाखल करण्यात

आले. सुदैवाने या अपघातात कोणताही अनुचित प्रकार घडला नाही; पण अचलजी सांगतात– या यात्रेदरम्यान खूप माणसे वाचायला, अनुभवायला मिळाली. ही घटना त्यांच्या जीवनातील परीक्षेचा काळ होता; पण त्या घटनेतून समाजमनाच्या नाण्याच्या दोन्ही बाजू अनुभवयाला मिळाल्या.

अचलजींचे काम खूप मोठे आहे. जैन समाजाचे खरे तर ते भूषण आहे– त्यांचे कार्य अक्षरबद्ध करताना त्यांच्या अनुभवाची शिदोरी खूप मोठे शिक्षण देऊन जाणारी आहे. जैन समाजाच्या कोल्हापूर जवळील कुंभोज तीर्थाबाबत दिगंबर आणि श्वेतांबर यांच्यामधील वाद वाढले होते. त्यावेळी समाजाच्या चारही पंथांना एकत्र आणून त्यांच्यात समेट घडवून आणण्याचे काम अचलजींनी पुढाकार घेऊन केले. समाजाला एकत्र बांधून ठेवण्याचे त्यांचे कार्य आजही समाजाला दिशा, दृष्टी आणि चौकट देणारे ठरले आहे, ठरत आहे. आजही चारही संप्रदायांना एकत्र घेऊन त्यांच्यातील विविध समस्यांबाबत चर्चा करणे त्यातून समस्यापूर्ती करण्याचे अचलजींचे कार्य मोलाचे ठरत आहे.

अचलजींचे धार्मिक आणि सामाजिक कार्यातील व्याप्ती मोठी आहे. त्यांनी पुण्यात अनेक ठिकाणी पाणपोया सुरू केल्या आहेत. रविवार पेठेत श्री चतुःश्रृंगी मातेचे मंदिर आहे. हे मंदिर पत्र्याच्या शेडमध्ये होते. अचलजींचे मित्र केवलचंद सोनिगरा यांच्या सहकार्याने येथे त्यांनी आता मार्बलचे सुंदर मंदिर उभे केले आहे.

कोणतीही गोष्ट सहजासहजी तयार होत नसते. तसेच 'नाकोडा जैन धर्मशाळे'चे नवीन बांधकाम करतानाही झाले. पावणेदोनशे वर्षे जुन्या धर्मशाळेचे नूतनीकरण करण्याचा निर्णय झाला; पण येथे पूर्वीपासून वस्तीला असणारे लोक, येथील परिसर, जुन्या जागेची वास्तूरचना या सगळ्या गोष्टी लक्षात घ्याव्या लागल्या. त्यांचा अभ्यास करावा लागला आणि त्याचबरोबर जागा संपादनासाठी संघर्षही करावा लागला. हे करत असताना अनेकवेळा काही कठोर निर्णयही घ्यावे लागले. मात्र, त्या सर्वांची पूर्तता करून आज या जागेला मिळालेले वैभव जैन समाजाचे भूषण ठरते आहे आणि त्यासाठी अचलजींचे कार्य मोठे ठरले आहे. जैन समाजाचा पुण्यात जुना गोटीवाला धडा (गोटीवाला संघ) आहे. अचलजी या संघाचे विश्वस्त आहेत. संघाची ही जुनी पावणेदोनशे वर्षांपूर्वीची धर्मशाळा वातानुकूलित यंत्रणेसह पूर्णतः नवीन बांधण्यात आली. या धर्मशाळेचे नाव 'नाकोडा भैरव जैन धर्मशाळा' असे आहे. अत्याधुनिक सुविधांसह येथे कार्यक्रमाचा हॉल आहे. सुमारे २४ खोल्या आहेत.

या एकाच वास्तूबाबत नाही, तर अशा अनेक गोष्टी अचलजींनी संघर्षातून तयार केल्या आणि त्याला वैभव मिळवून दिले आहे. आगम मंदिर, दादावाडी, विमलनाथ मंदिर, संभवनाथ मंदिर, आदेश्वर महाराज, ओसवाल जैन मंदिर, डीएसके, वानवडी, वडगाव शेरी अशा अनेक मंदिरांचे अंजनशलाका प्रतिष्ठा महोत्सवात चढावे बोलण्याचे कार्य अचलजी यांनी यशस्वीरीत्या केले आहे. शाळा, महाविद्यालये उभारणीसाठी राजस्थान शिक्षण संघाची स्थापना केली. रोटरी क्लब आणि 'अक्षर एज्युकेशन फाउंडेशन' म्हणजचे आताचे 'राजस्थान फ्रेंड्स सर्कल'चे ते चार्टर मेंबर्स आहेत.

१९९९ मध्ये मुनिश्री नयपद्मसागरजी महाराजांनी श्री जैन श्वेतांबर मूर्तिपूजक युवक महासंघाची स्थापना केली आणि पुण्याचे अध्यक्ष म्हणून अचल जैन यांची नेमणूक केली, तेव्हापासून पुण्यातील युवा कार्यकर्ते, युवक मंडळ आणि मंदिरांच्या ट्रस्टींना एकत्र घेऊन काम करण्यास अचलजींनी सुरुवात केली. समन्वयाचा एक चांगला संदेश ते पोहोचवण्याचे काम करीत आहेत. कोणताही सामाजिक विषय असो, समाजाला एकत्र करून, चर्चा घडवून योग्य असा निर्णय घेण्याचे त्यांचे कौशल्य हे उल्लेखनीय असेच आहे.

२००४ मध्ये 'जितो'ची स्थापना झाली. 'पुणे जितो' या संस्थेचे सलग सात वर्षे अचलजी संस्थापक-अध्यक्ष होते. सामाजिक, शैक्षणिक क्षेत्रांत या संस्थेने भरीव कार्य केले. 'जितो' म्हणजे जैन इंटरनॅशनल ट्रेड ऑर्गनायझेशन. समाजाची सेवा, शिक्षण आणि आर्थिक सक्षमता असे या संस्थेचे ब्रिद आहे- आणि त्याचे तंतोतंत पालन या संस्थेच्या माध्यमातून केले जात आहे. 'जितो'च्या स्थापनेनंतर 'जितो फूड बँके'ची सुरुवात करण्यात आली. डे-नाईट क्रिकेट स्पर्धा, जेपीएल पुण्याच्या नेहरू स्टेडियमवर सुरू करण्यात आल्या आणि या कार्यक्रमाला उत्स्फूर्त प्रतिसाद मिळाला होता. स्टेडियम खचाखच भरलेले होते. कपिल देव, चंदू बोर्डे, दिलीप वेंगसरकर, किरण मोरे असे क्रिकेट क्षेत्रातील दिग्गज खेळाडू स्टेडियमवर उपस्थित होते.

याच दरम्यान ''साधर्मिक सुमंगल'' योजना श्री जैन श्वेतांबर मूर्तिपूजक युवक महासंघातर्फे करण्यात आली. या योजनेचे वैशिष्ट्यच असे आहे की- ज्यांच्या घरी कुणीही कमावती व्यक्ती नाही अशांना दरमहा खर्चासाठी रोख रक्कम देण्याचे काम सुरू झाले. समाजाकडून निधी गोळा करून कॅन्सर, डायलिसिस, हार्टअ‍ॅटॅक वगैरे आजारपणात किंवा अपघातानंतरच्या उपचारांसाठी येणाऱ्या खर्चातील काही रक्कम महासंघातर्फे थेट रुग्णालयात भरण्यात येते. हे काम आजही सुरू आहे. नैसर्गिक आपत्तीदरम्यान देखील समाजातर्फे मदत करण्याचे काम सुरू असते. पुणे जैन रिलिफ फंडाद्वारे हे काम केले जाते. याचबरोबर दुष्काळी भागातील गुरांसाठी चाराछावण्या, देवराईसोबत २१ गावांचे गाळ काढून बंधारे निर्मितीत समाजाला एकत्र घेऊन समाजाभिमुख कामे करण्यात अचलजींचा हात कोणी धरू शकणार नाही.

महासंघाची दोन अधिवेशने यशस्वीपणे त्यांनी पार पाडली आहेत. समाजाचे स्वतःचे सांस्कृतिक भवन निर्माण करण्यासाठी समाजाला एकत्र करून जयजिनेंद्र प्रतिष्ठानची स्थापना त्यांनी केली आहे. साडेसात एकर जागेत 'नाजूश्री सांस्कृतिक भवन' उभे केले आहे. या भूखंडावर क्लब हाऊस, स्पोर्ट्स अ‍ॅक्टिव्हिटी, स्वीमिंग पूल अशा अनेक उत्कृष्ट सुविधांची योजनाकार्यान्वित आहे.

गुलटेकडी परिसरात पाच मंदिरांचा एक संघ आहे. हा 'गुलटेकडी जैन संघ' उभारण्यात अचलजींनी पुढाकार घेतला. अचल जैन हे राहायला गुलटेकडी येथे आहेत. त्यांच्या राहत्या घराच्या परिसरातच मार्बलचे शिखरबंद मंदिर त्यांनी स्व-खर्चाने बांधलेले असून, ते जैन संघाला अर्पण केलेले आहे. गुलटेकडी जैन संघातर्फे समाजामध्ये विशाल भवन निर्माण केले गेले आहे. या भवनाला त्यांच्या परिवाराचे नाव 'गोळीवाला भवन' दिले आहे.

याच परिसरामध्ये त्यांनी उभारलेल्या 'श्रावस्ती' या इमारतीमध्ये साधू-साध्वीजींसाठी उपाश्रय-धर्म-चारित्र्य आराधना भवनाची निर्मिती केली गेली आहे. अचलजींची बहीण आणि भाची यांनी जैन दीक्षा घेतली आहे, त्यांचेच नाव या 'धर्मचारित्र्य आराधना भवन'ला देण्यात आले आहे, हे या भवनाचे वैशिष्ट्य आहे.

अचलजी पुण्यात राहत असले, त्यांची कर्मभूमी पुणे असले तरी ते आपल्या जन्मभूमीला राजस्थानातील पाडीव या ठिकाणाला विसरलेले नाहीत. पाडीवला त्यांनी एक अत्याधुनिक धर्मशाळा बांधली असून, ती गावाला अर्पण केली आहे.

अचलजींचे एकत्र कुटुंब आहे. आई कमलाबेन, मोठे बंधू छगनलालजी, पत्नी सौ. इंदुमती, तीन विवाहित मुली- दीपाली, शिल्पा आणि मीनल, मुलगा नीलेश, सून, नातवंडे असा सुंदर परिवार आहे. आई श्रीमती कमलाबेन वयाच्या ९५ नंतरही आरोग्यपूर्ण जीवन व्यतीत करीत आहेत. बंधू छगनलालजी, पुतण्या योगेश, मुलगा नीलेश हे एन. एस. जैन अ‍ॅण्ड कं. प्रा. लि. या ऑथराइज्ड डिस्ट्रिब्युटर्स अ‍ॅण्ड होलसेल डीलर्स इन इलेक्ट्रिक गुड्स अ‍ॅण्ड मोबाइल या व्यवसायात कार्यरत आहेत.

अचलजींच्या पत्नी सौ. इंदुमती या बेंगलोरच्या

आहेत; शांत-सुस्वभावी असे त्यांचे व्यक्तिमत्त्व अचलजींच्या जीवनाचा अविभाज्य हिस्सा आहे आणि त्यांच्या कर्तृत्वाचा आधारस्तंभ आहे, हे त्यांच्याकडे पाहताच लक्षात येते. तीन विवाहित मुली आणि मुलगा नीलेश ही अचलजींच्या जीवनाची ऊर्जा आहे.

आपल्या या कार्यात पुण्यातील शांतिनगर, कोंढवा येथे एक मोठे होस्टेल सुरू करण्याचा मानस अचलजींचा आहे. एक डीजिटल शाळा, हॉस्टेल, जीम, क्लब, स्विमिंग टँक, क्रीडांगण असे काम दोन एकर जागेत सुरू आहे.

भगवान महावीर जन्मकल्याणक महोत्सव दरवर्षी पुणे शहरात सामुहिक उत्सव समितीमार्फत साजरा केला जातो. या उत्सव समितीचे अचलजी दोन वर्षांपासून अध्यक्ष आहेत. या वर्षी सकाळी भव्य वरघोडा मिरवणूक आणि संध्याकाळी 'नाजूश्री - जय जिनेंद्र प्रतिष्ठान' मध्ये भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रमाचे आयोजन करण्यात आले होते; पण करोना या संसर्गजन्य आजाराच्या पार्श्वभूमीवर हे कार्यक्रम रद्द करण्यात आले. यात महाआरती, भक्तिगीते, लेझर शो आदी कार्यक्रम होणार होते. महावीर जन्मकल्याणक महोत्सवानिमित्ताने पुणे शहरात आठ वर्ष दुचाकीवर भव्य ''अहिंसा रॅलीचे'' आयोजन 'जैन जागृति'चे संजय चोरडिया यांच्या प्रेरणेने करण्यात येत होते, या रॅलीच्या आयोजनात अचलजींची प्रमुख भूमिका होती.

आजच्या करोना महामारीच्या संकटातही समाजासाठी मदतीचा हात देण्याचे अचलजींचे काम एका मोठ्या स्तरावर केले आहे. गत ३ महिन्यात हजारो फुड पाकीटाचे वितरण केले आहे.

'जीतो पुणे चॅप्टर'च्या माध्यमातून 'युवक महासंघा'च्या सहकार्यातून आणि समस्त जैन संघाच्या आशीर्वादाने अनुभवी डॉक्टरांच्या देखरेखेखाली पुण्यातील 'नाजुश्री हॉल'मध्ये जैन समाजातील व्यक्तींसाठी क्वारंटाइन सेंटर (विलगीकरण केंद्र) १ जुलै २०२० रोजी सुरू करण्यात आले आहे. या क्वारंटाइन सेंटरमध्ये आले, हळद, काळी मिरी आदी आयुर्वेदिक औषधींचा काढा रोज सकाळी आणि दोन वेळा उत्कृष्ट जैन भोजन अशी सुविधा देण्यात येत आहे.

अचलजींचे एक वैशिष्ट्य मुद्दाम या लेखाच्या शेवटी घेतले आहे. शांतीपाठ म्हणणे हे जैन धर्मामध्ये एक विशेष महत्त्वाचे समजले जाते. अत्यंत अस्खलित आणि स्पष्ट उच्चारात अर्थांचा भाव सर्वांना समजेल अशा स्वरूपात अचलजी हा शांतीपाठ म्हणतात. खरे तर त्यांच्या कार्याला जो आयाम मिळाला आहे, तो शांतीपाठातील भावपूर्ण मंत्रोच्चाराचेच फलित आहे, असे म्हटल्यास अतिशयोक्ती होणार नाही.

अचलजींचे कार्य हे खूप मोठे आहे, त्यामागे अपार कष्ट आहेत, संघर्ष आहे; पण त्यातून त्यांनी मिळवलेले यश हे समाजाला खूप काही देऊन जाणारे आहे. जैन धर्माच्या चारही संप्रदायांत अशा व्यक्तींचे कार्य हे भूषणावह तर आहेच; पण पुढच्या पिढीसाठीही नक्कीच प्रेरणादायी ठरणारे आहे. ●

महाराष्ट्रातील जास्तीत जास्त जैन समाजापर्यंत पोहचण्याचा
सर्वांत खात्रीशीर, सर्वांत सोपा व सर्वांत स्वस्त मार्ग...
जैन जागृति - जाहिराती साठी संपर्क करा.

## कव्हर तपशील - ऑगस्ट २०२०



- **श्री शत्रुंजय तीर्थ – पालिताना**
  मंदिराची नगरी श्री शत्रुंजय तीर्थ – पालिताना या तीर्थाबद्दल आचार्य श्री ललितप्रभ सागरजी म.सा. यांचा लेख पान नं. २७ वर दिलेला आहे.

- **उपाध्याय श्री प्रवीणऋषिजी म.सा. – पुणे चातुर्मास**
  श्री व. स्था. जैन श्रावक संघ, साधना सदन, महावीर प्रतिष्ठान पुणे येथे उपाध्याय श्री प्रवीणऋषिजी म.सा., मधूरकंठी श्री. तीर्थेशऋषिजी म.सा आदि ठाणा २ यांचा चातुर्मास संपन्न होत आहे. १ जुलै पासून उपाध्याय श्री चे प्रवचन https:www. youtube.com/c/UpadhyayPravinRushijiOfficial/live या संकेत स्थळावर रोज सकाळी ९ ते १० प्रसारीत होत आहे. (बातमी पान नं. ३३ व ७०)

- **स्व. चंद्रकांतजी छाजेड सभागृह – उद्घाटन**
  पुणे, खडकी येथे खडकी शिक्षण संस्थेने नव्याने बांधलेल्या सभागृहाचे उद्घाटन व ''स्व. चंद्रकांत मोहनलाल छाजेड सभागृह'' असे नामकरण स्व. चंद्रकांतजी छाजेड यांच्या वाढदिवसाचे औचित्य साधून करण्यात आले. यावेळी संस्थेचे मानद अध्यक्ष व शिक्षण प्रसारक मंडळाचे अध्यक्ष मा. ॲड. एस. के. जैन, काँग्रेसचे माजी आमदार उल्हास पवार, माजी मंत्री बाळासाहेब शिवरकर, माजी महापौर दत्ताजी गायकवाड, अभयजी छाजेड, माजी स्थायी समिती अध्यक्ष आबा बागूल, संस्थेचे अध्यक्ष श्री. कृष्णकुमार गोयल, निर्मला छाजेड, आनंद छाजेड, राहुल छाजेड, सौ. राखी छाजेड व छाजेड परिवार उपस्थित होता.
  (बातमी पान नं. ८३)

- **जैन समाज गौरव – श्री. अचलजी जैन**
  जैन समाज गौरव व विविध धार्मिक, सामाजिक कार्यात अग्रेसर श्री. अचलजी जैन यांची मुलाखत पान नं. २७ वर प्रसिध्द केली आहे.

- **श्री. युवराज शहा – पुस्तक प्रकाशन**
  पुणे येथील युवा नेते व समाजसेवी श्री. युवराजजी शहा यांनी 'जीना इसी का नाम है' हे पुस्तक लिहिले. या पुस्तकाचे प्रकाशन लोकनेते श्री. शरदजी पवार यांच्या हस्ते मुंबईत यशवंतराव प्रतिष्ठानच्या सभागृहात अनेक मान्यवरांच्या उपस्थितीत करण्यात आले. (बातमी पान नं. ६७)

- **नगरसेवक श्री. प्रवीणजी चोरबेले, पुणे**
  पुणे प्रभाग क्रमांक २८ चे नगरसेवक व बिबवेवाडी प्रभाग समितीचे अध्यक्ष श्री. प्रवीणजी चोरबेले यांच्या वाढदिवसाच्या निमित्त ऋतुराज सभागृहात रक्तदान शिबिराचे आयोजन करण्यात आले. यावेळी अनेक मान्यवर उपस्थित राहून श्री. प्रवीणजी चोरबेले यांना शुभेच्छा देऊन रक्तदान केले. यावेळी रक्तदान करणाऱ्यांचा सत्कार करताना नगरसेवक श्री. प्रवीणजी चोरबेले, उद्योजक श्री. अनील भन्सालीजी, श्री. राजजी ललवाणी, जैन जागृतिचे संपादक श्री. संजयजी चोरडिया आदि मान्यवर.

**समाजाची आवड, समाजाची निवड**

**जैन जागृति**

## अखिल भारतीय स्तरावरील पर्युषण प्रतिक सजावट स्पर्धा गौतम लब्धि फाउंडेशन, पुणे शहर

उपाध्याय प्रवर अर्हम् विज्जा प्रणेता प.पू.श्री प्रवीणऋषिजी म.सा. आदि ठाणा २ यांचा चातुर्मास श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ, साधना सदन - महावीर प्रतिष्ठान मध्ये खूप चांगल्या पध्दतीने चालू आहे. आपल्या जैन समाजातील कोणीही व्यक्ति प्रगतीपासून वंचित राहू नये यासाठी ते अविरत वेगवेगळ्या प्रकारचे उपक्रम राबवित आहेत. हे समाजाचे दृष्टिने गौरवास्पद आहे. पर्युषण पर्व उत्साहात व घराघरात साजरा करता यावा यासाठी पर्युषणाची स्थापना घराघरामध्ये करण्याचा उपक्रम आपल्या पुण्यातुनच सन २०१३ पासून प्रारंभ केला आहे. त्याची संक्षिप्त नियमावली खाली देत आहोत.

### पर्वाधिराज पर्युषण प्रतिक स्थापना

**मार्गदर्शक नियम**

⁕ आपण आपल्या घरात दर्शनिय भागात आपल्या समाजाचे वैशिष्ट असलेल्या पर्युषण पर्वाच्या प्रतिकाची स्थापना १५ ऑगस्ट २०२० रोजी सकाळी करावयाची आहे.

⁕ याकरिता दिशा आणि मुहुर्ताचे कोणतेही बंधन नाही. (प्रतिक, स्वागत मुल्य रु. १००/- आहे.)

⁕ सदर प्रतिकाची स्थापना आपल्या घरातील स्वच्छ टेबल, चौरंग किंवा पाटावर करावी.

⁕ पर्युषण काळात रोज सकाळी व संध्याकाळी प्रतिकासमोर कुटुंबातील सर्वांनी एकत्ररित्या मनोभावे प्रार्थना करावी. पर्युषण पर्वाची विशेष प्रार्थना You Tube, Link - Upadhyay Praveen Rishiji वर उपलब्ध आहे. (प्रार्थना प्रत सोबत दिलेली आहे.)

⁕ संवत्सरीनंतर सदर प्रतिक चिन्ह घरातीलच दर्शनिय भागात कायमस्वरुपी लावल्यास त्याचे चांगले अनुभव येतात असे मानले जाते. तसे करणे शक्य नसल्यास सदर प्रतिक चिन्ह व्यवस्थित पॅक करुन ठेवणे जेणेकरुन दरवर्षी पर्युषण पर्वात त्याचा आपणास वापर करता येईल.

⁕ जैन इतिहासातील कोणत्याही एकाच प्रसंगाच्या विषयानुसार प्रतिकाची सजावट करावयाची आहे.

⁕ सदर सजावटीची राष्ट्रीय स्तरावर स्पर्धा ठेवण्यात आलेली आहे. त्याचे निकाल दि. २१-८-२०२० चे प्रवचनात घोषित केले जातील. मात्र त्यासाठी आपण सजावट केलेल्या प्रतिकाचे फोटो व व्हिडिओ आपल्या नाव, नंबर सह दि. १८-८-२०२० रोजी दुपारी ४.०० वाजेपर्यंत संबंधित मोबाईल नंबरवर द्यावेत. परिक्षकांचा निर्णय अंतिम राहिल.

प्रथम पारितोषिक - रु. ५१,०००/-
द्वितीय पारितोषिक - रु. २१,०००/-
तृतीय पारितोषिक - रु. ११,०००/-

**विनीत**

**गौतम लब्धि फाउंडेशन, पुणे शहर**

**संपर्क : पुणे**

९४२२०२४५००, ९८२२०७८६५७,
९८२२९९६९०५, ९९७०७६०७६०,
९०२८५४१५१०, ९३२६४९३२३२,
९८२२९६९७९६, ९८९०५४९४४१,

**संपर्क : पिंपरी-चिंचवड**

९६५७०१८८८२, ९८२२५३१०६५,
९८२२७४५०४५, ९६०४४९४४४९,
९८२२०५५९०४, ९३७१२८८०००

**श्री गौतम लब्धि (निधि) कलश**

प्रेरणा : उपाध्याय **प. पू. श्री. प्रवीणऋषिजी म.सा.**

गौतम निधि मार्फत गरजू साधार्मिक बांधवाना शैक्षणिक, वैद्यकीय सेवा व विकास कार्यासाठी मदत केली जाते.

**संपर्क : गौतम लब्धि फाऊंडेशन, पुणे**

मोबा.: ९८२२२८८५३८, ९८२२०७८६५७

।। आयुष्यवेद : इति आयुर्वेद ।।

# काळुराम मंगळचंद कोठारी (स्थापना - १९२८)

**आयुर्वेदिक वनौषधींचे अहमदनगरमधील विश्वसनीय नाव**

**आता पुण्यामध्ये मध्यवर्ती ठिकाणी आपल्या सेवेत होलसेल सह रिटेल विक्रीसुध्दा**

**बाळंतपणासाठी लागणारे सर्व वस्तू जसे सफेद मुसळी, सालम मुसळी, कमरकस, सराटा, लोध्र पिंपळी, पिंपळामूळ इतर सर्व सामग्री सर्व प्रकारची तेल, हर्बल मेहंदी, फेस पॅक, हेअर पॅक, अरोमा थेरेपी, बाळगुटी, एकेरी चूर्ण इ. करीता लागणारे सर्व साहित्य व नामांकित कंपन्यांची तयार औषधे व गुलकंद, मोरावळा, आवळा कॅण्डी एकाच ठिकाणी उपलब्ध.**

## काळुराम मंगळचंद (नगरवाला) (स्थापना - २००४)

**पुणे शहराकरीता मंगल प्रॉडक्टसचे सुपर स्टॉकिस्ट**

आयुर्वेदिक वनौषधींचे होलसेल व रिटेल विक्रेते

**११२९, सदाशिव पेठ, निंबाळकर तालीमशेजारी, स्वामी सदन अपार्टमेंट,**
**१०१ पहिला मजला, पुणे - ४११०३०**

दुकानाची वेळ : सकाळी १० ते सायं. ६, साप्ताहीक सुटी रविवार.

www.mangalayurpharma.info

फोन : (०२०) २४४५५६६३, मो. ७७७ ५०८४ ६६६,

E-mail: kotharineeraj07@gmail.com




आयुर्वेदिक वनौषधींच्या मोफत
माहिती करीता संपर्क
९४२२२२०८७०




सुंदर दिसण्याकरीता




शरीरातील साखर
नियंत्रित करण्याकरीता

बाळंतपणातील लाडू मसाला

मंगल
**बडी सौंफादी**
# अर्क




**लहान मुलांना अपचन व**
**पोटफुगीमुळे होणाऱ्या ओकारीवर,**
**सर्दीवर, अमांशावर, एकमात्र.**

प्रमाण - लहान बाळांना २-४ थेंब साखरेतून अथवा पाण्यातून देणे.

मंगल
# डिकामली
पावडर




**बाळांना दात येतांना**
**निर्माण होणाऱ्या**
**तक्रारीकरीता उपयुक्त**

डिकामली हिरड्यांना लावताना गरजेप्रमाणे साखरेची पावडर मिश्रण करून दिवसातून दोन वेळेस लावणे.

**मंगलची लोकप्रिय व गुणकारी उत्पादने संपूर्ण माहिती पत्रकासह सर्व प्रमुख मेडीकल व किराणा स्टोअर्स मध्ये उपलब्ध**



आत्म ध्यान (Me Within Me) (खंड-२)

# आत्मा के लिए शरीर का उपयोग है आत्म ध्यान

लेखक : ध्यान गुरु आचार्य डॉ. शिवमुनिजी (क्रमशः)

श्री शिरीष मुनिजी कहते है :

दुनिया में दो तरह के मनुष्य हैं। एक बगुला और दुसरा हंस। बगुला समुद्र के किनारे ध्यान लगाने का पाखंड करके मछली पकड़ता है, बगुला भौतिकवादी है। इस किस्म के मनुष्य की सोच सुख सुविधा तक सिमटी होती है। उनके लिए भोग ही सुख और आनन्द है। ऐसे लोग जीवन जीते नहीं, ढ़ोते हैं।

हंस मोती खोजने के लिए बार बार डुबकी लगाता है। हंस किस्म के मनुष्य शाश्वत सुख और आनन्द चाहते है। ये ही आत्मध्यान के वास्तविक पात्र और हकदार हैं। आत्म ध्यान की साधना से इन्हें मिलता है अनंत ज्ञान, अनंत सुख और अनंत शक्ति। इसके बाद वे इस लोक में शांत जीवन जीते हैं तो जन्म जन्मांतर के चक्र से भी मुक्त हो जाते हैं।

अन्य ध्यान पद्धतियाँ मन वचन और काया तक सीमित है जबकि आत्म ध्यान उर्जा के उस भीतरी स्त्रोत की खोज है जो हम सबकी देह में बीज की तरह मौजूद है। हमारी देह हमारा वास्तविक होना नहीं है। यह खोल मात्र है। वैसे ही जैसे बीज के ऊपर खोल होती है। बीज की सख्त खोल में अंकुर है बहुत कोमल, बीज माटी में दबता है, गलता है फिर अंकुर में बदलता है। अंकुर से पौधा और वृक्ष बनता है। जब तक बीज वृक्ष नहीं बनता तब तक एक सम्भावना है। हमारी देह भी बीज है। अंकुर इसके भीतर है जिसे आत्मा कहते हैं। जब अंकुर फूटता है तो मनुष्य वृक्ष बनता है।

बीज वृक्ष के आनन्द को नहीं जानता। बीज कैसे जान सकता है कि हवा में प्राण वायु ऑक्सीजन है, सूरज की किरणों में ऊर्जा है, बरसात की फुवारों में जीवन की खुशबू है। वृक्ष पर फल खिलते हैं, भवरे गुनगुनाते हैं, पक्षी गाते है, और यात्री विश्राम करते हैं। वृक्ष के इस आनन्द को, इस अनुभव को बीज नहीं जान सकता।

हमने हमारी देह, हमारी खोल को ही जीवन समझ लिया है और भीतर छुपे अंकुर को नहीं देखा है। आत्म ध्यान साधना बीज से वृक्ष बनने की यात्रा है। हमारे भीतर जो सत्य है, शक्ति है, क्षमता है उसे निखारने और तराशने की यात्रा है। यही महावीर ने किया था, यही बुद्ध ने किया था।

आत्म ध्यान की पहली शर्त है निर्विचार। आत्म ध्यान के शुरुआती साधक के लिए उपयक्त है ऐसा स्थल जहाँ शोर गुल न हो। एकांत होगा तो ध्यान नहीं भटकेगा। ध्यान साधना के अभ्यस्त होने के बाद तो साधक कहीं भी कभी भी ध्यानस्थ हो सकता है।

आत्म ध्यान का सबसे उपयुक्त समय है प्रातःकाल। आवश्यक क्रियाओं के बाद बिना स्नान भी ध्यान किया जा सकता है। ध्यान पूजा नहीं है। जिस तरह संगीत का कोई धर्म, भाषा या रंग रूप नहीं होता वैसे ही आत्म ध्यान कभी भी कर सकते हैं। इसकी धुरी है देह में मौजूद आत्मा, जो सबको मिली है, यह सुप्त भी नहीं है, बस हम इसे भूल गए है।

स्व की यात्रा यानि आत्म ध्यान अपनी ही आत्मा से अपना साक्षात्कार है। आत्म ध्यान के अभ्यस्त हो जाए तो दिन में तीन बार २० मिनट ध्यानस्थ होकर खुद को वैसे ही रिचार्ज करें जैसे अपने मोबाईल फोन को रिचार्ज करते हैं। प्रातःकाल आत्म ध्यान करने से दोपहर तक उर्जा बनी रहेगी। मध्यान्ह भोजन के पूर्व २०

मिनट ध्यानस्थ होंगे तो शाम तक उर्जावान बने रहेंगे। दुकान-दफ्तर से लौटने के बाद ध्यान करेंगे तो सोने तक प्रसन्न रहेंगे। गहरी नींद लेंगे। आत्मध्यान के साधक कहते है कि रात को सोने के पहले ध्यान करते हुए उन्हें नींद आ गई अन्यथा वे अनिद्रा से परेशान रहते थे। यह योग निद्रा है। जो साधक रात को ध्यान करते हुए नैसर्गिक निद्रा में चले जाते हैं वे पूरी रात ध्यान अवस्था में होते है। तदनुसार, अनिद्रा से परेशान लोगों के लिए आत्मध्यान नेचरल स्लिपिंग टेबलेट है।

सुबह जागे तो अपनी आँख खोलने से पहले शरीर को तानें। तीन या चार मिनट आँख बंद रखे और हँसे-मुस्कुराए। यह हँसी दिन भर आपके साथ रहेगी। आप जहाँ होंगे जो भी करेंगे हँसते हँसते करेंगे। दिन भर खुद भी हँसेगे और लोगों को भी हँसाएँगे। खुशमिजाज लोगों को सब पसंद करते हैं। आत्म ध्यान की साधना करें और सबके चहेते बने।

आत्मध्यान मनोरंजन नहीं है, आत्मरंजन है। मनोरंजन के सारे साधन पहले सुख देते हैं फिर उबाने लगते हैं। आत्मध्यान शुरु में कठिन लगता है पर बाद में स्थायी आनंद और वह भी निरंतर आनंद का सहज स्त्रोत बन जाता है। जितनी उम्र है उतने मिनट भी हर रोज आत्म ध्यान करेंगे तो निर्मल सुख मिलेगा। इसके परिणाम एक उदाहरण से समझें...

ट्रैफिक से फंसे हुए है, परेशान है तो एक कोने में खड़े हो जाएँ, जहाँ आप सुरक्षित हों। अब ध्यानपूर्वक आने-जाने वाले वाहनों को देखिए। सिर्फ देखना है। अंदर कोई निर्णय नहीं करना है कि कौन अच्छा चालक है, कौन बुरा है? कौन सी कार या स्कूटर किस कंपनी का है? आपको ऐसे तटस्थ भाव से देखना है, जैसे आप किसी और ग्रह से आए है। ट्रेफिक जाम में हो रहे घमासान से कुछ लेना-देना नहीं है। शीघ्र ही आप पाएंगे कि आपके अंदर एक दृष्टा भाव जाग गया है। आप यातायात से बिल्कुल अलग हो गए हैं।

अब आत्म ध्यान अपने निवास पर या किसी पार्क में आँख मूंदकर करें। चुपचाप बैठ जाएँ और देखें, आपके मन की सड़क पर भी विचारों का कैसा ट्रैफिक जाम है.. अच्छे विचार, बुरे विचार, सरपट भागे जा रहे हैं। लेकिन अब आप देखने की कला सीख गए हैं। आप इन सबसे अलग है। यह जो अलग है, वही आपका स्वभाव है।

हमारे स्वास्थ्य का आधार है आहार। जैसे बीज वैसा फल की तरह जैसा आहार वैसे विचार, वैसा जीवन। आहार का टेबल बेहद सहज है। २५ वर्ष की उम्र तक शरीर बनता है, ऊँचाई बढती है अतः एक्सरसाईज करें और खूब खाएँ। २५ से ४५ वर्ष की उम्र में आजीविका कमाने के लिए श्रम करते हैं, गृहस्थी की जवाबदारी सम्भालते हैं अतः जितनी जरुरत है उतना ही आहार ले। न कम न ज्यादा । ४५ की उम्र के बाद इंद्रियाँ शिथिल होने लगती है। इसके बाद शरीर में रोगों की एंट्री होने लगती है अतः इस उम्र के बाद एक तिहाई भोजन ले, दो तिहाई पानी पीए और एक तिहाई भूख शुद्ध हवा से मिटाए। इसे जैन शास्त्रों में ऊनोदरी कहा गया है। अनोदारी करेंगे तो स्वस्थ रहेंगे।

आत्म ध्यान भोजन के एक घंटे बाद करना चाहिए। आत्म ध्यान के पूर्व सूक्ष्म व्यायाम जैसे प्राणायाम, कपाल भाती कर लेने से शरीर भी स्थिर रहने के लिए तैयार हो जाता है। ध्यान साधना में सोऽहं सहज प्राणायाम है।

आत्म ध्यान यानि आत्मा के लिए शरीर का उपयोग। अपनी सुप्त आत्मा जागृत करके आत्मा से जुड़ गए तो खुश रहेंगे और खुशी बाँटेंगे। राग-द्वेष, लोभ-लालच और मोह-माया से मुक्त होकर अपनी मस्ती में जीने लगेंगे।

दुर्भाग्य से योग 'योगा' में बदलकर शारीरिक कसरत बनकर रह गया है। ध्यान की भी ऐसी दुर्दशा न हो इसलिए आचार्य श्री डॉ. शिवमुनिजी के आत्म ध्यान

शिबिर में गम्भीर साधकों को ही शामिल किया जाता है। एक दिवसीय शिबिर गम्भीर आत्म ध्यान शिबिर की एन्ट्रेस टेस्ट है। ध्यान कोई भी हो, सिद्ध होने में समय लगता है। यह छलांग नहीं क्रमिक विकास है। आत्म ध्यान की साधना से प्रत्येक व्यक्ति आगे बढ़ सकता है।

**हताश–निराश और तनाव–दबाव का नैसर्गिक उपचार हैं आत्म ध्यान**

आत्म हत्या कोई चुनता नहीं। आत्मघाती विचार तब आते है जब दर्द हद से बढ़ जाता है और उससे लड़ने के साधन कम पड़ने लगते है। भावुक और संवेदनशील लोगों में यह प्रवृत्ति अधिक होती है।

श्री शिरीष मुनिजी कहते हैं – यह सच नहीं है कि आत्म हत्या करने के बारे में सोचने या ऐसा कर लेने वाले लोग डरपोक हैं। किसी व्यक्ति के मन में आत्महत्या करने का विचार आता है तो इसका मतलब यह नहीं है कि वह शख्स कायर, कमजोर, सनकी है या पलायन कर रहा है। या कि उसके भीतर कोई कमी है। इसका यह मतलब भी नहीं है कि वह वाकई मरना चाहता है। सच यह है कि उसकी पीड़ा, परेशानी उसके भीतर की लड़ने की क्षमता से कहीं अधिक है। अपनी लड़ाई से वह थक गया है और अकेला महसूस कर रहा है। पीड़ा और परेशानी से लड़ने की सामर्थ्य में असंतुलन का परिणाम है – आत्मघात का विचार या आत्महत्या।

मनोवैज्ञानिक शोध बताते है कि मानसिक स्तर पर लोगों के त्रस्त होने की मुख्य वजह है तनाव और अवसाद। लम्बे समय तक तनाव से गुजरनेवाला शख्स अवसाद का शिकार हो जाता है। तनाव और अवसाद का मुख्य कारण है हर बात को नकारात्मक भाव से देखना। सकारात्मक सोच यह है कि दुनिया की कोई समस्या ऐसी नहीं है जिसका समाधान न हो। हम असफल इसलिए नहीं होते कि बुद्धि, योग्यता, अवसर या प्रतिभा की कमी है। सफलता तब ही मिलती है जब हम जीवन के प्रति उत्साहित हों। उत्साही व्यक्ति के लिए सफलता के दरवाजे सबसे पहले खुलते हैं।

आप आशावादी है, साहसी है, तो आपको सफल होने से कोई नहीं रोक सकता। आत्म बल की कमी या कायरता उन्नति में बाधक है। यह स्वास्थ्य को भी प्रभावित करती है।

आत्मध्यान से सम्भावनापूर्ण चिन्तन बढ़ता है। यह बोध होने लगता है कि हर विपत्ति के भीतर एक अविकसित सम्भावना के बीज छुपे हैं। हर रात सोने से पहले और हर सुबह उठने के बाद आत्म ध्यान करें और खुद से कहें– मैं कर सकता है। मैं करुँगा। इसके बाद दिन की शुरुआत इस विश्वास के साथ शुरू करें कि कुछ भी आपकी पहुँच से बाहर नहीं हैं। आप हर बाधा को पार कर सकते हैं। जब भी यह भरोसा कमजोर हो, आप कहीं भी हो, घर में या दफ्तर में... पांच मिनट आत्म ध्यान करें।

**डर भगाए, गुस्सा घटाए और आत्म बल बढ़ाए आत्म ध्यान**

खुशी, गुस्सा और दुख की तरह डर भी मनुष्य की मूल संवेदनाओं में से एक है मनोवैज्ञानिकों में डर को लेकर मतभेद है। कुछ इसे बुरी परिस्थिति का परिणाम मानते हैं तो कुछ इसे जोखिमभरी स्थिति का पूर्वाभास, जो सावधान करता है। मनोविज्ञान कहता है कि डर का सामना करके ही इस पर विजय मिलती है।

स्वेट मार्डन ने कहा है कि भ्रम व्यर्थ का डर पैदा करता है। आपने खूब जमकर तैयारी की है पर परीक्षा हॉल में जाते ही डर लगने लगता है। व्यापार शुरु करने के पहले हानि का डर लगने लगता है। गड़बड़ कुछ भी नहीं है। आप इस बारे में जितना सोचते है डर उतना ही बढ़ता जाता है।

डर को चिकित्सा विज्ञान में फोबिया भी कहते हैं। फोबिया कई तरह के होते हैं, जैसे–ऊंचाई का डर,

सड़क पार करने का डर, पानी का डर, आग का डर, निर्णय लेने का डर, अंधेरे का डर, हथियारों का डर, बीमार होने का डर, भाषण देने का डर, और सबसे ज्यादा मौत का डर। आप किसी मनोचिकित्सक के पास जाएँगे तो वह कहेगा डर से मुख मत मोड़ो। उन स्थितियों का सामना करो जिनसे डर लगता है। मनोचिकित्सक यह नहीं समझाता कि ऐसा कैसे करें।

इसका जवाब है ध्यान। आत्म ध्यान में आप डर की उत्पत्ति खोज सकते हैं। यह तय कर सकते है कि डर वास्तविक है या भ्रम, डर से अलग होने के लिए ध्यान अवस्था में सवाल पूछें - मैं डरता क्यों हूँ ? क्या इसका कोई कारण है ? इस कारण का तथ्थत्मक आधार है क्या ?

आप आत्म ध्यान अवस्था में डर से बचने की क्रिया भी खोज सकते है । एक बार जब डर का कारण समझ लेंगे, उसे नियंत्रित करने का उपाय खोज लेंगे, तो अपने डर को सम्भालना सीख जाएँगे। आत्म ध्यान डर को रचनात्मक ऊर्जा बना देता है। जैन धर्म के आख्यानों में भगवान महावीर ने अहिंसा से ज्यादा निर्भयता पर जोर दिया है।

**गुस्से का उपचार भी है आत्म ध्यान**

गुस्सा भी डर की तरह साधारण मानवीय भावना है जिसकी तीव्रता में परिवर्तन होता है। गुस्से में व्यक्ति का ब्लड प्रेशर बढ़ जाता है। एनर्जी हारमोंस भी बदलते है। गुस्से के कारण आंतरिक और बाहरी दोनों होते हैं। हमारी इच्छा या जरुरतें और आशा पूरी नहीं होती तो गुस्सा आता है। कभी कभी छोटी छोटी बातें जैसे ट्रेफिक जाम, फ्लाईट लेट होना, टीवी का रिमोट काम नहीं करना या किसी दोस्त के आने में देरी होने से भी गुस्सा आ जाता है। जिन्हें हमेशा गुस्सा आता है उनमें नकारात्मक भाव जन्म लेने लगते हैं। वे जल्दी विवादों में फँस जाते हैं। गुस्सा स्वास्थ्य पर भी बुरा असर डालता है। ब्लड प्रेशर और कोलेस्ट्राल बढ़ा देता है। दिल के रोग हो जाते हैं। रोग प्रतिरोधक क्षमता घट जाती है। सामाजिक रिश्ते बिगड़ने लगते हैं।

आत्म ध्यान का साधक जो करता है होशपूर्वक करता है। उसे गुस्सा भी आता है तो फौरन सचेत हो जाता है। जब भी डर या गुस्सा आए तो आत्मध्यान करें और खुद से कहें कि मैं आत्मा हूँ। मुझमें परमात्मा है। मैं किसी से या किसी बात से नहीं डरता। मेरा मन शांत है। मेरा मस्तिष्क शांत है। मन और मस्तिष्क जितने शांत और एकाग्र होंगे अशांति और डर का असर उतना ही कम होगा।

**ब्रेन क्लीनर है आत्म ध्यान**

आत्म-ध्यान स्व की यात्रा है। जल के कण-कण में जैसे शीतलता समाई है, वैसे ही हम सबकी आत्मा में आनंद समाया हुआ है। विडम्बना यह है कि कस्तूरी मृग की तरह हमें इसका बोध नहीं है और हम सुख की खोज में बाहर भटकते रहते हैं।

आत्म ध्यान से आत्मबोध हो जाता है। जीवन में कितनी भी समस्याएँ हों, आत्म ध्यान साधक को आनंदपूर्वक जीने की कला सीखा देता है। जीवन है तो समस्याएँ आएँगी ही, व्यवधान आएँगे ही, पर आत्मबोध हो जाएगा तो कोई भी समस्या विचलित नहीं करेगी। दुख या क्लेश नहीं होगा। आत्म ध्यान का साधक दुख से परे हो जाता है। तनावमुक्त हो जाता है।

आत्म ध्यान से आपकी याद्‌दाश्त तीव्र हो जाएगी। आत्म ध्यान से अंतर ज्ञान (Intuition Power) बढ़ जाएगा। आप नैतिक-अनैतिक कृत्य का फर्क समझेंगे और वही करेंगे, वही कहेंगे जो आपके, आपके परिवार, आपके समाज और आपके देश में हितकारी होगा। (क्रमशः) ●

जैन जागृति - सप्टेंबर २०२०
**पर्युषण अंक**
आजच या अंकाला जाहिरात द्या.

# हैप्पी रिलेशनशिप

**लेखक : मुनि सुधाकर**

**प्रबंधन सूत्र**

'एक डॉगी (Dog) ने डाल दी मियाँ-बीबी में दरार' डॉगी की वजह से पति-पत्नी ने लिया अलग रहने का फैसला । दैनिक समाचार पत्र में यह समाचार पढ़कर लगा आज छोटी-छोटी बातों पर लोग बड़े-बड़े फैसले लेने लगे हैं । जिससे रिश्ते टूटने की कगार पर पहुँच जाते हैं । सात फेरों का संबंध भी बंधन की जंजीर बनकर जीवन की मुसीबत बन जाता है । आज तलाक की विकराल समस्या से परिवार नाम की संस्था के अस्तित्व पर ही प्रश्नचिन्ह लग रहा है । भौतिकता की चकाचौंध में व्यक्ति रिश्ते के अहसास को भूलता जा रहा है । सुखी व सफल जीवन की पहली शर्त है - हैप्पी रिलेशनशिप । रिश्ते की मधुरता, संबंधों की सुदृढ़ता के बिना जीवन में खुशी की कल्पना करना आकाश में कुसुम (फूल) खिलाने के समान है । रिश्ते की खटास जीवन को त्रास बना देती है । छोटी-छोटी बात पर तकरार, तुच्छ स्वार्थ व अहम् की तुष्टि के लिए रिश्तों को तोड़ देने वाले याद रखें-रिश्ते कितने भी खराब हो कभी तोड़ने नहीं चाहिए क्योंकि पानी कितना भी गन्दा हो प्यास बुझाने नहीं तो आग बुझाने तो काम आएगा । अपनाइए, रिलेशनशिप को हैप्पी और स्ट्रांग बनाने का फार्मूला फोर-टी (Four - T)

**१. विश्वास (Trust)**
**२. समय (Time)**
**३. संवाद (Talking)**
**४. धन्यवाद (Thanks)**

**T - Trust (विश्वास)**

विश्वास की नींव पर रिश्ते की इमारत खड़ी होती है । एक दूजे का विश्वास ही रिश्ते में खुशी का संचार करता है । विश्वासहीनता, शंकाग्रस्ता व संदेह तो सात फेरों के संबंध को दुश्मनी में बदल देता है । विश्वास जीवन का वैभव है तो अविश्वास विष है । पल भर का अविश्वास वर्षों के मजबूत संबंधों को समाप्त कर देता है । अटूट विश्वास ही संबंधों को अटूट बनाएँ रखता । 'मुझे तुम पर विश्वास है ।' यह एक वाक्य आत्मीयता के असीम वात्सल्य को जन्म देता है । विश्वास की नाजुक डोर से बंधा रिश्ता नजाकत से चलता है न की रियासत से ।

तीन मित्र धन ज्ञान और विश्वास जिन्हें एक दूसरे से बिछुड़ना पड़ा, धन ने बिछुड़ते समय कहा - दास्तों मेरी याद आये तो, मुझे अमीर के पास ढूँढ़ना, मिल जाऊँगा । ज्ञान ने कहा - मुझे विद्वानों के पास ढूँढ़ना मैं वहाँ मिल जाऊँगा, विश्वास मौन था । दोनों ने पूछा, तुम कहाँ मिलोगे ? विश्वास ने रोते हुए कहा, दोस्तों मैं जिन्दगी में एक बार बिछुड़ गया तो वापिस कभी नहीं मिलूँगा । किसी ने सटीक कहा, Trust takes years to build, seconds to break and forever to repair. विश्वास बनाने में सालों लगते हैं, तोड़ने में एक क्षण और उसे पुन: प्राप्त करने में पूरा जीवन बीत जाता है।

**T - Time (समय)**

पेड़ पौधों को हराभरा बनाने के लिए पानी का सिंचन जरुरी है ठीक उसी प्रकार रिश्तों को खुशहाल बनाने के लिए उनको समय का सिंचन देना जरुरी है । समय के अभाव और भाग-दौड़ भरी जिंदगी में आज रिश्तों को निभाने के लिए व्यक्ति के पास सयम नहीं है । जिस रिश्ते में एक दूजे के लिए समय नहीं होता है वहाँ रिश्ते कभी खुशहाल नहीं बन सकते । थॉमस अल्वा एडीसन की पहली पत्नी घुट-घुट कर मर गई थी, दूसरी पत्नी मीना जिसने एडीसन की मृत्यु के चार साल पहले ही किसी और से शादी कर ली थी । विश्व विजेता नेपोलियन ने जोसेफीन से प्यार किया उससे शादी की पर कुछ समय के बाद जोसेफीन नेपोलियन से अलग रहने लगी । महान वैज्ञानिक अल्बर्ट आइंस्टीन जिससे दुनिया मिलने को तरसती थी पर उनकी पत्नी ने उनके

साथ रहने से इन्कार कर दिया था । विश्व प्रसिध्द पिकासो जिनकी पेंटिंग को विश्व स्तर पर प्रशंसा मिली पर वह कभी अपनी पत्नी के चहेते नहीं बन पाये, यह सच्ची घटनाएँ इशारा करती है कि कोई भी रिश्ता आज तक पद, पैसा, पॉवर या समृध्दि पर नहीं टिका है । हर रिश्ता एक दूसरे की समझ, भावनाओं की कदर व समय के सिंचन पर टिका है । विश्व प्रसिध्द बनने के बावजूद भी अपनों को समय न देने का परिणाम कितना खतरनाक होता है, यह सच्ची घटनायें बयाँ करती है । रिश्तों की खुशहाली के लिए रिश्तों को समय दें, वह आपको बेहद खुशी देंगे ।

**T - Talking संवाद**

बातचीत से रिश्ते बनते भी है टूटते भी है । रिश्ते की सरसता शब्दों पर निर्भर करती है । एक शब्द पराये को अपना, एक शब्द अपने को भी पराया बना देता है। जीवन की सुगमता और संबंधों की मधुरता के लिए वाणी का विवेक जरुरी है । कभी भी छेदकारी, भेदकारी, कलहकारी, मर्मकारी, भाषा का प्रयोग न करे। जुबाँ की जंग, शान्ति भंग, संबंध तंग क्योंकि बिना हड्डी वाली जुबान ने ही अधिकांश हड्डियाँ तुड़वाई है । संवाद करें विवाद नहीं, वार्तालाप करें विलाप नहीं । बातचीत में शब्दों के चयन की नासमझी रिश्ते में खटास पैदा करती है । याद रखें तलवार का घाव भर सकता है पर शब्दों का घाव नहीं । जीवन में विमर्श कीजिए बहस नहीं, बहस ने बहुतों को तहस-नहस किया है।

एक पति पत्नी बेटे के भविष्य को लेकर चिन्तन कर रहे थे । पत्नी ने कहा, हमेशा बीमार रहती हूँ लड़के को डॉक्टर बनाऊँगी । पति ने कहा, मैं लड़के को वकील बनाऊँगा, व्यापार में इतनी परेशानियाँ आती है, रोज वकील के पास जाना पड़ता है । इस बात को लेकर दोनों में विवाद होने लगा । पड़ौसी इकठ्ठे हो गये। एक तमाशा सा नजारा बनने लगा । बात एक दूजे को तलाक देने तक पहुँच गई । एक समझदार व्यक्ति ने कहा, आप व्यर्थ में क्यों विवाद करते हैं लड़के को यहाँ बुलाये उसी से पूछ लेते हैं वो क्या बनना चाहता है डॉक्टर या वकील । दोनों ने हँसते हुए कहा, अभी तो लड़के का जन्म ही नहीं हुआ है । याद रखें कम बातचीत बुरी है तो अधिक बातचीत उससे भी बुरी है किन्तु निरर्थक बातचीत एक अभिशाप है । जितनी निन्दा और गॉसिप कम करेंगे उतने ही संबंध मधुर और मजबूत बनेंगे । कभी भी कटाक्ष, व्यंग, उपहास न करें। प्रशंसा के बोल से एक दूजे को आनन्दित व प्रसन्नचित रखें ।

**T - Thanks (धन्यवाद)**

रिलेशन को प्यार भरा तोहफा बनाने के लिए एक दूसरे के प्रति थैंकफुल बनें । छोटी सी गलती पर शिकायतों की झड़ी लगा देना, अच्छे रिश्ते पर ग्रहण लगा देता है । यह न भूलें कि गलतियाँ किससे नहीं होती । सच्चे रिश्ते की खूबसूरती एक दूसरे की गलतियों को सहन करने में है । यदि बिना कमियों वाला इंसान ढूँढ़ने निकलोगे तो जिन्दगी भर अकेले रह जाओगे । एक-दूजे के प्रति धन्यवाद का भाव ही रिश्ते को मधुर बनाता है ।

भगवान राम और सीता वनवास के समय एक सरोवर के किनारे बैठकर वार्तालाप कर रहे थे । उन दोनों की नजर एक हरे-भरे वृक्ष पर गई, जिसके चारों ओर लता लिपटी हुई थी । राम ने उस वृक्ष की ओर इशारा करते हुए कहा, सीते ! ये पेड़ कितना सौभाग्यशाली है जिसे इतनी सुन्दर लता मिली है । सीता ने कहा, प्रभो! ये पेड़ नहीं लता सौभाग्यशाली है जिसे इतना सुन्दर और मजबूत पेड़ मिला है । पेड़ और लता के माध्यम से राम और सीता अपने आप को सौभाग्यशाली बता रहे थे । राम कह रहे थे, मैं भाग्यशाली हूँ, जिसे इतनी सुशील और विवेकशील पत्नी मिली है । सीता कह रही थी कि मैं सौभाग्यशाली हूँ, जिसे आप जैसे मर्यादा पुरुषोत्तम पति मिले है । कुछ समय में लक्ष्मण भी वहाँ पहुँच गये । राम ने कहा, लक्ष्मण ! तुम निर्णय करो कि ये पेड़ सौभाग्यशाली है

या लता । लक्ष्मण ने कहा, मुझे भैया और भाभी के झगड़े से दूर रखा जाए। राम ने कहा, तुम हमारे न्यायाधीश हो और तुम्हें ये निर्णय देना होगा कि दोनों में से सौभाग्यशाली कौन है? लक्ष्मण ने दोनों हाथ जोड़ते हुए विनम्र शब्दों में कहा, न तो पेड़ सौभाग्यशाली है, न ही लता सौभाग्यशाली। राम और सीता ने लक्ष्मण को आश्चर्य भरी नजरों से देखते हुए पूछा, तो फिर सौभाग्यशाली कौन है ? लक्ष्मण ने कहा, पेड़ और लता की शीतल छाँव में बैठने वाला सुमित्रानन्दन लक्ष्मण सौभाग्यशाली है । रामायण की यह प्रेरक कथा प्रेरणा देती है - एक दूजे के प्रति कृतज्ञ होना रिश्ते को प्यार की सुगंध से भर देता है । ●

## सुन्दर जीवन के सूत्र

**आचार्यप्रवर श्री हस्तीमलजी म.सा.**

- बिना मर्यादित जीवन के मानव को शान्ति प्राप्त नहीं हो सकती । तृष्णा की प्यास अतृप्त ही रहती है, यह बड़वानल की तरह कभी शान्त नहीं हो पाती।
- जो मोह के कारण पाप में फँसे होते हैं उनमें त्याग की बुध्दि ही उत्पन्न नहीं होती ।
- संसार की समस्त सम्पदा और भोग के साधन भी मनुष्य की इच्छा पूरी नहीं कर सकते हैं ।
- जैसे घृत की आहुति से आग नहीं बुझती, वैसे ही धन की भूख धन से नहीं मिटती है । तन की भूख तो पाव भर अन्न से मिट जाती है, किन्तु मन की भूख असीम है । उसकी दवा त्याग और सन्तोष है, धन-प्राप्ति या तृष्णा-पूर्ति नहीं ।
- यदि मनुष्य इच्छा को सीमित कर ले तो संघर्ष के सब कारण स्वत: समाप्त हो जायेंगे, विषमता टल जायेगी, वर्गभेद मिटकर सब ओर शान्ति और आनन्द की लहर फैलकर यह पृथ्वी स्वर्ग के समान बन जाएगी ।
- कुसंग में पड़ा तरुण तन बल, ज्ञान और आत्मगुण सभी का नाश करता है ।
- उत्तेजक वस्तुओं के भोजन और श्रृंगार प्रधान वातावरण में रहने के कारण बच्चों में कामवासना शीघ्र जागृत होती है ।
- समाज यदि समय रहते बच्चों के सुसंस्कार के लिए तन, मन, धन नहीं लगाएगा तो इसके कटु फल उसे अवश्य भोगने पड़ेंगे ।
- चिकित्सक रोग का दुश्मन, किन्तु रोगी का मित्र होता है । यही दृष्टिकोण आत्म-सुधार की दिशा में भी रखा जाए तो शासन तेजस्वी रह सकता है ।
- वस्तुत: मर्यादित जीवन में शान्ति है तथा अमर्यादित जीवन में अशान्ति ।
- आज दूसरों को झगड़ते देख मनुष्य उपदेश देता है, किन्तु स्वयं सहनशीलता को जीवन में नहीं अपनाता, संयम और विवेक से काम नहीं लेता ।
- साधना के मार्ग में प्रगतिशील वही बन सकता है, जिसमें संकल्प की दृढ़ता हो ।
- जिस साधक में श्रध्दा और धैर्य हो, वह अपने सुपथ से विचलित नहीं होता । संसार की भौतिक सामग्रियाँ उसे आकर्षित नहीं करतीं, बल्कि वे उसकी गुलाम होकर रहती हैं ।
- यद्यपि शरीर चलाने के लिए साधक को भी कुछ भौतिक सामग्रियों की आवश्यकता होती है, किन्तु जहाँ साधारण मनुष्य का जीवन उनके हाथ बिका होता है, वहीं साधक की वे दास होती हैं ।
- आम के पत्तों का बन्दनवार लगाकर जो आनन्द मानते हैं, वे लोग वृक्षों के अंग-भंग का दुख भूल जाते हैं ।
- समाज के अधिकांश लोग अनुकरणशील होते हैं । वे अपने से बड़े लोगों की नकल करने में ही गौरव का अनुभव करते हैं । इस प्रकार देखा-देखी से समाज में गलतियाँ फैलती रहती हैं ।
- मनुष्य को मधुमक्खी की तरह बनना चाहिए न कि मल ग्रहण करने वाली मक्खी के समान । ●



# Hitech Scaffolding Pvt. Ltd.

**(Formerly Hitech Indeco Hiring Pvt. Ltd.)**

ON RENTAL BASIS

## SCAFFOLDING MATERIAL ON HIRE

- Props
- Spans
- Centering Plates
- Pipes
- Couplers
- Platforms
आप जानते हैं – उल्टे घड़े में पानी नहीं भरता। आपका अनुभव कहता है कि खाली घड़े में पानी भरना हो तो उसे सुलटा कर दें। कहने में यह बात सरल सी दिखती है कि घड़ा खाली है पर वास्तव में घड़ा खाली नहीं है। घड़े में हवा है। घड़ा उल्टा पड़ा है इस कारण उसमें पानी नहीं समा सकता। घड़े में हवा हैं। जहाँ भी रिक्त स्थान है वहाँ हवा है। आप घड़े को तिरछा करके उसमें पानी डाल करके देख लीजिए। घड़े में जितना पानी जाएगा, उतनी हवा उसमें से निकलेगी। जब घड़े को पानी में डुबोते हैं तो हवा निकलती है और आवाज आती है। घड़े की बात जाने दीजिए, आपके शरीर में भी हवा है। कोई डॉक्टर ग्लुकोज चढ़ाए अथवा इंजेक्शन लगाए तो आपको अनुभव में आएगा कि ग्लुकोज जितना शरीर के भीतर जाएगा, भीतर की वायु बाहर निकलेगी।

हमारे भीतर अनन्त ज्ञान और अनन्त दर्शन है। अनन्त ज्ञान और अनन्त दर्शन होते हुए भी हम अपने आपको क्यों नहीं जान रहे है? हमारे भीतर हवा की तरह विकार भरे हैं। कुछ लोग हैं जो कहते हैं – हम याद तो करते हैं पर याद नहीं रहता, भूल जाते हैं। कई तो ऐसे लोग भी हैं जो कहते हैं – महाराज! हमको तो ज्ञान चढ़ता ही नहीं। याद नहीं होता अथवा ज्ञान नहीं चढ़ता इसका मतलब है कि उसके मस्तिष्क में न जाने कितने फितूर पहले से जमा हैं। किन-किन बातों को लेकर न जाने कितने-कितने पूर्वाग्रह भरे हुए है। माथे में बहुत सारी बातें जमा है, इसलिए नया ज्ञान याद नहीं रहता।



# पूना टायर्स

अधिकृत विक्रेते

• अपोलो • बिर्ला • ब्रिजस्टोन • सिएट • डनलॉप

• जे. के. • एम.आर.एफ. • मिचेलीन • टिव्हीएस • विक्रांत • योकोहामा

टायर्स, ट्यूब्ज, फ्लॅप्स, एडीव्ही व्हील्स

## जे. के. स्टील व्हिल्स्

*कॉम्प्युटर व्हिल अलाइनमेंट व बॅलेंसींग*

दुकान नं. १,३,४,५ व ८ सूर्यप्रकाश अपार्टमेंट, मार्केट यार्ड रोड, पुणे – ४११०३७

फोन : २४२११९७९, २४२१०९४९, २४२११९३९ निवास : २४२१०१०९

मोबा. : विनोद – ९९२३३४६००९, स्वप्निल – ९९२३३४५९९९, रोहन – ९९२३३४६००२

*प्रोप्रा. : विनोद शांतीलाल गांधी*



# कालू महाराज केटरर्स

## कालू महाराज

**केटरींग सेवा के लिए सुप्रसिध्द**

मंत्री अपार्टमेंट, एस–११, नं. ५८५,
आकाशदर्शन सोसायटी, लोढा कॉर्नर, गुलटेकडी,
पुणे – ३७. फोन : ०२०–२४२७३२१५

**कालूभाई : ९८२२०४१४३०**
**जितुभाई : ९८२२४४३५७७**
**ठाकुर : ९८५०५२१५७३**



*पुण्यात शुध्द व गॅरेंटेड*
*तुपासाठी फक्त एकच नाव...*

## कुंदनमल हजारीमल घीवाला

४८८, गणेश पेठ, दगडी नागोबा मंदीराशेजारी, पुणे २
फोन : ०२० – २६०६०५००
जवेरचंद ९८५०२०७८५१, प्रणव ९८२२६६०९५१

ब्रॅन्डेड तुप : KC, कृष्णा, संप्रती, पारस, नोवा,
संस्कार, अमुल, गोवर्धन, संजीवनी
श्री समर्थ कृपा (सर्व पॅकींग मध्ये उपलब्ध)
शुध्द तुपाचे खाकरे, कमल, शबरी, साधे तुपाचे खाकरे
लोटस, आसमची चहा पावडर, लक्ष्मीनारायण चिवडा,
चितळे बाकरवडी, पाली मारवाडचे नवदुर्गा पापड,
जामनेर पापड, सरस पापड, लिज्जत पापड, विजय स्वानंद
मँगो पल्प, मॅप्रो, होम मेड सरबते, गुरुजी, बेळगांव थंडई,
कोकम सरबत, मालपाणी बेकरी प्रॉडक्टस्, सुहाना,
रसोई मॅजीक मसाले, प्रविण, बेडेकर, केप्र लोणचे, ऐवरेस्ट मसाले
आणि बरेच काही पदार्थ मिळण्याचे एकमेव ठिकाण

**KUNDAN HOMOEOPATHIC CLINIC, PUNE**
Dr. Gaurav J. Rathod - 9822620321

आपका मस्तिष्क काम नहीं कर रहा है, ऐसी बात नहीं है। एक जमाना था जब ६४ पैसे का रुपया होता था, आज १०० पैसे का रुपया है यह समझ में आता है या नहीं? आपको किलो समझ में आ गया, लीटर समझ में आ गया, सेंटीमीटर समझ में आ गया। आगे कहूँ? मारवाडी जानने वाले और बोलने वाले तमिल, तेलगू, कन्नड जैसी भाषाएँ कैसे सीख गए? आपने कठिन भाषाएँ सीख ली इससे साफ हो जाता है कि आपमें दिमाग है। आप चाहें तो याद कर सकते हैं। आपको संस्कृत-प्राकृत समझ में आ सकती है। आपके पास दिमाग है। अगर दिमाग नहीं होता तो दस-बारह साल पहले किसने क्या कहा, वह आज तक कैसे याद है? आपकी याददाश्त कमजोर नहीं है, पर नया ज्ञान याद नहीं रहता इसमें कारण है रूचि का अभाव।

आप शांति चाहते हैं,समाधि चाहते हैं, आत्मज्ञान चाहते हैं तो पूर्वाग्रह को छोड़ दीजिए। हर जीव शांति, समाधि और विकास चाहता है। विकास कब होगा? जब तक विरोधी वातावरण दूर नहीं होगा तब तक विकास नहीं हो सकता। शांति के लिए कवि ने ठीक ही कहा है -

**शांति नहीं हो अगर गगन में,**
**उड़ सकते क्या वायुयान।**
**शांति नहीं हो गर सागर में,**
**प्रवहण नहीं छोड़ते स्थान।**
**शांति नहीं हो गर नगर में,**
**रुक जाता है यातायात।**
**शांति नहीं हो गर ज्योतिर्गण में,**
**तब होता है उल्कापात।**
**शांति नहीं हो सरिता में,**
**बाढ़-ग्रस्त हो जाता स्थान।**
**शांति नहीं हो गर वायु में,**
**तभी उठा करते तूफान।**
**शांति नहीं गर चित्त में,**
**हो जाता है जीवन दूभर।**
**शांति नहीं होने से चित्त में,**
**जानबूझ कर मर जाता नर।**

ये कुछ दुष्टान्त हैं। ऐसे कई उदाहरण कहे जा सकते है, दिए जा सकते हैं । आप देखते हैं - आकाश में बिजलियाँ चमक रही है, बादलों की घडघडाहट हो रही है, तेज वर्षा का दौर चल रहा है, मौसम की ऐसी प्रतिकूलता में क्या हवाई जहाज अपना स्थान छोड़ सकता है? आप जानते है कोहरे में हवाई जहाज नहीं उडते। कोहरे में ट्रेनें हो या सड़क पर चलनेवाले वाहन, वे अपनी सामान्य गति के बजाय धीरे-धीरे चलते हैं। वाहन चाहे सड़क पर चलने वाला हो, रेल पर दौडने वाला हो अथवा आकाश में उड़ने वाला हो या समुद्र पर गति करनेवाला हो, सभी जगह शांति है तो गति है। हवाईजहाज हो या मालवाहक जहाज उसके चालक को सूचना मिल जाय कि तूफान आने वाला है तो हवाईजहाज न तो उड़ान भरेगा और न ही मालवाहक जहाज लंगर छोड़ेगा।

एक नगर है। वहाँ भीड़ जमा हो रही है, नारे लगाए जा रहे है, पुलिस मुस्तैद है, नगर में अशांति है, ऐसे समय क्या आप घर छोड़ेगे? घर छोडना तो दूर, बाहर जाने तक का मन नहीं होगा। आप खिडकी या दरवाजे से बाहर का नजारा यह जानने को देखते हैं कि बाहर जाने का अवसर है या नहीं? चाहे नगर हो, सागर हो, गगन हो, सरिता हो वहाँ यदि वातावरण शांत है तो ही आप स्थान छोड़ने का मन बनाते है। अशान्त वातावरण में घर छोडने का प्रयास नहीं किया जाता। ये बाहर में दिखाई देनेवाली अशांति के कुछ उदाहरण हैं।

ठीक इसी तरह जहाँ कषायवृत्ति बढ़ रही है, मन में मलीनता का भाव है, एक-दूसरा एक-दूसरे के प्रति आग्रह की भावना से ग्रसित है, सामनेवाले के प्रति दृष्टि मलीन है, वातावरण में या मन में शांति नहीं, वहाँ भले ही हाथ में पुस्तक ही क्यों न हो, न स्वाध्याय में मन लगता है और न ही गाथा याद होती है। अनुभवियों का स्पष्ट कथन है - जब चित्त में समाधि और मन में

स्थिरता है तभी ज्ञान प्राप्त हो सकता है। पढ़ने के लिए स्थान शांत चाहिए और एकान्त भी चाहिए। ज्ञान प्राप्त करना हो या ध्यान लगाने वाला हो अथवा साधना करने वाला हो, उसे मन की शांति चाहिए, स्थान की शांति चाहिए और वातावरण की भी शांति चाहिए। ज्ञान लेना, ध्यान करना, साधना करना, सामायिक-स्वाध्याय करना अच्छा है, पर इसके लिए शांति चाहिए। आपको पौषध करना है तब भी मन में शांति चाहिए। जबरदस्ती करनेवाले कभी-कभी यह तक कह देते हैं कि ''मैं तो पौषध करूँगा, मासखमण करूँगा, आप चाहे सहयोग करो या नहीं। थे म्हारी चिंता छोड़ो, म्हारी मैं निपट लूँगा। मुझे तप करना है तो करूँगा ही।'' मन की ऐसी अशान्त स्थिति में न सम्यक् पौषध होगा और न ही तप।

मन की शांति के लिए वातावरण में समाधि बनी रहे, उसके लिए कुछ ऐसे भी लोग होते हैं जो तपश्चर्या करने वालों को और, साधना-आराधना करने वालों को आगे आकर सहयोग करते हैं। कुछ बन्धु ऐसे भी है जो हमको आकर कहते हैं - ''बाबजी! घर में एकान्तर चल रहा है, धर्मपत्नी पिछले कई वर्षो से एकान्तर तप कर रही है, मुझसे तपस्या नहीं होती, किन्तु मैं पिछले कई वर्षों से ब्रह्मचर्य का पालन कर रहा हूँ। मैं तप में सहभागिता नहीं बन सका पर ब्रह्मचर्य का पालन करके सहयोग तो कर सकता हूँ।'' घर-परिवार का कोई सदस्य जिसे विरक्ति हो गई है, भले ही वह बेटा ही क्यों न हो, कई ऐसे लोग भी हैं जो उस विरक्त की दीक्षा में रुकावट नहीं डालते।

मैं आपको एक दृष्टान्त दूँ। जोधपूर के इन्दरचन्द जी गाँधी। उनका एकाएक लड़का था। उसे आठ-नौ साल की अवस्था में ही वैराग्य आ गया। उनके चार-चार लड़कियाँ थी फिर भी उन्होंने आज्ञा दे दी कि मेरा पुत्र दीक्षित होना चाहता है तो मेरी आज्ञा है। एक तरफ ऐसा उदाहरण है तो दूसरी तरफ ऐसे लोग भी हैं जिनके चार लड़के है, उनमें आपस में प्रकृति का मेल नहीं खाता, बनती नहीं, एक-दूसरा एक-दूसरे को काटता है, लड़ाई-झगड़े तक की नौबत आ जाती है परन्तु उस घर या परिवार में कभी किसी की दीक्षा की बात सामने आ जाय तो घर का मुखिया निःसंकोच कह देता है कि - ''दीक्षा री बातकरी तो गोली मार दूँगा। थने तो मारूलां ही, थारा गुरुजी ने भी गोली सूँ उड़ाय दूलाँ ।'' जैन दिवाकर चौथमल जी महाराज जब दीक्षा की आज्ञा लेने गए थे तो पिताजी ने कह दिया था - ''मैंने कभी आज्ञा दी नहीं और दूँगा भी नहीं।''

कभी-कभी प्रश्न में भी उत्तर होता है। एक वाक्य प्रायः आप में से कई लोग बोलते हैं-हम 'भीतर' गये। अब आप 'भी' और 'तर' को अलग करके पढ़े - हम 'भी' 'तर' गये। तुम भीतर जाओ तो तुम भी तर जाओगे। भीतर में 'भी' को अलग कर दिया तो उत्तर मिल गया। प्रश्न में छिपा उत्तर से अभिप्राय है कि जो भीतर गया, वह तर गया अर्थात पार हो गया। तुम भीतर जाओ, तुम भी तर जाओगे। मतलब, भीतर जानेवाला पार होता है, तिरता है। आप भी भीतर में जायें और अपने दुराग्रह को बाहर निकाल दें।

जब तक मन में शांति नहीं होगी हर क्रिया के साथ दुराग्रह या हटाग्रह जुड़ जायेगा। कभी किसी परिवार में शादी-विवाह का प्रसंग हो और कार्ड में किसी का नाम भूल से लिखने में नहीं आया तो जिसका नाम नहीं आया वह तुरन्त प्रतिक्रिया देगा - ''देखो! भाई ने मेरा नाम हटाया है। मेरा नाम ही नहीं हटाया, उसने तो समाज में मेरी नाक ही काट दी। अब तो ऐसी शादी में मुझे सम्मिलित होना ही नहीं है। भाई आकर कहता है - भैय्या! आपका नाम भूल से रह गया, क्षमा करो। बार-बार कहने पर और माफी माँगने पर भी वह वैमनस्य का भाव नहीं भूलता है।''

आपने अभी सुना है कि ७० साल का आदमी तलाक दे रहा है, क्यों? हाँ, कोई ३०-४० साल का है और वह यदि तलाक दे तो समझ में आता है कि आपस में मनमुटाव है, बनती नहीं, सामंजस्य नहीं बैठ पाया,

लेकिन सत्तर साल का तलाक दे तो...? यह अशांति का कारण है, उसके मन में कोई पूर्वाग्रह है, हट है। अमुक ऐसा ही है। उससे मेरी कभी बनी नहीं, बनेगी भी नहीं, यह क्या है? क्या हत्यारा सदा हत्यारा ही रहेगा? अर्जुन माली क्या सदा हत्यारा अर्जुन ही रहेगा? क्या प्रभव चोर सदा चोर ही रहेगा? आपने सभी दुष्टान्त सुन रखे हैं। आपको हर घटना की कम या ज्यादा जानकारी है। मुझे कहना है – आपको शांति चाहिए तो पूर्वाग्रह छोड़ दीजिए। समाधि चाहिए तो दुराग्रह छोड़ दीजिए। आज आपने अपने बच्चों से क्या-क्या सुना? वह याद नहीं है पर दूसरों ने आपके बारे में कब क्या कहा? वह आज तक याद है।

मैंने सुना कि नई बहू जो कुछ दिन पहले घर पर आई, सायंकाल वह दीपक जलाने लगी। असावधानी से बहू के हाथ से तेल की कुछ बूंदे जमीन पर गिर गई। ससुरजी पीछे से आए, उन्होंने नीचे गिरी तेल की बूंदो को जूते पर रगड़ दिया। नई बहू अमीर घर से आई थी। उसने मन ही मन सोचा कि मैं किस घर में आ गई? यहाँ मेरा निभाव कैसे होगा? ससुरजी को तेल की बूँदे गिरना सहन नहीं हुआ तो फिर मेरे खर्चे उन्हें कैसे बर्दाश्त होंगे? मेरे मौज-शौक के, खाने-पीने के, पहनने-ओढ़ने के, साज श्रृंगार के बहुत खर्चे हैं, ससुरजी मेरे खर्चे सहन नहीं कर सकते।''

बहू को ससुरजी के प्रति मन में पूर्वाग्रह से भ्रांति हो गई। लेकिन वह चतुर थी। उसने ससुर जी को परखने के लिये पेट दुःखने का बहाना बनाया। वह जानबूझ कर तड़फ रही थी, मानो पेट का दर्द असह्य हो रहा था। ससुरजी ने पूछा – ''बेटा! क्या हो गया? क्या पहले भी कभी ऐसा दर्द हुआ था?''

बहू ने कहा – हाँ, ऐसा दर्द पहले भी कई बार हुआ है।''

ससुरजी – ''उस समय क्या किया?''

बहू बोली – माँ ने मुट्ठी भर मोती पीसे, चूर्ण बनाया और मुझे खिला दिया। दर्द ठीक हो गया।''

ससुरजी ने सोचा – मेरे घर में मोतियों की कमी नहीं है। उन्होंने थाली भर कर मोती पिसवाने की तैयारी की। यह देखकर बहू बोली – ''ठहरिये! मेरा पेट दर्द कुछ ठीक-सा हो रहा है। अभी मैंने जो दवा बताई, आप वह नहीं बनाएँ।''

बहू ने सोचा कि – ''एक तरफ तो ससुर जी इतने कंजूस कि तेल के गिरने पर गिरे हुए तेल की बूँदो को जूती पर लगा लेते हैं, परन्तु दूसरी ओर मेरे पेट दर्द के लिए थाली भर मोतियों को पिसवाने की उदारता भी रखते हैं। बहू के मन में बड़ी उथल-पुथल मच गई और उसने आखिर ससूर जी से पूछ ही लिया – ''मैं सोच रही थी कि मुझसे दीपक जलाने के समय तेल की कुछ बूँदे गिर गई, वे आपको सहन नहीं हुई और आपने तुरन्त उन्हें पौंछ कर अपनी जूती पर लगा ली। मैंने सोचा आप इतनी कंजूसी करेंगे तो मेरा इस घर में निभाव कैसे होगा? परन्तु मेरे पेट दर्द को ठीक करने के लिये आप थाली भर मोती पिसवाने को भी तैयार हो गये, यह विरोधाभास देखकर मैं चकित हूँ। पेट दर्द तो केवल मेरा नाटक था।''

ससुरजी ने कहा – ''बेटी! तेल की गिरी बूदों को यदि साफ नहीं किया जाता तो उस पर कीड़ियाँ आती, व्यर्थ में जीव-हिंसा होती इसलिए मैंने गिरी हुई तेल की बूदों को जूते पर लगाना ठीक समझा। यह विवेक की बात थी।'' बहू का भय दूर हो गया और पूर्वाग्रह भी।

मेरी बात आप सुनकर ही नहीं रहे बल्कि अपने पूर्वाग्रह में परिवर्तन करके व्यक्ति की कद्र करना सीख जायें तो आपका घर स्वर्ग बन सकता है। आप शांति चाहते हैं तो वस्तु के साथ व्यक्ति विशेष के प्रति जो भी पूर्वाग्रह मन में बैठ गया तो उसे निकाल बाहर करें। पूर्वाग्रह से मुक्त होंगे तो घर-परिवार ही नहीं, संघ-समाज में शांति स्थापित हो सकेगी। ●

## जीतो पुणे – कोविड सेंटर

कोविड- १९ की परिस्थति को देखते हुए, हॉस्पिटल में बेड की कमी के कारण एवं चातुर्मास में सम्पूर्ण जैन फूड की उपलब्धता हो इसलिए एवं जैन समाज को तकलीफ ना हो इसलिए जीतो पुणे चेप्टर का जैन समाज के सेवा का अभिनव उपक्रम

पुणे शहर के नामांकित डॉक्टर श्री अशोकजी संचेती एवं डॉक्टर श्री मांगीलालजी ओसवाल तथा उनकी टीमकी निश्रा एवं देखरेख में जैन समाज के लिए आइसोलेशन सेंटर।

❊ १५० बेड की सुविधा।

❊ जरूरत के समय ऑक्सीजन बेड उपलब्ध।

❊ wi-fi सह सर्व आधुनिक सुविधा।

❊ शहर के नामांकित डॉक्टर्स की निश्रा में जीतो कोविड सेंटर में सुबह, शाम विशेष कन्सल्टंट व्हिज़िट, सुझाव और मार्गदर्शन।

❊ अंदर ही जनरल चेकिंग की सुविधा (x-Ray - Pathology Test आदि )

❊ मरीज की आवश्यकता के अनुसार :

१. ऐलोपैथिक दवाईयाँ।

२. आयुर्वेदिक दवाईयाँ /काड़ा उकाला / रूम में गरम पानी बनाने के लिए किटली की व्यवस्था।

३. होमिओपेथिक दवाई उपलब्ध ।

४. जैन केटर्स द्वारा स्वास्थ्यवर्धक राजस्थानी / गुजराती भोजन की व्यवस्था।

५. सुबह का नास्ता - दोपहर का भोजन - चाय- शाम का भोजन।

६. समय समय पर गर्म प्रवाही पदार्थ।

७. भोजन रूम तक पहुँचाने की व्यवस्था।

८. चौविहार की भी सुविधा है।

❊ आप की सेवा में

स्थल : हॉटेल नंदनवन ॲनेक्स

१२१२/अे, आपटे रोड, पुणे ४११००४

सम्पर्क : हेमन्त रायसोनी, ९४२३५७४०७५

आदेश खिंवसरा, ९०२८७५६५७५

विजय भंडारी, कांतीलाल ओसवाल,

अजय मेहता-Jito Pune Covid Commitee •

## कोठारी चॅरिटेबल ट्रस्ट – वडगाव शेरी केमो थेरेपी ट्रिटमेंट

आप सभी के सहयोग एवं आशीर्वाद से अभीतक लगभग १,००० से भी ज्यादा केमो थेरेपी ट्रीटमेंट हो चुकी है।

कैंसर केमो थेरेपी के लिए यहाँ पर स्पेशल रूम का आयोजन किया हुआ है और तज्ञ डॉक्टर के निगरानी में यह सुविधा उपलब्ध की गई है।

सुरक्षा के सभी नियमों का पालन यहाँ पर किया जाता है। बहुत ही नाम मात्र राशि में यहाँ पर कैंसर केमो थेरेपी ट्रीटमेंट होती हैं।

आचार्य सम्राट प.पू. आनंदऋषिजी म.सा. इनके जन्म जयंती पर अपने साधर्मी जैन भाईकी सेवा करने का मौका हमें मिला है, आज एक १० साल के लड़के पर उसकी पहली कैंसर केमो थेरेपी यहाँ पर हो रही है।

पहले ऑपरेशन और फिर रेडिएशन के साथ उसे ६ बार कैंसर केमो थेरेपी करने को डॉक्टर ने सलाह दि है आज उसकी पहली केमो थेरेपी कोठारी चैरिटेबल ट्रस्ट, वडगांव शेरी पुणे में हो रही हैं।

सही मायने में पूज्य गुरुदेव का सपना हमने केमो थेरेपी की सेवा दे के पूरा किया, यही हमे आज आनंद मिला।

प्रफुल्ल कोठारी, कोठारी चॅरिटेबल ट्रस्ट
वडगांव शेरी, पुणे. मो. ९८२३८५५७५८ •

**जैन जागृति – सप्टेंबर २०२०**

**पर्युषण अंक**

**आजच या अंकाला जाहिरात द्या.**

## श्री. युवराज शहा – पुणे
## ‘जीना इसी का नाम है’– पुस्तक प्रकाशन




मुंबई : सध्या देशच काय पण संपूर्ण जग अनेक बाबतीत नैराश्याच्या गर्तेतून जात आहे, अशा परिस्थितीत समाजाचे मनोबल टिकवणाऱ्या प्रत्येक प्रयत्नाचे स्वागत झाले पाहीजे. युवराज शहा यांचे ’जीना इसिका नाम है’ हे पुस्तक नक्कीच हे काम करेल, असा आशावाद लोकनेते शरद पवार यांनी व्यक्त केला. युवराज शहा लिखित या पुस्तकाचे प्रकाशन त्यांच्या हस्ते मुंबईत यशवंतराव प्रतिष्ठानच्या सभागृहात करण्यात आले.

यावेळी पवार म्हणाले, या पुस्तकातील हलके फुलके विनोद, आणि फिरक्या आताच्या परिस्थितीत थेरेपी म्हणून काम करू शकतील. यातून युवराज शहांच्या वल्लीपणा मी सैटर्डे क्लब मध्ये अनूभवला होता, पण त्यांच्या लिखाणात निरीक्षण क्षमतेचा प्रत्यय दिसून येतो, आम्ही महाविद्यालयीन जीवनात बी.एम.सी.सी.मध्ये असताना अशाच अनेक गमती जमती करत असू. त्यातूनच एकूणच जीवनाकडे पहाण्याचा सकारात्मक दृष्टीकोन आणि रसिकता निर्माण झाली.

या प्रसंगी युवराज शहा म्हणाले की पूर्वी ठरल्यानूसार या प्रकाशन सोहळ्यात शरद पवार यांची मूलाखत संजय राऊत घेणार होते व हा कार्यक्रम पुण्यात होणार होता, पण अचानक उदभवलेल्या परिस्थिमूळे तो कार्यक्रम रद्द करावा लागला होता. आज करोनाच्या छायेतही पवार साहेबांनी मुंबईत या सोहळ्यास मान्यता द्यावी हा माझ्या आयुष्यातील मोठा ऐतिहासिक क्षण ठरला आहे, केवळ मनोरंजन आणि निखळ आनंद देणे या भूमिकेतून मी या पुस्तकाचे हसत खेळत लेखन केले आहे. विविध वृत्तपत्रात प्रसंगानुरूप लिहिलेल्या आणि काही प्रत्यक्षात घडलेल्या विनोदी प्रसंगांचे, आठवणींचे विडंबनात्मक शब्दांकन केले आहे.

सामनाचे कार्यकारी संपादक व शिवसेना नेते संजय राऊत यांनी या पुस्तकाला प्रस्तावना लिहीली आहे. याशिवाय पूस्तकामध्ये श्रीनिवास पाटील यांचाही विशेष लेख आहे तर के. सैय्यद यांनी आकर्षक मुखपृष्ठ केले आहे, सौर प्रकाशनने हे पुस्तक प्रकाशित केले आहे. प्रकाशन पूर्वीच या पुस्तकाला मोठी मागणी आल्याने पहीली आवृत्ती संपण्याच्या वाटेवर आहे. ●

## दहावी, बारावी उत्तीर्ण विद्यार्थ्यांना पुढील शिक्षणासाठी पुणे महानगरपालिकेची अर्थसहाय्य योजना...!!

* दहावी उत्तीर्ण विद्यार्थ्यांसाठी भारतरत्न डॉ. मौलाना अबुल कलाम आझाद योजना * रु. १५,०००/–

* बारावी उत्तीर्ण विद्यार्थ्यांसाठी लोकशाहीर अण्णाभाऊ साठे योजना * रु.२५,०००/–

* दहावी व बारावी साठी पात्रता : खुला गट ८०% गुण (मनपा शाळा, रात्र प्रशाला)

* मागासवर्गीय गट : ७०% गुण,

* चाळीस टक्के अपंगत्व:, ६५% गुण

अधिक माहितीसाठी http:??www.pmc.gov.in टोल फ्री क्रमांक १८००१०३०२२२.

अर्ज करण्यासाठी खालील संकेत स्थळावर भेट द्या. http://dbt.punecorporation.org

प्रेषक : नगरसेवक श्री. प्रवीणजी चोरबेले, पुणे
मो. ९८२२०१८६६१ ●

# कोरोनाच्या लढाईत ‘सूर्यदत्ता’चे भरीव सेवाकार्य

मार्च उजाडला आणि कोरोनाचं संकट देशासह महाराष्ट्रावर गडद होऊ लागलं. संक्रमण रोखण्यासाठी केंद्र सरकारनं देशात लॉकडाऊन केलं आणि असंख्य आव्हानं उभी ठाकली. अर्थव्यवहार ठप्प झाले. रोजगार बंद झाले. अनेकांची रोजी-रोटी गेली. काही जणांवर उपासमारीची वेळ आली. सर्वत्र भीतीचे वातावरण निर्माण झाले. अशावेळी समाजातील असंख्य हात उपेक्षितांच्या, गरजूंच्या पोटात दोन घास घालण्यासाठी पुढं आले. अनेक संस्थांनी कोरोनाबाबत जनजागृती करून, लोकांच्या मनातील भीती घालवण्याचा प्रयत्न केला. त्यातील एक नाव म्हणजे शिक्षण क्षेत्रातील नामांकित संस्था असलेल्या पुण्यातील सूर्यदत्ता ग्रुप ऑफ इन्स्टिट्यूटचं.

**‘सूर्यदत्ता’ परिवार सहभागी**

सूर्यदत्ता संस्थेने कोरोनाच्या या संकटकाळात शहराच्या विविध भागातील शोषित, वंचित आणि गरजू लोकांना मदत करत एक नवा आदर्श घालून दिला आहे. लाखो लोकांना या मदतीचा लाभ झाला आहे. संस्थेचे संस्थापक अध्यक्ष प्रा. डॉ. संजय चोरडिया आणि उपाध्यक्षा सुषमा चोरडिया यांच्या पुढाकारातून संपूर्ण ‘सूर्यदत्ता’ परिवार या सेवाकार्यात सहभागी झाला. संस्थेचे पदाधिकारी, शिक्षक-शिक्षकेतर कर्मचारी, विद्यार्थी या सर्वानीच आपापल्या परीने या कोरोना विरुद्धच्या लढाईत योगदान दिले आहे.

**गरजूंना सर्वतोपरी मदत**

कोरोनाच्या पार्श्वभूमीवर देशात लॉकडाऊन करण्यात आले. मात्र, त्याचा फटका मजूरवर्ग, मध्यमवर्गीय लोकांना सर्वाधिक बसला. हातावर पोट असणाऱ्यांची संख्या मोठी होती आणि त्यांची अवस्थाही भयावह होती. सूर्यदत्ता ग्रुप ऑफ इन्स्टिट्यूटनं एप्रिल महिन्यापासून हे कार्य ‘मदत नव्हे, सेवाकार्य’ या भावनेतून सूरु केले. आजही ते कार्य सुरु आहे. धनकवडी, बावधन, कोथरूड, शिवाजीनगर, सिंहगड रस्ता, हडपसर, दांडेकर पूल आदी भागातील गरजूना अन्नधान्याचा पुरवठा, भोजनव्यवस्था करणाऱ्या संस्थांना साहाय्य, पोलिसांना पाणी, फळे, मास्क, सॅनिटायझर पुरविण्यात आले. संस्थेच्या फॅशन डिझाईन इन्स्टिट्यूटच्या विद्यार्थ्यांनी मास्क तयार करून वाटले. वैद्यकीय कर्मचारी, सफाई कामगार यांना पीपीई किटचे वाटप करण्यात आले.

**दर्जेदार शिक्षणासह सामाजिक बांधिलकी**

सूर्यदत्ता ग्रुपने दर्जेदार शिक्षणासह सामाजिक बांधिलकीची जाणीव नेहमीच जपलेली आहे. समाजातील गरजूना भरीव मदत करण्यासह कोरोनाबाबत नागरिकांमध्ये जनजागृती करण्याचे मोठे कार्य 'सूर्यदत्ता'ने केले. कोरोनापासून दूर राहण्यासाठी घ्यावयाची काळजी, कोरोना झाल्यास घाबरून न जाता धैर्याने सामोरे जाण्याचा मार्ग, यासह शिक्षण क्षेत्रातील बदलत असलेल्या गोष्टी, शिक्षणप्रणाली, नवतंत्रज्ञान आदींविषयी तज्ज्ञ व्यक्तींची मार्गदर्शन सत्रे, वेबिनार्स नियमितपणे चालू आहेत. कर्मचाऱ्यांनी आपल्या वेतनातील काही रक्कम संस्थेच्या कोरोना फंडात जमा केली आहे. ही रक्कम पंतप्रधान आणि मुख्यमंत्री रिलिफ फंडाला लवकरच देण्यात येणार आहे. या सामाजिक कार्यासह शिक्षण क्षेत्रात विद्यार्थ्यांसाठी सूर्यदत्ताच्या वतीने ऑनलाईन अभ्यासक्रम, आंतरशाखीय ज्ञान, आत्मनिर्भर भारत आदी विषयांवर विपुल मार्गदर्शन झाले.

**सुरक्षेसह प्रवेशप्रक्रिया सुरु**

सर्वच प्रकारच्या अभ्यासक्रमांसाठी प्रवेश सुरु केले आहेत. ऑनलाईन प्रक्रियेतून हे प्रवेश होत आहेत. माहितीसाठी येणाऱ्या विद्यार्थी-पालकांची तपासणी करून, तसेच मास्क व सॅनिटायझरचा वापर करून सोशल डिस्टनसिंग पाळून त्यांना प्रवेशाची माहिती दिली जात आहे. विद्यार्थी-पालकांनी

प्रवेशासाठी अथवा माहितीसाठी कॉलेजात येण्यापेक्षा संस्थेच्या www.suryadatta.org या संकेतस्थळावर किंवा admissionsuryadatta.edu.in या ईमेलवर किंवा ८९५६९३२४०२, ८९५६९३२४१८, ८९५६९३२४००, ७७७६०७२००० यावर संपर्क करण्याचे आवाहन करण्यात येत आहे.

**कोरोना योद्धयांप्रती कृतज्ञता**

कोरोनाच्या लढाईत अहोरात्र लढत असलेल्या डॉक्टर, वैद्यकीय कर्मचारी, सफाई कर्मचारी, पोलीस, पत्रकार आदी कोरोना योद्ध्यांच्याप्रती सूर्यदत्ताने नेहमी कृतज्ञता व्यक्त केली आहे. प्रा. डॉ. संजय चोरडिया आणि सुषमा चोरडिया यांच्या मार्गदर्शनाखाली हे कार्य पार पडत आहे. चोरडिया दाम्पत्याच्या पुढाकारातून झालेल्या या सामाजिक योगदानाबद्दल अनेक संस्थांनी सूर्यदत्ता ग्रुपला व डॉ. चोरडिया यांना 'कोरोना वॉरियर्स'चे प्रमाणपत्र देऊन सन्मानित केले आहे. यामध्ये 'डिक्की', सीओईपी, दिव्यांग क्रिकेट मंडळ, वर्ल्ड रेकॉर्ड बिनाले फाउंडेशन, भारतीय महाक्रांती सेना, सर्वश्रेष्ठ ब्राह्मण महासमिती मध्यप्रदेश, ऑल इंडिया इन्स्टिट्यूट ऑफ पब्लिक अँड फिजिकल हेल्थ सायन्स आदी संस्थांचा समावेश आहे. ●

## सुर्यदत्ता पब्लिक स्कूलचा निकाल १०० टक्के

पुणे : महाराष्ट्र राज्य माध्यमिक व उच्च माध्यमिक शिक्षण मंडळाच्या वतीने घेण्यात आलेल्या बारावीच्या परीक्षेत सुर्यदत्ता पब्लिक स्कूलने घवघवीत यश संपादन केले. यंदा 'एसपीएस'चा निकाल १०० टक्के लागला. विज्ञान शाखेचा निकाल ९८ टक्के, कला व वाणिज्य शाखेचा निकाल ९३ टक्के लागला आहे, असे प्राचार्या किरण राव यांनी सांगितले.

सुर्यदत्ता पब्लिक स्कूलच्या विद्यार्थ्यांनी मिळवलेल्या या यशाबद्दल संस्थेचे संस्थापक अध्यक्ष प्रा. डॉ. संजय चोरडिया व उपाध्यक्षा सुषमा चोरडिया यांनी विद्यार्थी, शिक्षक, शिक्षकेतर कर्मचारी, पालक या सर्वांचे अभिनंदन केले. ●

## JITO Administrative Training Foundation - JATF Golden Oppotunity for Jain Graduates

JITO Administrative Training Foundation (JATF) provides excellent lodging, boarding, coaching & support system at subsidised rates to all those who are interested in making a bright career either in the

UPSC Civil Services (as an IAS, IPS/IRS Officer), State PSCs (DC, Dy. SP)

Banking sector as Bank PO (Bank Manager),

Judiciary Services (Civil judge/ Magistrate)

IIT- getting admission into IITs

Hurry up Interested candidates! Please fill the registration form on following link. http://jatfadmission.org/index.php/user/registration_instruction

For UPSC Admissions Last date of registration is 5th Sep 2020 CET-2020 entrance exam on 13th Sep 2020(Sunday)

For Banking Admissions Last date of registration for Banking exam is 5th Sep 2020* *BEAT-I-2020 entrance exam on 13th Sep 2020.(Sunday)

Last date of registration for Judiciary Services is 24th Sep 2020

IIT admission at Kota Centre from August 2020 onwards. For more details you can visit-http:///www.jatfadmission.org or contact

Manish Jain, Delhi. 011-40046246/47/48
Nalini Rathod, Pune. 9423585832
Viviek Jain, Jaipur - 6378205352,
M.L. Nagori, Indore. 0731-2552590,
Dinesh Jain, Kota - 9414192490, 9950615300
Address of Delhi Center of JATF
JATF, C-2, East Park Road, Karol Bagh, New Delhi - 110005. ●

# उपाध्याय श्री प्रवीणऋषिजी म.सा. महावीर प्रतिष्ठान, पुणे – चातुर्मास



वर्ष २०२० अनेकानेक अनपेक्षित घटनाओं से प्रारंभ हुआ । आज संपूर्ण विश्व कोरोना जैसी महामारी से गुजर रहा है । संपूर्ण मानव जाती मानो हताश – निराशा में है और इस बिकट प्रसंग से बाहर निकलने के लिए इस संकट की घडी में हताश–निराश न होते हुए इसमें से बाहर निकलने के लिए एक सम्यग प्रयास इस वक्त जिनशासन के दैदिप्यमान संतरत्न – प्रबल पुरुषार्थी अर्हम् विज्जा प्रणेता प.पू. श्री प्रवीणऋषिजी म.सा. एवम् श्री तीर्थेशऋषिजी म.सा. कर रहे है ।

जैनियों का सबसे बडा त्यौहार पर्वाधीराज पर्युषण पर्व १५ अगस्त से प्रारंभ होने जा रहा है । पर्युषण पर्व बहुविध धार्मिक अनुष्ठानों से संपन्न हो इसलिए पू. गुरुदेव के सभी अनुष्ठान कार्यक्रम online live होंगे । you tube - Upadhyaya Praveen Rishiji चॅनल पर । आप सपरिवार इष्ठ मित्रोंसहित इसमें प्रार्थना, अंतगड श्रुतदेव आराधना, विशेष प्रवचन, प्रतिक्रमण जाप आदि का लाभ ले सकते है ।

विशेष २०१३ से जो 'घर पर्युषण स्थापना' प्रारंभ हुआ उपक्रम में भी जुडे औरों को भी जोडे । घर परिवार के सभी सदस्य जुंडेंगे – आनंद लेंगे तो घर में पर्युषण पर्व का पवित्र माहौल बन जायेंगा ।

महाराष्ट्र, तामिलनाडू, कर्नाटक, आंध्रप्रदेश, तेलंगना और कई राज्यों में लोग पर्युषण पर्व की स्थापना अपने घर आँगन में कर रहे है । आप भी इस शासन प्रभावना के अनुठे उपक्रम में जुडे ।

पर्युषण स्थापना उत्सव की संपूर्ण जानकारी आपको you tube - Upadhyaya Praveen Rishiji चॅनल पर है ।

उपाध्याय श्री प्रवीणऋषिजी म.सा. एवम् श्री तीर्थेशऋषिजी म.सा. ठाणा २ इनका महावीर प्रतिष्ठान में २८ जून २०२० को चातुर्मास प्रवेश संपन्न हुआ । १ जुलै से गुरुदेव के प्रभावी व्याख्यान सबेरे ९ से १० ऑनलाईन शुरु हो गये, यु ट्युब, फेसबुक, झूम ॲप इ. माध्यम से पुरे भारत में और विदेश से भी हजारों भक्तगण व्याख्यान सुनते हैं ।

गुरुदेव के चातुर्मास में हरसाल अनेक कार्यक्रम एवम् शिबीरों का आयोजन होता है, इस साल भी कोरोना के कारण सभी शिबीर ऑनलाईन संपन्न हो रहे है ।

* आचार्य श्री आनंदऋषिजी म.सा. इनका जन्म महोत्सव १४ से २१ जुलै के दौरान संपन्न हुआ । अपने प्रवचनों में गुरुदेवने आनंद गाथा – आचार्य श्री आनंदऋषिजी म.सा. इनका पूरा चरित्र लोगों के सामने रखा । इस आनंद महोत्सव में पुरे भारत वर्ष में लगभग १५०० आयंबिल और एकासना की अठाई संपन्न हुई, १५० अठाई, १५ उपवास, मासखमण इ. तपश्चर्या संपन्न हुई । २१ जुलै को पुरे भारत वर्ष व विदेश में आयंबिल तप संपन्न हुआ, १२ साल के कम उम्रवाले बच्चोंने जिन्होंने प्रतिक्रमण कंठस्थ किया उन बालकों को उनके माता को ''माँ हुलसा पुरस्कार'' की घोषणा हुई।

* दिनांक १५, १७, १९ जुलै को सबेरे ७ से ८ योग प्राणायाम, ध्यान, आहार, मार्गदर्शन शिबीर संपन्न हुआ ।

* दिनांक १३ से २४ जुलै रात को ९ से १० ''कर्मा शिबीर'' का आयोजन किया गया था, इस शिबीर में हजारों लोगोंने सहभाग लिया ।

* दिनांक २७ जुलै से २ ऑगस्त तक ''अर्हम् अष्टमंगल ध्यान साधना'' शिबीर का आयोजन रात ९ से १०.३० बजे तक हुआ । इस शिबीर में लोगोंने सहभाग लिया ।

※ ३ से ९ ऑगस्त तक ''अर्हम् डिस्कव्हर युवर सेल्फ'' में १० से १५ साल के बच्चों के लिये शिबीर का आयोजन होनेवाला है ।

संपर्क मो. ९९६२६५८०६८

※ १० से १४ ऑगस्त ''अर्हम् गर्भ साधना'' यह कपल के लिए शिबीर का आयोजन किया गया है ।

संपर्क मो. ९८२३५५५६६२

※ दिनांक १५ से २२ ऑगस्त तक ''पर्युषण पर्व'' आयोजन संपन्न होगा ।

※ २४ से ३० ऑगस्त – ''अर्हम् गर्भ साधना'' (Conceived Sadhak) यह कपल के लिए शिबीर आयोजन किया गया है । संपर्क मो. ९८२३५५५६६२

※ ३१ ऑगस्त से ६ सितंबर – १८ साल से उपर के लोगों के लिए ''अर्हम् पुरुषार्थ ध्यान साधना'' शिबीर का आयोजन किया । संपर्क मो. ९८९४२२७५२५

※ ७ से १३ सितंबर – ''अर्हम् मृत्युंजय संलेकना'', संथारा, साधना का आयोजन किया है ।

संपर्क मो. ९३०२१०५०००

※ १४ से २० सितंबर – १८ साल के उपर के लोगों के लिए ''सिक्रेटस् ऑफ कर्मा शिबीर'' आयोजन किया गया है । संपर्क मो. ९८८४८००८५४

※ २१ से २७ सितंबर को Arham Blissful Couple का शिबीर आयोजन किया है ।

संपर्क मो. ७४९९४७६६९२

※ २८ सितंबर से ४ अक्तुबर को ''अर्हम् पेरेंटिंग कपल शिबीर'' का आयोजन किया गया है ।

संपर्क मो. ९७६२४०३८५१

※ ५ से ११ अक्तुबर को ''अर्हम् योगा'' का शिबीर १५ साल से उपर उम्र के लोगों के लिए किया गया है। संपर्क मो. ९९००७४१६१०

※ १२ से १८ अक्तुबर को ''अर्हम् डिसकव्हर युवर सेल्फ'' शिबीर का१५ से ३० साल की उम्र के युवकों के लिए आयोजन किया गया है ।

संपर्क मो. ९९६२६५८०६८

※ १९ से २३ अक्तुबर ''अर्हम् फॅमिलि'' का शिबीर आयोजन किया गया है ।

संपर्क मो. ९३७१०००४०६

※ २५ अक्तुबर से १४ नवंबर – श्रुतदेव आराधना, १५ नवंबर – निर्वाण कल्याणक, १६–१ नवंबर भाईदुज ।

यह सब शिबीर उपाध्याय श्री प्रवीणऋषिजी म.सा. खुद ऑनलाईन लेनेवाले है ।

For more details contact us on :
Email id - hello.arhamvijja@gmail.com
Vist us - www.arhamvijja.org ●

## अरिहंत जागृती मंच, पुणे
## बॅ. वीरचंदजी गांधी जयंती मनाने के लिए मा. पंतप्रधान को पत्र

शिकागो –(अमरिका) यहाँ सन १८९३ में हुई पहली विश्व धर्म परिषद में बॅ. वीरचंदजी गांधी जैन धर्म के प्रतिनिधी थे । उन्होंने भारतीय संस्कृती और जैन धर्म के साथ हिन्दु, बौध्द धर्म की विश्व को पहचान कराई थी । भारतीय संस्कृती और जैन धर्म विषयपर अमरिका और इंग्लड में ५३५ व्याख्यान दिए । वे १४ भाषाओं के जानकार थे । जैन समाज के पहले बॅरिस्टर थे । उन्होंने भारत देश में आये हुए अकाल में अमरिका से बडी मात्रा में मदद इकठ्ठा करके भारत भेजी । उन्होंने पालिताना में आनेवाले लोगोंपर लगाया कर बंद करने का कामयाब प्रयत्न किया, मक्षीजी तीर्थक्षेत्र वाद न्यायिक रुपसे खत्म किया, श्री सम्मेद शिखरजी के निचे सुवर की चरबी निकालने का गैर कानूनी व्यवसाय कोर्ट ऑर्डर से बंद करवाया । ऐसे और बडे बडे कार्य जिन्होंने अपने सिर्फ ३७ साल की आयु में किये ऐसे बॅ. वीरचंद गांधी की जयंती २५ अगस्त के दिन है ।

जैन समाज रत्न बॅ. वीरचंद गांधी की जयंती राष्ट्रीय स्तरपर हरसाल मनाए जाने के लिए अरिहंत जागृती मंच, पुणे की ओरसे पंतप्रधान मा. श्री. नरेंद्र मोदीजी को विनती पत्र पहले लिखा था । याद दिलाने के लिए १६ जुलाई २०२० के दिन ई–मेल द्वारा वापस पत्र दिया है । ●

## गुण भी संक्रमित होते हैं : डॉ. दिलीप धींग

चेन्नई – अंतरराष्ट्रीय प्राकृत अध्ययन व शोध केन्द्र के निदेषक साहित्यकार डॉ. दिलीप धींग ने कहा कि अच्छा लिखना कला है और कला साधना और अभ्यास मांगती है। बिना साधना के श्रेष्ठ लेखक बनना संभव नहीं है। उपन्यासकार प्रेमचंद की जयंती के उपलक्ष्य में ३१ जुलाई को श्री लालबहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्था विश्वविद्यालय, नई दिल्ली के जैन दर्शन विभाग की ओर से आयोजित ई-व्याख्यान में 'जैनविद्या की लेखनकला' विषय पर उन्होंने कहा कि हिंदी और अन्य भारतीय भाषाओं के साहित्य की समृद्धि में जैन साहित्य का बड़ा योगदान है। डॉ. धींग ने कहा कि अच्छे रचनाकार से मित्रता रखनी चाहिये, क्योंकि गुण भी संक्रमित होते हैं। डॉ. धींग ने कहा कि सच्चे साहित्यकार को संत और सिपाही की तरह जीना होता है। शहीद के रक्त की तरह लेखक की स्याही भी पवित्र होती है। अत: साहित्यकार का सदैव सम्मान होना चाहिये। उन्होंने लेखनकला के विकास के लिए स्वाध्याय, अनुप्रेक्षा, श्रवण, पुनर्लेखन, पत्रलेखन आदि के अभ्यास पर बल दिया। अध्यक्ष प्रो. वीरसागर जैन ने कहा कि लेखनकला एक वरदान है, जो व्यक्ति को दीर्घजीवी बनाती है। संयोजक प्रो. अनेकांतकुमार जैन ने कहा कि लिखने से ज्ञान पक्का हो जाता है। विद्यार्थी लिखेंगे तो उत्तीर्ण होंगे। डॉ. कुलदीप कुमार ने धन्यवाद दिया और ऋषभ जैन ने संचालन किया। •


**जैन जागृति – सप्टेंबर २०२०**

**पर्युषण अंक**

**आजच या अंकाला जाहिरात द्या.**


## नवकार आर्ट फाउंडेशन जैन चित्रकारांसाठी व्यासपीठ उपलब्ध

पुणे – नवकार आर्ट फाऊंडेशनचे भारतातील व परदेशातील मिळुन पाचशे चित्रकार सक्रिय सदस्य आहेत. आजपर्यंत नवकार आर्ट फाउंडेशनने या चित्रकारांनी काढलेल्या चित्रांची बालगंधर्व कला दालन व अहमदनगर येथे सात प्रदर्शने भरविली असून प्रत्येक प्रदर्शनास अत्यंत उस्फूर्त प्रतिसाद मिळालेला आहे. तसेच रसिक प्रेक्षकांनी भरभरुन दाद दिली आहे.

या वेळेसही बालगंधर्व येथे मे २०२० दरम्यान चित्रांचे प्रदर्शन आयोजित केलेले होते, परंतु कोरोना व लॉकडाउनमुळे सदर प्रदर्शन रद्द करावे लागले. परंतु परिस्थितीशी हार न मानता नवकार आर्ट फाउंडेशनने आधुनिक तंत्रज्ञानाची मदत घेत सर्व चित्रांचे कायम स्वरुपी प्रदर्शन करता येईल अशी तसेच सदर चित्रे इच्छूक खरेदीदारांना योग्य किंमतीस विकत ही घेता येतील. या उद्देशाने एका ई-कॉमर्स वेबसाईटची (https://www.navkarartgroup.com) निर्मिती केली आहे.

दिनांक १ जुलै २०२० रोजी पुणे महानगर पालिकेचे नगरसेवक मा. प्रवीणजी चोरबेले व जैन समाजातील अग्रणी समाजसेवक आणि दरवर्षी रक्तदान शिबीरामध्ये रक्त गोळा करण्याचा उच्चांक करणारे ललितजी शिंगवी तसेच प्रसिध्द कलाकार दर्शना मुथ्था व अक्षत पालरेशा या मान्यवरांच्या हस्ते सदर वेबसाइटचे डिजीटल उद्घाटन झाले आहे. सध्या या वेबसाईटवरील प्रदर्शनात देश-विदेशातील ८५ चित्रकारांनी ५२० चित्रे प्रदर्शित केली असून प्रख्यात चित्रकार सुरेश लोणकर, मनोज साकळे, सुरभी गुळवेकर, स्नेहल राका व शेखर कलशेट्टी हे प्रसिध्द कलाकार या चित्रांचे परिक्षक म्हणून लाभले आहेत. पुण्यातील चित्रकार मनसुख छाजेड हे नवकार आर्ट फाउंडेशनचे संस्थापक असून सदर वेबसाईटची संकल्पना व निर्मिती महेंद्र नहार यांनी केली आहे. •

# जीवन-निर्माण के सूत्र

**आचार्यप्रवर श्री हस्तीमलजी म.सा.**

❊ महापुरुष अपनी जगहितकारी प्रवृत्तियों और कल्याण कामना से स्वयं याद आते है, वे याद कराये नहीं जाते।

❊ त्यागी होने पर भी जब तक साधु छद्मस्थ है- आहार, विहार और संग का प्रभाव होता ही है।

❊ गुरु और गुणीजनों की सेवा, बाल-जन का संग त्याग, स्वाध्याय और एकान्त चिन्तन भाव-निर्माण के साधन हैं।

❊ सद्भावों की लहरें कई बार आती हैं, परन्तु अनुकूल संग और वातावरण के बिना टिकती नहीं।

❊ जिसने सदाचार का पालन नहीं किया वह साहसी और निर्भय नहीं रह सकता।

❊ शासन एवं धर्म-रक्षण का कार्य केवल साधुओं का ही समझना भूल है, साधु की तरह श्रावक संघ का भी उतना ही दायित्व है।

❊ श्रावक-श्राविकाओं के द्वारा स्वाध्याय अध्यात्मबल से पुष्ट होना चाहिए।

❊ सद्दृष्टि के अभाव में शास्त्र शस्त्र बन जाता है।

❊ लोभ-मोह पर जिसका अंकुश है वह स्व-पर का हित कर सकता है।

❊ सैकड़ों आदमी आपके सम्पर्क में आते हैं। यदि व्यवहार के साथ अहिंसा , निर्व्यसनता आदि का प्रचार करें तो अच्छा काम हो सकता है।

❊ साधक महिमा-पूजा और सत्कार को भी परीषह मानता है। उसमें प्रसन्न होना, फूलना एवं अहंकार करना अपनी कमाई को गँवाना है।

❊ संघ का कर्तव्य गुणी जन का आदर करना है।

❊ गुणप्रेमी अपनी कर्तव्य समझकर सत्कार-सम्मान करे या गुणानुवाद करे, परन्तु साधक को उसमें निर्लेप रहना चाहिए।

❊ गृहस्थ चाहे पूर्ण पाप या आरम्भ परिग्रह का त्यागी नहीं है, फिर भी उसका लक्ष्य पाप घटाने का होना चाहिए।

❊ वीतरागवाणी का यह महत्त्व है कि वह सुख-दुख के कारणों को समझाकर प्राणी को कुमार्ग से बचाती एवं सुमार्ग में जोड़ती है।

❊ जो मन में कुछ और रखता है तथा बोलता कुछ और है, वह धर्म का अधिकारी नहीं होता।

❊ मनमाना या इच्छानुकूल नहीं चलकर स्वआत्मा के नियन्त्रण में चलना ही स्वतन्त्रता है।

❊ गुरु से कपट करने वाला शिष्य शिक्षा के अयोग्य होता है।

❊ कामी सौन्दर्य में कृत्रिमता करता है।

❊ यदि एक विद्वान सही अर्थ में धर्माराधन से जुड़ जाता है तो वह अनेक भाई-बहनों के लिए प्रेरणा का स्तम्भ बन जाता है।

❊ असंयम दुख और संयम सुख का कारण है।

❊ प्रतिदिन सामायिक का अभ्यास विषमभाव को घटाकर मन में समभाव की सरिता बहाने वाला है।

❊ महर्षियों ने धर्म का सार तीन बातों में कहा है- १. आत्मा को वश में करो, २. पर आत्मा को अपने समान समझो और ३. परमात्मा का भजन करो। ●


**।। स्मृतिवंदन ।।**



**स्व. जडीबाई चंगेडिया**

**(२९ ऑगस्ट २००३)**


**भावपूर्ण श्रध्दांजली !**

**चंगेडिया परिवार**

**'उत्तम मेडिकल्स' कर्वे रस्ता, पुणे ४११००४**

**फोन : २५४४०९९३**

॥ सवीसावे पुण्यस्मरण ॥



स्व. श्री. बन्सीलालजी जेठमलजी गांधी

संस्थापक - अशोक बुक स्टॉल, नारायणगाव

स्वर्गवास-श्रावण शु. प्रतिपदा दि. ८ ऑगस्ट १९९४

॥ प्रथम पुण्यस्मरण ॥



स्व. श्रीमती शकुंतलाबाई बन्सीलालजी गांधी

स्वर्गवास : श्रावण शु. १४ राखी पौर्णिमा

दि. १४ ऑगस्ट २०१९

स्मृतीची एक ज्योत मनामध्ये तेवणारी, अगत्य अन सचोटी प्रमाण मानणारी,
प्रामाणिकता सच्चेपणा चिरंतन जपणारी, तुमच्या स्मृतीरुपाने मनामनात प्रकाशणारी,
आम्हां सर्वांची आपणांस भावपूर्ण श्रध्दांजली !

चंद्रकांत–सौ. निर्मला    सुर्यकांत–सौ. साधना    अशोक– सौ. ज्योती    राजकुमार–सौ.साधना

सुहास – सौ. प्रिति    सचिन – सौ. रेश्मा    संदीप – सौ. वर्षा    संकेत – सौ. सोनम

सुयोग, संस्कृती, समृद्धी, महावीर, लब्धी, रिदान, धैर्य एवं गांधी परिवार

सौ. पुष्पलता विजयलालजी नहार (पुणे)    सौ. अरूणा सतीषलालजी कटारीया (पुणे)

सौ. विजया प्रमोदलालजी मुनोत (काष्टी)    सौ. स्विटी मोहीतजी गुगळे (अहमदनगर)

डॉ. राजाराम खाशेराव जगताप (आप्पा) केंजळ


❖ **सी.बी.गांधी :** सराई पेठ, जुन्नर, जि. पुणे. फोन : (०२१३२) २२२१३१ मो. ९८८११२३५०१

❖ **अशोक** ❖

❖ बुक स्टॉल
❖ स्टोअर्स
❖ ट्रेडर्स ॲण्ड इलेक्ट्रॉनिक्स

अशोका शॉपिंग सेंटर, एस. टी. स्टँण्डजवळ, नारायणगाव, ता. जुन्नर, जि. पुणे–४१०५०४

फोन : (०२१३२) २४२०९९, २४३२९९ सुर्यकांत – ९८८११२३५३१, अशोक – ९८८११२३५५१, राजकुमार – ९८८११२३८८१

❖ **सौरभ कन्स्ट्रक्शन** ❖

श्रीनिवास रेसिडेन्सी, शांतीशिला लेन,
फ्लॅट नं. ४, फिल्म इन्स्टिट्युट जवळ, एरंडवणा,
पुणे – ४. सुहास – मो. ९९२२४१८२०१

डी–२, रजत अपार्टमेंट, रत्ना मेमोरियल हॉस्पिटल शेजारी,
सेनापती बापट रोड, शिवाजीनगर,
पुणे – ४११०१६. सचिन – मो. ९९२२४१८०००

## रसिकलाल एम. धारिवाल फाऊंडेशन द्वारा 'पुलकछाया' उपक्रमातून देशभर वृक्षारोपन



करोनाचा सर्वत्र प्रसार होत असतांना सर्वकडे चिंतेची बाब व त्याबाबतच्या बातम्याच प्रसारित होत होत्या मात्र यात एक सकारात्मक बाब म्हणजे रसिकलाल एम. धारिवाल फाऊंडेशन द्वारा संपूर्ण भारतभर वृक्षारोपन उपक्रम राबविण्यात येत आहे. भारत गौरव राष्ट्रसंत उपाधीने सन्मानित जैन आचार्य श्री पुलकसागरजी महाराजजी यांच्या पन्नासाव्या जन्मदिनाचे औचित्य साधून रसिकलाल एम. धारिवाल फाऊंडेशनच्या उपाध्यक्षा शोभा आर. धारिवाल यांनी पुलकछाया या नावाने भारतभर वृक्षारोपन व संवर्धन स्पर्धा पुलकमंच शाखा द्वारे सुरु केली आहे

भारतभर वेगवेगळ्या राज्यांमध्ये कार्यरत ३०० पुलकमंच शाखा पैकी ५१ पुलकमंच शाखांची निवड फौंडेशन द्वारे करण्यात आलेली आहे. सुरुवातीस त्यांच्या द्वारेच पुलकछाया उपक्रमाची अंमलबजावणी करण्यात येत आहे . आतापर्यंत जयपूर, उदयपूर, इंदोर, कोलारस, ग्वालियर, वर्धा, मुंबई, नागपूर इत्यादी जिल्ह्यातून प्रती शाखाद्वारे ५१ व १११ वृक्षांची लागवड करण्यात आलेली असून उर्वरित शाखा वृक्षारोपणाच्या तयारीत आहेत व पावसाळा संपेपर्यंत २५०० झाडांची लागवड केली जाणार असल्याचे व झाडांची निवड करतांना विशेषतः भारतीय प्रजातीचे झाडे जी वर्षभर निरंतर सावली देऊ शकेल, पाण्याचा जमिनीतील स्रोत कायम ठेवतील, आयुर्वेदिक औषधी युक्त व ज्या झाडांवर पक्षी आपले घरटे बांधू शकतील जसे नीम, आंबा, कंचन, महोगनी, बकुळ, इत्यादी वृक्षांचीच निवड या उपक्रमात करण्यात आलेली आहे तसेच पुलकमंचचे इतर २५० शाखाही प्रत्येकी ११ झाडं लावणार आहेत एकूण ५००० पेक्षा अधिक झाडे लावण्यात येतील अशी माहिती शोभा आर. धारिवाल यांनी दिली. ●

## महाराष्ट्र शासन अल्पसंख्याक विकास विभाग शैक्षणिक कर्ज योजनेचा लाभ घ्या

महाराष्ट्र शासनाचे, अल्पसंख्याक विकास विभाग मंत्रालय, मुंबई अंतर्गत असलेल्या मौलाना आजाद अल्पसंख्याक आर्थिक विकास महामंडळ मर्या., मुंबई मार्फत महाराष्ट्र राज्यातील अल्पसंख्याक (मुस्लिम, बौध्द, जैन, सिख, ख्रिश्चन, पारसी व ज्यू) या समुदायातील गरजु विद्यार्थ्यांकरिता व्यवसायिक, तांत्रिक या सारख्या उच्च अभ्यासक्रमा करिता (उदा. MBA, MBBS, BAMS, BE, IT) online शैक्षणिक कर्ज योजनेचे अर्ज सन २०२०-२०२१ या वर्षासाठी स्विकारली जात आहे. तसेच अर्ज online भरविण्यात येत आहे. या योजनेचे जास्तीत जास्त अल्पसंख्याक समुदायातील विद्यार्थ्यांना फायदा व्हावा यासाठी या योजनेची सुरुवात करण्यात आलेली आहे आणि जिल्हा कार्यालयात संपूर्ण कागदपत्रांसह हे अर्ज संपूर्ण जमा करण्यात यावी. अधिक माहिती करीता संबधित जिल्हा कार्यालय व महामंडळाच्या https://mamfdc.maharashtra.gov.in या संकेतस्थळावर संपर्क करा. तसेच online अर्ज https://malms.maharashtra.gov.in या लिंकवर आहेत. ●

**समाजाची आवड, समाजाची निवड**
**जैन जागृति**

## श्री. नेमिचंदजी राका – निधन



नाशिक : जैन समाजाचे कार्यकर्ते श्री. नेमिचंदजी नेनसुखजी राका यांचे वृद्धापकाळाने नुकतेच निधन झाले. नेमिचंद राका हे अतिशय धार्मिक वृत्तीचे होते. गेली अनेक वर्षे महावीर जयंतीचे कार्यक्रम संपन्न करण्यात त्यांचा मोठा वाटा होता. जैन समाजाच्या विविध उपक्रमांमध्ये त्यांचा मोठा सहभाग असे.

जैन जागृति मासिकाच्या सुरुवातीला श्री. कांतीलालजी चोरडिया यांना पत्र प्रचारास मदत केली होती. जैन जागृति मासिकातील 'हास्य जागृति' हे कॉलम मधील विनोद ते अनेक वर्ष पाठवत होते. पत्रकारितेत काम करतांना नाशिक जिल्हा पत्रकार संघामध्ये ते क्रियाशील बनले होते.

त्यांनी ऑल इंडिया जैन कॉन्फ्रेंस, श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ, जैन सोशल ग्रुप मेन, सकल जैन सेवा संघ, निमाणी मंगल कार्यालय, जैन ओसवाल बोर्डींग आदी संस्थांवर त्यांनी विविध पदे भूषविली.

विनोदी व हजरजबाबी हा त्यांचा स्वभाव होता. सर्वांची मने सांभाळतांना ते स्वतः नम्र राहत असत. त्यांच्या पश्चात एन. राका ॲडव्हर्टायझिंगचे संचालक नितीन राका, सुवर्णा लोढा (अहमदनगर) व मीना छाजेड (पिंपळगाव बसवंत) या दोन विवाहित कन्या, जावई, सून, नातवंडे असा परिवार आहे.

## श्रीमती आनंदीबाई गांधी – निधन



तळेगाव दाभाडे येथील आनंदीबाई मोहनलाल गांधी (उंबरवाला) वय – ८५ यांचे ४ जुलै २०२० रोजी तळेगाव दाभाडे येथे निधन झाले. त्यांच्या पश्चात ३ मुले, सुना, ३ मुली, नातवंडे असा परिवार आहे.

## साध्वी श्री मंगलज्योतिजी म.सा. – संथारा



साध्वी रत्न प.पु. श्री मंगलज्योतिजी म.सा. यांना ३ ऑगस्ट रोजी देवलाली, नाशिक रोड येथे समाधी मरण प्राप्त झाले. या दिवशी त्यांचा ४८ वा उपवास होता.

## पारस उद्योग समुहाचे संस्थापक व अध्यक्ष श्री. माणकचंदजी बोथरा यांचे दुःखद निधन



नगर येथील पारस ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रिजचे संस्थापक व बोथरा परिवारातील जेष्ठ श्री. माणकचंदजी घेवरचंदजी बोथरा यांचे ४ ऑगस्ट २०२० रोजी हृदयविकाराने दुःखद निधन झाले ते ७९ वर्षांचे होते.

५२ वर्षांपुर्वी श्री. माणकचंदजी बोथरा यांनी पारस या शेती उपयुक्त अवजारांची निर्मितीस प्रारंभ केला. पारस नांगर व नांगरफाळ या उत्पादनातुन त्यानी अद्ययावत शेतीसाठी आधुनिक मशिनरीज्चे उत्पादन सुरू केले. नगर-पुणे रोडवर बोथरा फौंड्री या संस्थेची स्थापना केली व त्यानंतर त्यांच्या मार्गदर्शनाखाली पारस उत्पादनांनी भरारीचा वेग घेतला. आतापर्यंत नियमितपणे ते आपल्या समुहात येवून मार्गदर्शन देत. अत्यंत शिस्तप्रिय व प्रामाणिक उद्योगपती म्हणुन त्यांचा लौकिक होता. समाजातील सर्व धार्मिक उपक्रमांना त्यांनी भरभरून मदत केली. पूज्य आनंदऋषिजी हॉस्पिटलच्या उभारणीपासुन आतापर्यंत त्यांनी रूग्ण बांधवांसाठी मोठे योगदान दिले. त्यांचे मागे ३ मुले पेमराज, संतोष व सतिष तसेच एक मुलगी सौ. मंगल व सुना, नातवंडे असा मोठा परिवार आहे.

## ''सत्यनोद्पधते धर्म:''

**लेखक : उपाध्याय श्री विशालमुनिजी म.सा.**

जिसके जीवन में सरलता, सच्चाई, इमानदारी व पवित्रता आ गई, अथवा मन, वचन, काया में एकरुपता आ गई, तो उसका जीवन शुध्द, सरल व पवित्र हो जाता है। ऐसे स्वरुप में पहुँचना ही हमारा धर्म एवं स्वभाव है। सच्चाई, ईमानदारी व सरलता को जीवन में धारण करने वाले ही धर्मात्मा होते हैं। आप लोग धर्मात्मा बनने के लिए जहाँ हो वहाँ सच्चाई व इमानदारी से जीने का अभ्यास करें।

सच्चाई के बिना साधना नहीं हो सकती, इसलिए शास्त्रों में सत्य को पाना भगवान को पाना कहा। 'सत्य ही भगवान है' कहा गया है। जीवन के निर्माण, आत्मसमाधान के लिए किसी भी तर्क, फरेब, छल, तरह-तरह की बुध्दिमत्ता की कोई आवश्यकता नहीं, वकालत की भी जरुरत नहीं है। हमने जीवन के चारों ओर जो जंजाल पैदा किया हुआ है। धार्मिक जीवन के लिए उस जंजाल की आवश्यकता भी नहीं है। उसे न मान-सम्मान, उपेक्षा, लोग क्या कहते हैं, दुनिया क्या कहेगी, इसकी चिंता है, न तर्क, उहापोह की। धार्मिक चीजों के लिये इनकी कोई जरुरत नहीं है। हम समझते है जितना कर्मकांड करेंगे, पूजा-पाठ करेंगे, तीर्थयात्रा करेंगे, दिखावा करेंगे, उतने बड़े धर्मात्मा बनते जायेंगे। इसी आशा में, भ्रमजाल में, हम सब उपद्रव करते रहते हैं। यह उपक्रम हमें धर्मात्मा नहीं बनाती बल्कि हमारे संसार को ही बढ़ाती है। असत्य को छिपाने के लिए तर्क की, वकालत की, उपद्रवों की जरुरत होती हैं। सत्य के लिए इसकी कोई जरुरत नहीं होती। जैसे अग्नि का स्वभाव गर्म है तो गर्म है, उसे सिध्द करने के लिए तर्क की जरुरत नहीं। उसमें हाथ डालो या उसके पास जाओ अनुभव हो जायेगा। पानी का स्वभाव ठंडा है, उसके लिए कुछ सिध्द करने की जरुरत नहीं, थोड़ी देर खुला रख दो ठंडा हो जायेगा। इसी प्रकार हर पदार्थ का अपना स्वभाव होता है। आत्मा का भी अपना स्वभाव अपना स्वरुप है। उसके लिये किसी प्रकार के जंजाल या दिखावे की जरुरत नहीं। सत्य तो सत्य होता है, उसके लिए आडंबर की जरुरत नहीं होती। बस उसमें जीना सीख ले। जो सच्चाई को जीवन में उतार लेता है वह जंजालों से छुटकारा पा लेता है। वहीं से उसकी आत्मसाधना शुरु हो जाती है। दुख आए, सुख आए, किसी भी प्रकार की स्थिति हो वह सद्‌भाव, विनम्रता व सादगी में रहता है, ऐसी स्थिति में साधना शुरु होती है।

जहाँ सरलता, पवित्रता आ गई, मन, वचन, काया एक लाइन में आ गई, वह जीवन शुध्द सरल व पवित्र जीवन हो जाता है। मनस्येकं वचस्येकं काचस्येकं महात्मनाम् मनस्यान्यद् वचस्यन्याद काय स्यन्याद् दुरात्मनां। ऐसा जीवन ही हमारा धर्म है। ऐसी स्थिति में पहुँचना, जीवन की सर्वोच्च स्थिति में पहुँचना है। यह स्थिति मात्र गंगा नहाने, तीर्थयात्रा करने व शरीर का दूषण करने से भी प्राप्त नहीं होती। सरलता ही धर्म का शुध्द रुप है। ऐसे जीवन में धर्म का निवास होता है। यदि सरलता, विनम्रता, एकरुपता के बगैर साधना की जाती है तो, ये ही कल्याणकारी साधनाएँ संसार के जंजाल बन जाते हैं। जहाँ सरलता घटित होती है तो संसार छूटता चला जाता है। जंजाल तो झूठ, तर्क-वितर्कों से बढ़ता है।

जहाँ है, वहीं सच्चाई से जीने से बढ़कर, कोई धर्म नहीं है। इसलिए आप जहाँ है, जिस स्थिति में भी है राजा हो रंक हो किसी भी जाति धर्म के हो, किसी ओहदे पर हो, सच्चाई व ईमानदारी से जीए। अच्छा, पवित्र जीवन जीए। कभी यह मत सोचो, यह काम कर लेंगे तो धर्म के मार्ग पर होंगे। वह ओहदा प्राप्त हो जायेगा तो धर्मात्मा बनेंगे ऐसा सोचने वाला कभी धर्मात्मा नहीं बन सकता। समय बदलेगा, ओहदा बदलेगा तब हम धर्मात्मा बनेंगे, ऐसा सोचना, अपने आप को धोखा देना है। कहीं भी रहकर इंसान अपनी

